अमोनिया का एक पीपीएम से अधिक का स्तर पता लगाने योग्य हाइड्रोजन सल्फाइड का स्तर विषाक्त माना जाता है और संवर्धित झींगों के लिए तनाव का कारण बनता है। सल्फाइड विषाक्तता के शमन के लिए अलग किए गए जीवाणुवीय एनरिचमेंट्स सल्फाइड और अमोनिया हटाने में प्रभावकारी पाए गए। खारा जलीय वातावरण में सल्फाइड और अमोनिया मेटाबोलाइट्स के प्रभावी बायो-

रेमेडिएशन के लिए केमोआटोट्रॉफ़िक और हेटरोट्रॉफ़िक बैक्टीरियल कंसोर्टिया के एन-रिचमेंट्स के संयोजन को एक प्रोबायोटिक के रूप में विकसित किया जा सकता है।

संभावित गट (आंत) एवं पर्यावरणीय प्रोबायोटिक के रूप में लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया का विशेषीकरण

5 से 25 पीपीटी तक की लवणता वाले पी. वन्नामेय पालन तालाबों से अलग किए गए लैक्टिक एसिड बैक्टीरियल आइसोलेट्स में झींगा रोगजनकों के विरूद्ध जीवाणुरोधी गतिविधि, उत्कृष्ट ऑटो-एग्रीगेटिव गतिविधि और हाइड्रोफोबिसिटी के गुणों को प्रदर्शित करने की गट प्रोबायोटिक क्षमता होती है, इसके अलावा, मृदा एवं जल के बायोरेमेडिएशन की भी क्षमता होती है। आइसोलेट्स के बीच कोई एंटागोनिस्टिक गतिविधियां न होने के कारण जलीय कृषि उत्पादन प्रणालियों में संभावित मल्टीपल कॉकटेल गट और पर्यावरणीय प्रोबायोटिक के रूप में इसके उपयोग का सुझाव देती है।

अमोनिया और नाइट्राइट ऑक्सीडाइजिंग बैक्टीरिया का अलगाव

अमोनिया ऑक्सीडाइजिंग बैक्टीरिया (एओबी) और नाइट्राइट ऑक्सीडाइजिंग बैक्टीरिया (एनओबी) को फ्रेंच बीन (*फेजियोलस वल्गेरिस*) की जड़ से अलग किया गया था, जिसे 16S rRNA जीन अनुक्रमण *स्फिंगोबैक्टीरियम* एसपी के रूप में पहचाना गया और *स्फिंगोबैक्टीरियम* एसपी एसडीकेआर-सी-13 के रूप में नामित किया गया। आइसोलेट लवण-सहिष्णु पाया गया और अनुक्रम को एनसीबीआई को परिग्रहण संख्या OQ396674 के तहत प्रस्तुत किया गया। अमोनिया और नाइट्राइट को कम करने में *स्फिंगोबैक्टीरियम* एसपी SDKRC-13 के प्रभाव का पता लगाने के लिए तरूण *पी. वन्नामेय* झींगों पर एक परीक्षण अध्ययन किया गया जो पालन के 15 और 35 दिनों पर में नाइट्राइट के स्तर में महत्वपूर्ण कमी दर्शाया है और 35 डीओसी पर कुल अमोनिया नाइट्रोजन (TAN) के स्तर में काफी कमी देखी गई। इस अध्ययन के आधार पर, यह कहा जा सकता है कि विशेष रूप से आइसोलेट स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी। SDKRC-13 जल प्रोबायोटिक्स के निर्माण में एक अच्छे उम्मीदवार के रूप में कार्य कर सकता है, जो अमोनिया और नाइट्राइट जैसी जहरीली गैसों के स्तर को कम कर सकता है।

पश्चिम बंगाल के खारा जलीय क्षेत्रों में स्रोत जल और तालाब की मिट्टी का गुण चित्रण

दक्षिण-24 परगना जिला, पश्चिम बंगाल में स्रोत जल और तालाब की मिट्टी की विशेषता ने संकेत दिया कि अधिकांश मिट्टी की बनावट दोमट और चिकनी मिट्टी की है, जिसका अनुकूलतम पीएच 7.5-8.5 है। मिट्टी की बड़ी संख्या में जैविक कार्बन, उपलब्ध नाइट्रोजन और उपलब्ध फास्फोरस की कमी है। अधिकांश जलीय नमूनों में लवणता स्तर 10 पीपीटी से कम है। कुल मिलाकर, सभी क्षेत्र खारा जलीय कृषि के लिए उपयुक्त हैं, जिनमें उर्वरता की स्थिति को बढ़ाने के लिए वर्ष में एक बार मिट्टी में खाद डालने की सिफारिश की गई है।

पिंजरा पालन के लिए मुत्तुकाडु मुहाना और अडयार क्रीक की उपयुक्तता

मुत्तुकाडु मुहाना और अडयार क्रीक की जलीय गुणवत्ता ऋतुओं से प्रभावित होती है। वर्ष भर की जलीय गुणवत्ता निगरानी, समुदायों द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता को प्रभावित किए बिना अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए खाड़ी में और आसपास के क्षेत्र में पिंजरा/पेन पालन शुरू करने के लिए एक उपयुक्त मौसम का सुझाव देती है।

मिल्कफिश के जीवन चरणों की तापीय सहनशीलता

मिल्कफिश के जीवन चरणों की तापीय सहिष्णुता सीमाओं के अध्ययन हेतु किए गए 30 दिनों के लंबे तापमान अनुकूलन परीक्षण के अंत में पता चला कि ऑक्सीजन की खपत के लिए न्यूनतम तापमान गुणांक (Q10) मूल्यों और लार्वा, पोनों, अंगुलिकाओं और स्टंटेड इयरलिंग्स की अनुकूलन प्रतिक्रिया अनुपात (एआरआर) के आधार पसंदीदा तापमान क्रमशः 280, 300, 30-320, और 340 से. हैं।

खारा जलीय कैटफ़िश, *मिस्टस गुलियो*, एक जलवायु-लचीली मछली की परिपक्वता, प्रजनन और लार्वा पालन के लिए आदर्श लवणता

मिस्टस गुलियो (हैम.), खारा जलीय कृषि के लिए व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण जलवायु-लचीली प्रजाति है। प्रयोग के परिणामों से पता चला कि यद्यपि *एम. गुलियो* ने 0-20 पीपीटी की लवणता के बीच यौन परिपक्वता प्राप्त की और इनमें अंडजनन भी हुए, परन्तु प्रजनकों के विकास, प्रजनन और लार्वा पालन के लिए आदर्श लवणता 0-10 पीपीटी के बीच है।

झींगा, पीनियस वन्नामेय में तापमान तनाव में सुधार में लिपिड स्तर का प्रभाव

तापमान तनाव को कम करने के लिए, पी. वन्नामेय के तरूण झींगों पर 45 दिनों तक एक प्रयोग किया गया था जिसमें झींगों को तीन अलग अलग जलीय तापमानों में पाला गया और दो अलग अलग स्तरों की लिपिड सामग्री वाले आहार खिलाया गया। विभेदक जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण और बायोइंफॉर्मेटिक्स टूल्स द्वारा मेटाबॉलिक पाथवे दर्शाया है कि प्रायोगिक स्थितियों के तहत उच्च लिपिड उपचार पाइरूवेट मेटाबॉलिज्म, टीसीए चक्र और एएमपीके सिग्नलिंग पाथवे जैसे एनर्जी मेटाबॉलिज्म में शामिल मेटाबॉलिज्म पाथवे को अप-रेगुलेट कर सकता है और संभावित रूप से तापमान तनाव को कम कर सकता है।

झींगे, पीनियस वन्नामेय में ईएचपी लोड पर लवणता में आकस्मिक बदलाव का प्रभाव

झींगों के हेपाटोपेंक्रियास में *एंटेरोसाइटोजून हेपाटोपेनाई* (ईएचपी) लोड पर लवणता का 25 से 5 और 15 पीपीटी तक में आकस्मिक बदलाव के प्रभाव के अध्ययन से पता चला है कि आकस्मिक बदलाव के 48 घंटे और 2

सप्ताह के बाद ईएचपी प्रतिलिपि संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी।

झींगा उपज वर्गीकरण मॉडल का निर्माण

जलीय कृषि प्रक्षेत्रों को निम्न, मध्यम और उच्च उपज वाले प्रक्षेत्रों (फार्मों) में वर्गीकृत करने के लिए विभिन्न मशीन लर्निंग मॉडल जैसे लॉजिस्टिक रिग्रेशन, मल्टीलेयर परसेप्ट्रॉन, सपोर्ट वेक्टर मशीन, डिसीजन ट्री और रैंडम फ़ॉरेस्ट को लागू किया गया था, जो दस गुना क्रॉस-वैलिडेशन मॉडल और मॉडल आउट-पुट पैरामीटर के माध्यम से प्राप्त सटीकता के आधार पर रैनडम फॉरेस्ट मॉडल को प्रक्षेत्रों (फार्मों) के वर्गीकरण करने के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया।

ग्लोबल वार्मिंग सम्भावनाओं में झींगा पालन का योगदान : जीवन चक्र मूल्यांकन (एलसीए) दृष्टिकोण

हैचरी, फीड मिल और खेती की प्रणालीगत सीमाओं के साथ भारत में *पी. वन्नामेय* खेती से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों की मात्रा और तुलना करने के लिए जीवन चक्र मूल्यांकन का उपयोग किया गया था। झींगा हैचरी, फीड मिल और झींगा खेती की ग्लोबल वार्मिंग सम्भावनाएं (GWP) क्रमशः 331, 704 और 3,230 किलोग्राम CO_2eq थी, जो दर्शाता है कि खेती प्रमुख चरण है, जो GHG उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देती है। GWP में योगदान देने वाला प्रमुख हॉटस्पॉट बिजली और डीजल के संदर्भ में ऊर्जा का उपयोग है।

झींगा फ़ीड मिल से ग्लोबल वार्मिंग की सम्भावनाओं को कम करने के लिए वैकल्पिक मॉडल

फिश मील की अनुपलब्धता और उच्च लागत के कारण फिश मील के विकल्प के रूप में पादप प्रोटीन स्रोतों के साथ वैकल्पिक फ़ीड सूत्रण विकसित किए जा रहे हैं। इन विकसित आहारों का झींगा विकास प्राचलों पर प्रभावकारिता परीक्षण के अलावा ग्लोबल वार्मिंग सम्भावनाओं के आकलन हेतु इनका जीवन चक्र मूल्यांकन किया गया। FR-0, FR-50, FR-60, और FR-70 के साथ GWP क्रमशः 704, 660, 651 और 642 किग्रा CO_2eq था, जो फिश मील के विकल्प के रूप में प्रतिस्थापित फ़ीड की स्थिरता को दर्शाता है।

झींगा किसानों की तकनीकी दक्षता को प्रभावित करने वाले जलवायु परिवर्तन की घटनाओं के अनुकूलन के उपाय

यह समझने के लिए कि क्या जलवायु परिवर्तन (सीसी) के नकारात्मक प्रभावों को दूर करने के लिए किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली अनुकूलन रणनीतियों से उनकी दक्षता में सुधार करने में मदद मिल सकती है, झींगा पालन पर सीसी घटनाओं की संभावना, परिणाम और जोखिम रेटिंग पर किसानों की (एन = 250, नेल्लोर जिला, आन्ध्रा प्रदेश) धारणा के साथ साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अपनाई गई अनुकूलन रणनीतियां पिछले 10 वर्षों का एकत्रित किया गया था। जलवायु और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने वाले घटनाओं को शामिल करके गणना की गई किसानों की तकनीकी और आर्थिक दक्षताओं ने संकेत दिया कि जिन किसानों ने चक्रवात और बाढ़ के नकारात्मक प्रभाव को सफलतापूर्वक दूर कर लिया है, उनके दक्षता स्तर में वृद्धि हुई है।

मैंग्रोव रेड स्नैपर का संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण

लुत्जनस अर्जेन्टिमाकुलैटस, जलीय कृषि एक्वाकल्चर के लिए एक संभावित प्रत्याशी प्रजाति है क्योंकि यह एक यूरीहैलाइन मछली है, जो मीठे, खारे और समुद्री आवासों में बढ़ने में सक्षम है और इसे बंद परिस्थितियों में आसानी से पाला जा सकता है। संपूर्ण जीनोम सूचना डेटा, एल. अर्जेंटिमाकुलैटस के जीनोमिक्स के लिए एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा। इस मछली के जीनोम असेंबली का इस प्रजाति के संरक्षण और प्रबंधन में संभावित अनुप्रयोग होगा, जो भविष्य में चयनात्मक प्रजनन कार्यक्रमों में मदद करेगा। *लुत्जेनस अर्जेन्टिमाकुलैटस* की ड्राफ्ट जीनोम असेंबली ने 699 नंबर के साथ 1.04 जीबी की जीनोम लंबाई का खुलासा किया जिसमें 12 एमबी की N50 लंबाई वाले कॉन्टिग्स हैं।

मुगिल सेफालस में ओवेरियन स्टेरॉयडोजेनिक एंजाइम जीन अभिव्यक्ति

अपरिपक्व मादाओं की तुलना में ओवेरियन स्टेरॉइडोजेनिक एंजाइम जीन के जीन ट्रांसक्रिप्ट्स् विटेलोजेनिक मादाओं में अधिक थे और ग्रे मलेट्स में परिपक्वता के दौरान प्लाज्मा एस्ट्रोजन के स्तर के साथ एक सकारात्मक सहसंबंध प्रदर्शित किया।

पीनियस इंडिकस में अत्यधिक लवणता और तापमान तनाव से जुड़े मेटाबोलिक पाथवेस

अत्यधिक लवणता और तापमान तनाव के कारण *पी. इंडिकस* में पाथवे स्तर को समझने के लिए प्रयोग ने लिपिड चयापचय, तनाव प्रतिक्रियाओं और फॉस्फोमिथाइलथेनॉलमाइन, 6-फॉस्फोग्लुकोनेट डिहाइड्रोजनेज, सेल ग्रोथ-रेगुलेटिंग न्यूक्लियर प्रोटीन, साइटोक्रोम P450 और विकास प्रोटीन के अवरोधक जैसे नियामक तंत्र के लिए जीन एन्कोडिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

पीनियस वन्नामेय में स्वदेशी माइक्रोबियल बायोमार्कर

इन सिलिको मेटा-विश्लेषण के माध्यम से, *एसिनेटोबैक्टर* और *अल्टेरोमोनास* को क्रमशः पी. वन्नामेय के लिए स्वास्थ्य और रोग की अवस्था के लिए संभावित माइक्रोबियल बायोमार्कर के रूप में पहचाना गया। झींगा स्वास्थ्य के लिए सुक्रोज पर्यावरण और पीढ़ी के लाभकारी सूक्ष्म जीवों की भूमिका, *एसिनेटोबैक्टर, बिफीडोबैक्टीरियम, ब्रेवुंडिमोनस* और *ल्यूटिबैक्टर* का प्रलेखन किया गया है।

पर्लस्पॉट फुल-सिब परिवार और उनका विकास प्रदर्शन : चयनात्मक प्रजनन पर एक पहल

छह पर्लस्पॉट फुल-सिब परिवारों को एमई-एस तालाब के पिंजरों में रखा गया था और 360 दिनों के बाद उनके विकास का प्रदर्शन देखा गया था। 360 डीपीएच के बाद परिवारों का औसत वजन 85 से 125 ग्राम के बीच पाया गया था। उत्तरजीविता दर 77 से 95% तक थी।

पीनियस इंडिकस में तनाव संबंधी जीन अभिव्यक्ति

तीन सप्ताह की अवधि के लिए कम लवणता तनाव (5 पीपीटी) पर qRT-PCR द्वारा कार्बोनिक एनहाइड्रेज (CA), सोडियम पोटेशियम ATPase (Na+/K+-ATPase), क्रस्टिन, प्रो फिनोल ऑक्सीडेज (PPO), पेरोक्सीनेक्टिन, बीटा ग्लूकेन बाइंडिंग प्रोटीन (BGBP), सुपर ऑक्साइड डिसम्यूटेज (SOD) और हेमोसायनिन की जीन अभिव्यक्ति को मापा गया था। CA, Na+/K+-ATPase, PPO और BGBP के एक्सप्रेशन लेवल को अप-रेगुलेटेड देखा गया।

पर्लस्पॉट के लिए क्रोमोजोम-स्तरीय जीनोम असेंबली

पर्लस्पॉट के लिए 344 स्कैफोल्ड्स में 1.275 जीबी की असेंबली लंबाई और 50.27 एमबी के एन50 मीट्रिक के साथ एक क्रोमोजोम-स्तरीय जीनोम असेंबली तैयार की गई थी। असेंबली में 98.9% BUSCO पूर्णता है।

झींगें की खेती में रोग प्रमुख जोखिम है और 45% तक उत्पादन हानि के साथ *एंटेरोसाइटोजून हेपाटोपेनाई* (ईएचपी) के कारण होने वाला हेपाटोपैंक्रिएटिक माइक्रोस्पोरिडिओसिस (एचपीएम) एक प्रमुख उत्पादन जोखिम है। यह अनुमान लगाया गया है कि झींगा पालन 4% प्रीमियम के साथ प्रति वर्ष ₹750 करोड़ की फसल बीमा व्यवसाय सम्भावनाएं प्रदान करता है। इसी तरह, झींगा पालन के लिए सूक्ष्म ऋण की आवश्यकता प्रति वर्ष ₹13,000 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया था, जो वर्तमान में उच्च ब्याज दरों पर अनौपचारिक लेनदारों द्वारा पूरा किया जा रहा है।

नर्सरी, प्री-ग्रो आउट और ग्रो-आउट चरणों के साथ-साथ पिंजरों में एशियाई सीबास मछली पालन के आर्थिक विश्लेषण पर काम किया गया और दोनों प्रणालियों में लाभदायक पाया गया। सीबास केज फार्मिंग की औसत तकनीकी दक्षता 0.91 थी जो यह दर्शाता है कि किसान दिए गए इनपुट के साथ अधिकतम संभावित उत्पादन का 91% उत्पादन करने में सक्षम थे।

तटीय गांवों में प्रचलित मत्स्य पालन और जलीय कृषि आधारित आजीविका को उजागर करने के लिए पीआरए अभ्यासों का उपयोग करते हुए कृषि प्रणाली के आरेख तैयार किए गए थे।

झींगा किसानों द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न नर्सरी मॉडल के तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन ने संकेत दिया कि वे ग्रो-आउट उत्पादन के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज प्रदान करने, एक वर्ष में दो से अधिक फसलों के साथ उच्च उत्पादन, जोखिम न्यूनीकरण और लाभदायक झींगा खेती के मामले में कुशल थे।

पिंजरा जलीय कृषि के लिए वायरलेस सेनर नेटवर्क आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉनिटरिंग सिस्टम के विकास के लिए मशीन लर्निंग आधारित सुगेनो डेटा एग्रीगेशन मॉडल उपयुक्त पाया गया।

जलीय कृषि के किसानों, उनकी उत्पादन प्रणालियों और खेती के तरीकों के बारे में जानकारी को संग्रहीत करने और पुनः प्राप्त करने के लिए एक्काकल्चर इंफॉर्मेशन सिस्टम (एआईएस), एक वेब आधारित एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर विकसित किया गया था।

सस्टेनेबल लाइवलीहुड फ्रेमवर्क विश्लेषण से पता चला है कि फिश वेस्ट टू वेल्थ तकनीक को अपनाने से तटीय परिवारों की आजीविका की स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव (26%) पड़ा है।

तटीय ग्रामीणों को रोजगार और आय प्रदान करने के लिए वैकल्पिक आजीविका विकल्प के रूप में उपलब्ध प्राकृतिक जल संसाधनों का उपयोग करने वाली एकीकृत मल्टी-ट्रॉफिक एक्काकल्चर (IMTA) की पहचान की गई थी।

अनुसूचित जाति उप योजना के तहत, संस्थान ने आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों के सात अलग-अलग स्थानों में 3098 अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के कल्याण के लिए व्यवहार्य खारा जल कृषि प्रौद्योगिकियों पर जागरूकता अभियान, किसान बैठकें, व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रदर्शन आयोजित किए। इस कार्यक्रम के तहत 420 लाभार्थियों के लिए आठ प्रशिक्षण कार्यक्रम; 100 लाभार्थियों के लिए बीज, चारा, बाड़ सामग्री, पिंजरों आदि जैसे कृषि आदानों के वितरण के साथ छह ऑन-फार्म परीक्षण; 94 लाभार्थियों के लिए पांच अग्रपंक्ति निरूपण और विभिन्न गांवों के 2,470 लाभार्थियों को शामिल करने वाले 14 जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया।

अनुसूचित जनजाति घटक (एसटीसी) के तहत, ऑन-फ़ार्म/ऑन-साइट प्रदर्शन (170 लाभार्थी), व्यावहारिक प्रशिक्षण (130 लाभार्थी) और तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में जलीय कृषि और संबद्ध प्रौद्योगिकियों पर जागरूकता शिविर (835 लाभार्थी) आयोजित किए गए। इन विकासात्मक हस्तक्षेपों से प्रति क्लस्टर ₹0.3 लाख से ₹11.39 लाख की सीमा में आदिवासी समुदायों के लिए आजीविका उत्थान और आय सृजन प्राप्त हुआ।

परिचय

खारा जलीय कृषि, तटीय कृषि-पारिस्थितिक तंत्र में एक महत्वपूर्ण खाद्य उत्पादन प्रणाली है, जो मछली उत्पादन के लिए अन्यथा अनुपयोगी तटीय जल और भूमि क्षेत्र का उपयोग करती है। देश में खारा जलीय कृषि के विकास के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में काम करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तहत वर्ष 1987 में केंद्रीय खारा जलजीव पालन संस्थान की स्थापना की गई थी। संस्थान का मुख्यालय चेन्नई, तमिलनाडु में स्थित है और चेन्नई से लगभग 30 किमी दक्षिण में मुत्तुकाडु (एमईएस) में एक प्रायोगिक फील्ड स्टेशन है। एक दूसरी प्रायोगिक कृषि सुविधा, जो कोवलम में स्थित मुत्तुकाडु बैकवाटर्स में लगभग 64 एकड़ में फैली हुई है, को हाल ही में खेती के बुनियादी ढांचे के विस्तार के रूप में जोड़ा गया है। संस्थान के दो अनुसंधान केंद्र हैं, एक पूर्वी तट पर पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में और दूसरा भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात के नवसारी में। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य भारत के पूर्वी और पश्चिमी तट पर क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य के साथ जलीय कृषि विकास की जरूरतों को पूरा करना है।

भारत प्रमुख समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक में से एक है; प्रमुख वस्तु के रूप में झींगा सहित लगभग 1.67 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 8.43 लाख टन की खेती की जाती है। 2021-22 के दौरान, 7.28 लाख टन के फ्रोजेन झींगा निर्यात से लगभग 5.83 बिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई। खारा जलीय कृषि और इसके सहायक उद्योग लाखों लोगों की आजीविका का समर्थन करते हैं। समुद्री आहार दुनिया भर में सबसे अधिक कारोबार वाली वस्तुओं में से एक है और इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। चूँकि अधिकांश प्रग्रहण मात्स्यिकी का अत्यधिक दोहन हो चुका है, मांग को पूरा करने के लिए जलीय कृषि ही एकमात्र विकल्प है। इसके अलावा, मीठे पानी के संसाधन दुर्लभ हैं और अन्य मानवीय जरूरतों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जलीय कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए खारा पानी सबसे अच्छा विकल्प है। अनुमान है कि 1.2 मिलियन हेक्टेयर उपलब्ध खारे जलीय क्षेत्र के संसाधनों में से अब तक मुश्किल से 15 प्रतिशत का ही उपयोग किया जा सका है। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात बेल्ट में उपलब्ध लगभग 8 मिलियन हेक्टेयर लवण प्रभावित अंतर्स्थलीय क्षेत्रों को भी खारा जलीय कृषि के अंतर्गत लाया जा सकता है। हालाँकि झींगा पालन खारा जलीय कृषि विकास का अगुआ होगा, जो हर साल राष्ट्रीय आय में 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक ला रहा है, लेकिन जलीय कृषि को और अधिक लचीली बनाने के लिए फ़िनफ़िश पालन को भी विकसित करने की आवश्यकता है। फ़िनफ़िश खेती अधिक टिकाऊ है और जलवायु परिवर्तन,

बीमारियों और मूल्य भिन्नता जैसे कई मुद्दों का सामना करती है। झींगा पालन में रोग प्रमुख उत्पादन जोखिम बने हुए हैं और हेपेटिक माइक्रोस्पोरिडिओसिस (ईएचपी), व्हाइट स्पॉट सिंड्रोम (डब्ल्यूएसएसवी) और संक्रामक मायोनेक्रोसिस रोग (एलएमएनवी) वर्ष 2022 के दौरान खेती वाले झींगा में अधिक प्रचलित थे।

आईसीएआर-सीबा खारा जलीय कृषि के विकास के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान करने में उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेती के लिए एसपीएफ़ टाइगर झींगा की शुरूआत एक स्वागत योग्य विकास है और इससे विविधीकरण में मदद मिलेगी, वर्ष 2022-23 के दौरान ब्लैक टाइगर झींगा के निर्यात में 74% की वृद्धि के साथ क्षेत्र प्रदर्शन के परिणाम उत्साहजनक हैं। इसी तरह, भारतीय सफेद झींगा पीनियस इंडिकस को भी बढ़ावा देने की जरूरत है और प्रजातियों का चयनात्मक प्रजनन एक प्राथमिकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि खेती की गई झींगा की घरेलू खपत बढ़ रही है और घरेलू बाजार के लिए आंशिक कटाई का मॉडल विकसित हो रहा है।

2022 के दौरान, अनुसंधान फोकस और प्रमुख प्रयासों को स्वदेशी प्रजातियों, भारतीय सफेद झींगा और सीबास पर केंद्रित किया गया ताकि उनकी विपणन सम्भावनाओं का दोहन किया जा सके। एक बीमा योजना द्वारा किसानों की बीमा और संस्थागत ऋण तक पहुंच स्थापित करना बहुत महत्वपूर्ण है जो किसानों की आय को बहुत तेजी से समय सीमा में दोगुना करने में मदद करेगा। आईसीएआर-सीबा इस क्षेत्र की जरूरतों और प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) जैसी राष्ट्रीय नीति के अनुरूप काम कर रहा है और राज्य एवं केंद्रीय विभागों को तकनीकी इनपुट प्रदान कर रहा है। वर्तमान अनुसंधान फोकस और प्रयास स्वदेशी प्रजातियों, भारतीय सफेद झींगा और सीबास की विपणन सम्भावनाओं का दोहन करने के लिए निर्देशित हैं। हमने दो महत्वपूर्ण और नवीन पहल की हैं, जैसे कि पीएमएमएसवाई के तहत समर्थन के साथ भारतीय सफेद झींगा का चयनात्मक प्रजनन कार्यक्रम और ओरिएंटल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स के सहयोग से विकसित झींगा फसल बीमा उत्पाद। उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी भारत के अंतर्स्थलीय खारे भूजल संसाधनों के कारण झींगा पालन की प्रथाओं ने अच्छा आकार ले लिया है। हालाँकि, इस प्रणाली की स्थिरता, नई प्रजातियों के साथ विविधीकरण और विशिष्ट सर्वोत्तम जलीय कृषि प्रथाओं के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और किसान-अनुकूल प्रथाओं के मूल्यांकन की आवश्यकता है।

आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और पोषण सुरक्षा के लिए टिकाऊ और सुरक्षित समुद्री आहार प्रदान करना संस्थान का उद्देश्य है। सीबा जलीय कृषि को अधिक लचीला बनाने में हितधारकों की व्यापक भागीदारी में विश्वास करता है। सीबा झींगा पालन के लिए बीमा उत्पाद विकसित करने के लिए संस्थागत बीमा कंपनियों के साथ काम कर रहा है। संस्थान ने प्रौद्योगिकी संचार के रूप में मोबाइल एप्लिकेशन विकसित और लॉन्च किया है और कृषि स्तर पर वास्तविक समय आधारित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करता है।

वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2022 के दौरान भाकृअनुप-केन्द्रीय खारा जलजीव पालन संस्थान की प्रगति पर व्यापक संकलन का एक संग्रह है। यह पिछले वर्ष के दौरान किए गए बुनियादी ढांचे के विकास और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों का सार भी बताती है। संस्थान द्वारा अपने अधिदेश के अनुसार आयोजित कार्यक्रमों और घटनाओं के बारे में पर्याप्त जानकारी प्रदान की गयी है।

विजन

सीबा अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता की खोज के माध्यम से खारा जलीय कृषि में दुनिया के अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों में से एक के रूप में अपनी भूमिका की परिकल्पना करता है जो देश में स्थायी खारा जलीय कृषि के आधुनिकीकरण और विकास में योगदान देता है।

मिशन

हमारा मिशन बुनियादी और व्यावहारिक अनुसंधान के माध्यम से इस दृष्टिकोण को साकार करना है, और टिकाऊ खारा जलीय कृषि के विकास के लिए भारतीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त तकनीकी बैकस्टॉपिंग प्रदान करना है, जो अति आवश्यक आहार, पोषण सुरक्षा, रोजगार, आर्थिक कल्याण और सामाजिक विकास प्रदान करेगा।

अधिदेश

- खारे जल में फिनफिश और शेलफिश के लिए तकनीकी-आर्थिक रूप से व्यवहार्य और टिकाऊ पालन प्रणालियों के लिए मौलिक, रणनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान।
- खारा जलीय कृषि में प्रजाति और प्रणाली विविधीकरण।
- एक व्यवस्थित डेटाबेस के साथ खारे पानी के मत्स्य संसाधनों पर सूचना के भंडार के रूप में कार्य करना।
- प्रशिक्षण, शिक्षा और विस्तार के माध्यम से मानव संसाधन विकास, क्षमता निर्माण और कौशल विकास।

संगठनात्मक ढांचा


Organogram
अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी)
मुख्यालय, चेन्नई, तमिलनाडु प्रयोगात्मक स्टेशन मुत्तुकाडु एवं कोवालम में
संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी)
क्रस्टाशियन पालन प्रभाग
फिनफिश पालन प्रभाग
पोषण, आनुवंशिकी एवं जैवप्रौद्योगिकी प्रभाग
जलीय जीव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण प्रभाग
सामाजिक विज्ञान प्रभाग
अनुसंधान केन्द्र काकद्वीप प. बंगाल
अनुसंधान केन्द्र नवसारी, गुजरात
प्राथमिकता, निगरानी एवं मूल्यांकन एकक (पीएमई)
संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन एकक (आईटीएमयू)
सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधन एकक (यूआईटीएम)
मानव संसाधन विकास (एचआरडी)
पुस्तकालय एवं प्रलेखन एकक
प्रशासन
भंडार
लेखा व वित्त
हिन्दी एकक
अभियांत्रिकी एकक

एकीकृत बजट : 2022-23

क्र.सं.	लेखा शीर्ष का नाम	एकीकृत बजट (₹ लाख में)		
		संशोधित आकलन (आरई) 2022-23	31.3.2023 तक खर्च	31.3.2023 को अंत शेष
1	2	3	4	5
पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान (पूंजी)				
1	कार्य			
	(ए) भूमि			
	(बी) भवन	91.84	91.84	0.00
	i. कार्यालय भवन			
	ii. आवासीय भवन			
	iii. मैनर वर्क्स			
2	उपकरण	46.30	46.30	0.00
3	सूचना प्रौद्योगिकी	8.51	8.51	0.00
4	पुस्तकालय के पुस्तक एवं जर्नल	2.24	2.24	0.00
5	वाहन एवं नौकाएं	0.00	0.00	0.00
6	पशुधन			
7	फर्नीचर एवं फिक्सचर्स	31.11	31.11	0.00
8	अन्य (टीएसपी)	15.00	15.00	0.00
9	अन्य (एससीएसपी)	15.00	15.00	0.00
	कुल पूंजी (पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान)	**210.00**	**210.00**	**0.00**
सहायता अनुदान - वेतन (राजस्व)				
1	**स्थापना व्यय**			
	(ए) वेतन			
	i. स्थापना व्यय			
	ii. मजदूरी			
	iii. समयोपरि भत्ता			
	(बी) ऋण एवं अग्रिम			
	कुल-स्थापना व्यय (सहायता अनुदान-वेतन)	**2683.00**	**2683.00**	**0.00**

क्र.सं.	लेखा शीर्ष का नाम	एकीकृत बजट (₹ लाख में)		
		संशोधित आकलन (आरई) 2022-23	31.3.2023 तक खर्च	31.3.2023 को अंत शेष
सहायता अनुदान – सामान्य (राजस्व)				
1	**पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ**	**2296.00**	**2296.00**	**0.00**
2	**यात्रा भत्ता**	**30.87**	**30.87**	**0.00**
	(ए) घरेलू टीए/ स्थानांतरण टीए			
	(बी) विदेशी टीए			
	कुल – यात्राा भत्ता	30.87	30.87	0.00
3	**अनुसंधान एवं परिचालन व्यय**			
	(ए) अनुसंधान व्यय	122.90	122.90	0.00
	(बी) परिचालन व्यय	267.63	267.63	0.00
	कुल - अनुसंधान एवं परिचालन व्यय	**390.53**	**390.53**	**0.00**
4	प्रशासनिक व्यय			
	(ए) मौलिक सुविधाएं	208.16	208.16	0.00
	(बी) संचार	1.85	1.85	0.00
	(सी) मरम्मत एवं रखरखाव			
	i. उपकरण, वाहन एवं अन्य	37.79	37.79	0.00
	ii. कार्यालय भवन	32.62	32.62	0.00
	iii. आवासीय भवन			
	iv. मैनर वर्क्स	17.60	17.60	0.00
	(डी) अन्य (टीए छोड़कर)	157.80	157.80	0.00
	कुल – प्रशासनिक व्यय	**455.82**	**455.82**	**0.00**
5	विविध व्यय			
	ए. एचआरडी	12.99	12.99	0.00
	बी. अन्य मद (फेलोशिप, स्कॉलरशिप आदि)			
	सी. प्रचार एवं प्रदर्शनियां	6.79	6.79	0.00
	डी. अतिथि गृह - रखरखाव	3.00	3.00	0.00
	ई. अन्य विविध (टीएसपी)	50.00	50.00	0.00
	एफ. अन्य (एससीएसपी)	80.00	80.00	0.00
	कुल- विविध व्यय	**152.78**	**152.78**	**0.00**
	कुल राजस्व (सहायता अनुदान-वेतन + सहायता अनुदान - सामान्य)	**6009.00**	**6009.00**	**0.00**
	कुल योग (पूंजी+राजस्व)	**6219.00**	**6219.00**	**0.00**

कर्मचारियों की स्थिति

31.12.2022 तक सीबा चेन्नई की कैडर शक्ति			
पद	**स्वीकृत**	**भरा हुआ**	**रिक्त**
निदेशक (आर.एम.पी.)	1	1	0
प्रमुख / केंद्र प्रमुख / प्र. वै.	7	0	7
वरिष्ठ वैज्ञानिक	14	7	7
वैज्ञानिक	52	52	0
तकनीकी अधिकारी/तकनीकी सहायक	22	17	5
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	1	1	0
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	1	0	1
प्रशासनिक अधिकारी	1	1	0
सीएफएओ / उप निदेशक वित्त	1	0	1
वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी	1	1	0
सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी	1	1	0
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	4	4	0
प्रधान निजी सचिव	1	1	0
निजी सचिव	2	2	0
निजी सहायक	3	2	1
सहायक	13	2	11
अपर श्रेणी लिपिक	5	3	2
अवर श्रेणी लिपिक	6	3	3
कुशल सहायक कर्मचारी	29	13	16
कुल	**165**	**111**	**54**

अनुसंधान परियोजनाएं

इन-हाउस परियोजनाएं (अवधि : अप्रैल 2021 – मार्च 2024)

क्र.सं.	परियोजना कोड	परियोजना शीर्षक	प्रधान अन्वेषक	सह-प्रधान अन्वेषक
क्रस्टाशियन पालन प्रभाग				
1	FISHCIBASIL 202100100140	प्रौद्योगिकी उन्नयन और विविधिकृत प्रणालियों के प्रोटोकॉल का अनुकूलन तथा सतत दृष्टिकोण के माध्यम से क्रस्टाशियन प्रजातियों	डॉ. अक्षय पाणिग्रही	डॉ. (श्रीमती) एम. जयंती, डॉ. सी.पी. बालासुब्रामणियन, डॉ. (श्रीमती) एन. रेखा, डॉ. एस. कनप्पन, डॉ. (श्रीमती) षैन आनंद, सुश्री लीसा प्रियदर्शनी, श्री जोस एंथोनी, श्री आर. अरविंद, डॉ. एन. एस. सुधीर, श्री बीजू आई. प्रांसिस, डॉ; विनय टी. नागराजू, डॉ. के. अंबाशंकर, डॉ. टी.के. घोषाल, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. इजिल प्रवीणा, डॉ. आर. गीता, डॉ. संजॉय दास, श्री पंकज पाटिल।
2	FISHCIBASIL 202100200141	खारा जलजीव पालन के लिए प्रत्याशी क्रस्टाशियन प्रजातियों का कैप्टिव परिपक्वता, प्रजनन जीवविज्ञान एवं लार्वा पालन।	डॉ. सी.पी. बालासुब्राम-णियन	डॉ. (श्रीमती) एम. जयंती, डॉ. अक्षय पाणिग्रही, डॉ. एस. कनप्पन, डॉ. (श्रीमती) एन. रेखा, डॉ. (श्रीमती) षैन आनंद, डॉ; विनय टी. नागराजू, डॉ. एन. एस. सुधीर, श्री जोस एंथोनी, श्री बीजू आई. प्रांसिस, श्री आर. अरविंद।
फिनफिश पालन प्रभाग				
3	FISHCIBASIL 202100300142	उन्नत कैप्टिव पालन प्रणालियों के तहत खारे जल की प्रत्याशी फ़िनफ़िश प्रजातियों के प्रजनन और बीज उत्पादन के लिए हैचरी प्रौद्योगिकियों का विकास	डॉ. एम. कैलासम	डॉ. एम. मकेश, डॉ. आर. जयकुमार, डॉ. के.पी. कुमारगुरू वसागम, डॉ. टी. सेंथिल मुरूगन, डॉ. कृष्णा सुकुमारन, डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. आरित्रा बेरा, सुश्री बबीता मंडल, श्री पंकज अमृत पाटिल, श्री तनवीर हुसैन, श्री दानी थॉमस, डॉ. आर. सुब्बुराज

4	FISHCIBASIL 202100400143	खारे जल में फ़िनफ़िश पालन के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन	डॉ. आर. जयकुमार	डॉ. एम. कैलासम, डॉ. एम. मकेश, डॉ. टी. सेंथिल मुरूगन, डॉ. कृष्णा सुकुमारन, डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. आरित्रा बेहरा, सुश्री बबीता मंडल, श्री तनवीर हुसैन, श्री दानी थॉमस, श्री पंकज अमृत पाटिल, डॉ. आर. सुब्बुराज।
जलीय पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रभाग				
5	FISHCIBASIL 202100500144	उम्मीदवार प्रत्याशी खारा जलीय प्रजातियों में मौजूदा/उभरती बीमारियों की जांच और प्रभावी प्रबंधन के लिए निवारक/उपचार रणनीतियों का विकास	डॉ. के. पी. जितेन्द्रन	डॉ. एम. पूर्णिमा, डॉ. पी. के. पाटिल, डॉ. एस. के. ओट्टा, डॉ. संजॉय दास, डॉ. आर. आनन्द राजा, डॉ. पी. इजिल प्रवीणा, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. टी. भुवनेश्वरी, डॉ. विद्या राजेन्द्रन, डॉ. टी. सतीश कुमार, डॉ. लीसा प्रियदर्शनी
6	FISHCIBASIL 202100600145	खारा जलीय कृषि में तालाब की मिट्टी और पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास	डॉ. एम. मुरलीधर	डॉ. आर. सरस्वती, डॉ. पी. कुमार राजा, डॉ; सतीशा अवंजे, डॉ. ए. नागावेल, डॉ. एम. जयन्ती, डॉ. आरित्रा बेरा, श्री जोस एंथोनी
7	FISHCIBASIL 202200100151	भारत में अंतर्स्थलीय लवणीय जलकृषि विकास : संभावनाएँ और चुनौतियाँ (आईडीपी)	डॉ. एम. मुरलीधर	डॉ. के. पी. जितेन्द्रन, डॉ. एम. जयन्ती, डॉ. सी.पी. बालासुब्रामणियन, डॉ. एम. कैलासम, डॉ. के. अंबाशंकर, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. पी. के. पाटिल, डॉ. के.पी. कुमारगुरू वसागम, डॉ. आर. आनन्द राजा, डॉ. पी. कुमार राजा, डॉ. सतीशा अवंजे, डॉ. आरित्रा बेरा, श्री के.पी. संदीप, श्री जोस एंथोनी

पोषण, आनुवंशिकी एवं जैवप्रौद्योगिकी प्रभाग				
8	FISHCIBASIL 202100700146	खारे जल की मछली और शेलफिश प्रत्याशी प्रजातियों के आणविक और आनुवंशिक लक्षण वर्णन के लिए जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान दृष्टिकोण को एकीकृत करना	डॉ. एम. एस. शेखर	डॉ. शर्ली टॉमी, डॉ. बी. शिवमणि, डॉ. के. विनय कुमार, श्री अशोक कुमार जंगम, डॉ. जे. रेमंड जानी एंजल, सुश्री मिषा सोमन
9	FISHCIBASIL 202100800147	बेहतर विकास और स्वास्थ्य के लिए टिकाऊ एक्वा फ़ीड फॉर्मूलेशन और फीडिंग दृष्टिकोण।	डॉ. के. अंबाशंकर	डॉ. जे. श्यामा दयाल, डॉ. टी.के. घोषाल, डॉ. देबासिस डे, डॉ. के.पी. कुमारगुरू वसागम, श्री के.पी. संदीप, श्री टी. शिवारामकृष्णन, डॉ. एन. ललिता
सामाजिक विज्ञान प्रभाग				
10	FISHCIBASIL 202100900148	सतत विकास के लिए खारा जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों संचार और सामाजिक-आर्थिक वैधीकरण	डॉ. सी. वी. साईराम	डॉ. टी. रविशंकर, डॉ. बी. शांति, डॉ. डी. डेबोराल विमला, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. पी. महालक्ष्मी, डॉ. आर. गीता
सीबा - काकद्वीप शोध केंद्र				
11	FISHCIBASIL 202101100150	सुंदरबन के किसानों की आजीविका सुरक्षा के लिए खारा जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों का विकास और इसका प्रसार (आईडीपी)	डॉ. देबासिस डे	डॉ. टी.के. घोषाल, डॉ. संजॉय दास, डॉ. प्रेम कुमार, सुश्री बबीता मंडल, सुश्री लीसा प्रियदर्शनी, डॉ. एन.एस. सुधीर, श्री आई. एफ. बीजू, सुश्री मिषा सोमन
सीबा-न.गु.शे.क				
12	FISHCIBASIL 202101000149	उत्तर-पश्चिम तटीय क्षेत्र में खारा जलीय पालन हेतु शेलफिश एवं फिनफिश की लागत प्रभावी प्रौद्योगिकियों का सतत विकास (आईडीपी)	श्री जोस एंथोनी	श्री पंकज ए. पाटिल, श्री तनवीर हुसैन, डॉ. एम. कैलासम, डॉ. सी.पी. सुब्रामणियन, डॉ. पी. महालक्ष्मी, डॉ. आर. सरस्वती, डॉ. के. अंबाशंकर

राष्ट्रीय प्राथमिकता वाली परियोजनाएं (प्रायोजित/प्लान स्कीम)

क्र. सं.	परियोजना कोड	परियोजना शीर्षक	वित्तीय स्त्रोत	सहयोगात्मक अंतर प्रभागीय / अंतर संस्थागत	प्रधान अन्वेषक	सह-प्रधान अन्वेषक	परियोजना अवधि	बजट आउटले (रूपए लाखों में)
1	FISHCIBACOP 200800300036	खारा जलीय मछलियों एवं झींगा के आहार और पोषक तत्वों की रूपरेखा पर आउटरीच गतिविधि	आईसीएआर – सीबा एसएफसी प्लान स्कीम	अंतर – संस्थागत	डॉ. के. अंबाशंकर	डॉ. जे. श्यामा दयाल, डॉ. टी.के. घोषाल, डॉ. देबाशीष डे,, डॉ. कुमारगुरू वसागम, श्री के.पी. संदीप, श्री शिवारामकृष्णन	अप्रैल 2021 – मार्च 2023	144.12
2	FISHCIBACOP 201100100057	जलवायु लचीली कृषि पर राष्ट्रीय पहल (निक्रा)- जलीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव और जलकृषि क्षेत्र से ग्रीनहाउस गैसों को न्यूनतम करने के लिए शमन विकल्प	आईसीएआर – निक्रा	अंतर – संस्थागत	डॉ. एम. मुरलीधर	डॉ. (श्रीमती) एम. जयंती, डा. जे. श्यामा दयाल, डॉ. ए. पाणिग्रही, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. आर. सरस्वती, श्री जे. अशोक कुमार, डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. पी. कुमार राजा, डॉ. एन. ललिता, डॉ. आर. गीता, डॉ. आरित्रा बेरा, डॉ. सतीशा अवंजे, श्री सतीश कुमार, श्री जोस एंथोनी, डॉ. ए. नागवेल	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	40.75
3	FISHCIBASOL 201800400096	INFAAR - नेटवर्क रोगाणुरोधी प्रतिरोध	आईसीएआर – एसएफसी प्लान स्कीम (21-23) पर सीबा परियोजना आईसीएआर-प्लान	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – एनबीएफजीआर)	डॉ. एस. के. ओट्टा	डॉ. टी. भुवनेश्वरी, डॉ. विद्या राजेन्द्रन	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	-
4	FISHCIBASOL 201800700099	सजावटी मछली पर नेटवर्क : संभावित और उभरती सजावटी मछली प्रजातियों के लिए बंद प्रजनन प्रोटोकॉल के अनुकूलन के माध्यम से खारा जलीय पालन का विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और आजीविका सृजन	आईसीएआर – एसएफसी प्लान स्कीम (21-23) पर सीबा परियोजना आईसीएआर-प्लान	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – एमएफआरआई)	डा. एम. कैलासम	डॉ. एम. मकेश, डॉ. के.पी. कुमारगुरू वसागम, डॉ. टी. सेथिल मुरूगन, डॉ. कृष्णा सुकुमारन, ङॅ. प्रेम कुमार, डॉ. आरित्रा बेरा, सुश्री बबीता मंडल, श्री दानी थॉमस, श्री तनवीर हुसैन	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	-

5	FISHCIBASOL 202000100104	सीआरपी-जीनोमिक्स-भारतीय सफेद झींगा पनियस इंडिकस में आर्थिक गुणों को बढ़ाने के लिए जीनोमिक संसाधन और खारा जलीय कृषि की प्रत्यायी प्रजातियों की संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण।	आईसीएआर-प्लान स्कीम	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – बीएफजीआर)	डॉ. एम. शशि शेखर	डॉ. के. विनय कुमार, श्री जे. अशोक कुमार, डॉ. रेमंड जे. एंजल, डॉ. एम. कैलासम	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	60.00
6	FISHCIBASOL 202000200105	आल इंडिया नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन फिश हेल्थ	आईसीएआर-प्लान स्कीम	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – सीबा)	डॉ. पी. के. पाटिल	डॉ. एस. के. ओट्टा, डॉ. आर. आनन्द राजा, डॉ. टी. भुवनेश्वरी, डॉ. सतीशा अवंजे, डॉ. आर. सरस्वती, डॉ. पी. कुमार राजा, श्री अशोक कुमार, डॉ. पी. इजिल प्रवीणा, डॉ. टी. रविशंकर, डॉ. आर. गीता	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	50.00
7	FISHCIBASOL 202000300106	कृषि जैव सूचना विज्ञान केंद्र (CABin) - न्यूट्रीजेनोमिक्स दृष्टिकोण का उपयोग करके अजैविक स्ट्रैस के लिए झींगों के आहार में परिवर्तन की जांच पर नेटवर्क परियोजना	आईसीएआर-प्लान स्कीम	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – ईएएसआरआई)	श्री अशोक कुमार जंगम	डॉ. जे. श्यामा दयाल, डॉ. एम. शशि शेखर, डॉ. के. विपय कुमार, श्री के. पी. संदीप, डॉ. शायने आनन्द	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	112.50
8	FISHCIBASOL 202200600123	जलीय पशु रोगों के लिए राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम (एनएसपीएएडी) - 1.तमिलनाडु में जलीय पशु रोगों के लिए राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम	पीएमएमएसवाई	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – एनबीएफजीआर)	डॉ. पी. इजिल प्रवीणा,	डॉ. के.पी. जितेन्द्रन, डॉ. एस. के. ओट्टा, डॉ. आर. आनन्द राजा, डॉ. टी. भुवनेश्वरी, श्री टी. सतीश कुमार	अप्रैल, 2022 – मार्च, 2025	53.70

9	FISHCIBASOL 202200700124	जलीय पशु रोगों के लिए राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम (एनएसपीएएडी) - 2. खारा जलीय मत्स्य रोगों के लिए राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला।	पीएमएमएसवाई	अंतर – संस्थागत (लीड – आईसीएआर – एनबीएफजीआर)	डॉ. एस. के. ओट्टा,	डॉ. के.पी. जितेन्द्रन, डॉ. एम. पूर्णिमा, डॉ. पी. इजिल प्रवीणा, डॉ. जोसेफ सहाय राजन	अप्रैल, 2022 – मार्च, 2025	29.10
10	FISHCIBASOL 202200500122	मेरीकल्चर पर अखिल भारतीय नेटवर्क : उत्पादन प्रणाली, कृषि व्यापार और संस्थान - घटक 1: कृषि प्रौद्योगिकी का प्रभाव	आईसीएआर-प्लान स्कीम	अंतर – संस्थागत (लीड आईसीएआर – एमएफआरआई)	डॉ. आर. गीता	डॉ. टी. रविशंकर, डॉ. पी. के. पाटिल	अप्रैल, 2021 – मार्च, 2026	13.20
11	FISHCIBASOL 202200800125	कृषि ड्रोन परियोजना (एडीपी)	कृषि एवं किसान कल्याण विभाग	अंतर – संस्थागत (लीड आईसीएआर – अटारी, हैदराबाद)	डॉ. के. पी. कुमारगुरू वसागम	डॉ. एम. जयन्ती, डॉ. एम. मुरलीधर, डॉ. एम. कुमारन, श्री अशोक कुमार जंगम	अगस्त, 2022 - ' अगस्त, 2023	35.00
12	FISHCIBASOL 202201100128	टीके और निदान पर सीआरपी - खारा जलीय कृषि के लिए बेहतर टीके, निदान और प्रोबायोटिक्स का विकास	आईसीएआर-प्लान स्कीम	अंतर – संस्थागत (लीड आईसीएआर – आईवीआरआई, इजजतनगर)	डॉ. एम. मकेश	डॉ. एम. कैलासम, डॉ. एस. के. ओट्टा, श्री टी. शिवारामकृष्णन, डॉ. सुजीत कुमार, श्री टी. सतीश कुमार, डॉ. पी. इजिल प्रवीणा, डॉ. के. पी. जितेन्द्रन, डॉ. पी. के. पाटिल, डॉ. एस. अवंजे, डॉ. टी. एन. विनय, डॉ. आर. विद्या	अप्रैल, 2022 – मार्च, 2026	221.75

बाह्य संगठनों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना शीर्षक कोड	परियोजना	वित्त पोषण स्त्रोत	सहयोगात्मक अंतर प्रभागीय / अंतर संस्थागत	प्रधान अन्वेषक	सह-प्रधान अन्वेषक	परियोज-ना अवधि	बजट आउटले (रूपए लाखों में)
1	FISHCIBASOL 201900300103	तमिलनाडु में खारा जलीय कृषि संसाधनों का मानचित्रण	मत्स्य पालन विभाग, तमिलनाडु	अंतर-प्रभागीय	डॉ. एम. जयंती	डॉ. एम. मुरलीधर, श्री जे. अशोक कुमार, डॉ. एम. कैलासम	जुलाई 2020 – दिसम्बर 2022	48.00
2	FISHCIBASOL 202000500108	महाराष्ट्र के मैंग्रोव आधारित मछुआरों की आजीविका और सामजिक विकास के लिए अलग अलग पालन प्रणालियों में विभिन्न प्रजातियों की खाराजलीय एकीकृत बहु-पोषी पिंजरा पालन, पर्ल स्पॉट ब्रीडिंग और केकड़ों का बॉक्सों में पालन	मैंग्रोव एकक, महाराष्ट्र	अंतर-प्रभागीय	श्री पंकज अमृत पाटिल	श्री तनवीर हुसैन, श्री जोस एंथोनी, डॉ. एम. कैलासम, डॉ. कृष्णा सुकुमारन, डॉ. सी. पी. बालसुब्रामणियम, डॉ. पी. महालक्ष्मी, डॉ. के. अंबाशंकर	अक्टूबर, 2020 – दिसम्बर, 2022	66.50
3	FISHCIBASOL 202100100109	हिल्सा, *टेनुलोसा इलीशा* का बंद प्रजनन : चरण II	एनएएसएफ	अंतर – संस्थागत	डॉ. देबाशीष डे	सुश्री बबीता ंडल, श्री तनवीर हुसैन, डॉ. तपस कुमार घोष	मार्च, 2021 – फरवरी, 2024	169.68
4	FISHCIBASOL 202100200110	रेत और कीचड़युक्त पॉलिकीट कृमियों की बड़े पैमाने पर खेती के लिए ग्रो-आउट टेक्नोलॉजी का विकास और शेल और फ़िनफ़िश हैचरी में इसके उपयोग के लिए उनके मौसमी पोषण संबंधी प्रोफाइलिंग का मूल्यांकन	डीबीटी	अंतर-प्रभागीय	डॉ. एस. कनप्पन	डॉ. सी. पी. सुब्रामणियन, डॉ. आर. जयकुमार, श्री आर. अरविन्द	अप्रैल, 2022 – अप्रैल, 2024	61.79
5	FISHCIBASOL 202100400112	झींगा चारे के लिए फिशमील के विकल्प के रूप में लागत प्रभावी अनुकूलित पादप प्रोटीन उत्पादों के विकास के लिए ठोस अवस्था किण्वन प्रौद्योगिकी	डीबीटी	अंतर-प्रभागीय	डॉ. जे. श्यामा दयाल	श्री के. पी. संदीप, डॉ. सुजीत कुमार	जुलाई, 2021 – जुलाई, 2024	72.77

6	FISHCIBASOL 202100500113	ओमिक्स दृष्टिकोण के माध्यम से *इट्रोप्लस सुराटेंसिस* में वृद्धि और लवणता अनुकूलन के संकेतों को उजागर करना	डीबीटी	अंतर-संस्थागत	डॉ. विनय कुमार कातनेनी	डॉ. के. पी. जितेन्द्रन, डॉ. रेमंड जानी एंजल, डॉ. एम. शशि शेखर, श्री अशोक कुमार जंगम, डॉ. के.पी. कुमारगुरू वसागम	जुलाई, 2021 – जुलाई, 2024	258.57
7	FISHCIBACOL 202100600114	खारे पानी की जलीय कृषि में संभावित फसल प्रजातियों का विविधीकरण, जलवायु लचीलेपन के लिए अनुकूलन	इण्डो-यूके	अंतर-'प्रभागीय	डॉ. के. अंबाशंकर	डॉ. आर. सरस्वती, डॉ. एम. शशि शेखर, डॉ. विनय कुमार, डॉ. रेमंड जानी एंजल, श्री के. पी. संदीप, श्री टी. शिवारामकृष्णन	सितम्बर, 2021 – जून, 2022	50.12
8	FISHCIBACOL 202100700115	तालाब के वातावरण में झींगों में प्रणाली जनित सिंड्रोम पर भौतिक-रासायनिक विशेषताओं के प्रभावों की निगरानी करना	इण्डो-यूके	अंतर-'प्रभागीय	डॉ. एस. के. ओट्टा	डॉ. एम. शशि शेखर, डॉ. विनय कुमार, डॉ. पी. इजिल प्रवीणा	फरवरी, 2022 – सितम्बर, 2022	50.00
9	FISHCIBASOL 202100800116	मशीन इंटेलिजेंस का उपयोग करके परिशुद्ध खारा जलीय कृषि	डीबीटी	अंतर-संस्थागत	डॉ. एम. मुरलीधर	श्री अशोक कुमार जंगम	नवम्बर, 2021 – नवम्बर, 2024	63.80
10	FISHCIBASOL 202100900117	दक्षिणी गुजरात के तटीय मछुआरों के लिए वैकल्पिक आजीविका के रूप में खारे पानी की खाड़ियों में एशियाई सीबास, *लेटेस कैल्केरिफ़र* और पर्लस्पॉट *इट्रोप्लस सुराटेंसिस* के पिंजरा पालन पर पायलट परियोजना	मत्स्य विभाग, गुजरात	अंतर-प्रभागीय	श्री पंकज अमृत पाटिल	डॉ. के.पी. कुमारगुरू वसागम, डॉ. आर. जयकुमार, श्री तनवीर हुसैन, श्री जोस एंथोनी	अगस्त, **2021 –** जुलाई, **2023**	45.10
11	FISHCIBASOL 202200100118	आय सृजन और जैव-संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए एकीकृत मल्टी-ट्रॉफिक एक्वाकल्चर (IMTA) तकनीक को बढ़ावा देना	डीबीटी	अंतर-प्रभागीय	डॉ. डी. देबोरॉल विमला	डॉ. पी. महालक्ष्मी, डॉ. टी. सेंथिल मुरूगन, डॉ. टी. रविशंकर, डॉ. पी. एन. रेखा, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. कुमारगुरू वसागम, डॉ. एस. कनप्पन, श्री आर. अरविन्द	फरवरी, **2022** से फरवरी, **2024**	37.90

12	FISHCIBASOL 202200200119	स्वदेशी झींगा की (भारतीय सफेद झींगा) जलीय कृषि का विकास: *पीनियस इंडिकस* का आनुवंशिक सुधार कार्यक्रम, चरण - I	पीएमएमएसवाई	अंतर-प्रभागीय	डॉ. अक्षय पाणिग्रही	डॉ. एम. जयंती, डॉ. सी. पी. सुब्रामणियन, डॉ. एस. कनप्पन, डॉ. पी. नीला रेखा, डॉ. शयने आनन्द, डॉ. टी. एन. विनय, श्री जोस एंथोनी, श्री आई. एम. बैजू, श्री आर. अरविन्द, डॉ. एम. शशि शेखर, डॉ. के. विनय कुमार, डॉ. बी. शिवमणि, डॉ. एस. के. ओट्टा, डॉ. आर. आनन्द राजा, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. पी. महालक्ष्मी, डॉ. अंबाशंकर, डॉ. जे. श्यामा दयाल, डॉ. के. पी. कुमारगुरू वसागम, डॉ. एम. मुरलीधर	जून, 2022 – मार्च, 2025	250.44
13	FISHCIBASOL 202200300120	फ़िनफ़िश में रोग-मुक्त स्वास्थ्य प्रमाणन और टिकाऊ जलीय कृषि के लिए उच्च स्वास्थ्य झींगा के विकास के लिए नवीन दृष्टिकोण	एनएएसएफ	अंतर-संस्थागत	डॉ. सुबेन्दु कुमार ओट्टा	डॉ. अक्षय पाणिग्रही, डॉ. पी. इजिल प्रवीणा, डॉ. टी. भुवनेश्वरी	मई, 2022 – अप्रैल, 2025	47.2575
14	FISHCIBASOL 202200400121	तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में ग्रामीण जैव संसाधन परिसर की स्थापना	डीबीटी	अंतर-संस्थागत	डॉ. पी. महालक्ष्मी	डॉ. के.पी. संदीप, डॉ् देबाशीष डे	फरवरी, 2022 – फरवरी, 2024	10.15
15	FISHCIBASOL 202200900126	राजस्थान में लवणीय जलकृषि की संभावना वाली लवण प्रभावित भूमि का मानचित्रण	राजस्थान सरकार	अंतर – प्रभागीय	डॉ. एम. जयंती	डॉ. एम. मुरलीधर, डॉ. एम. कुमारन, डॉ. पी. के. पाटिल, श्री जोस एंथोनी	अक्टूबर, 2022 – मार्च 2023	5.0
16	FISHCIBASOL 202201100127	तटीय लोगों के बीच आय सृजन के लिए स्वदेशी खारा जलीय समुद्री शैवाल प्रजातियों के लिए व्यवहार्य कृषि प्रोटोकॉल का निरूपण	एनएफडीबी	अंतर – प्रभागीय	डॉ. पी. नीला रेखा	डॉ. आर. जयकुमार, श्री आर. अरविन्द	नवम्बर, 2022 – नवम्बर, 2024	22.95

अनुसंधान उपलब्धियां

खाराजलीय उत्पादन प्रणाली

खाराजलीय उत्पादन प्रणाली

जलवायु के प्रति लचीली प्रजाति के रूप में मिल्कफिश का एकल पालन और विपणन के लिए मूल्यवर्धन

हैचरी में उत्पादित मिल्कफिश चानोस चानोस बीज की उपलब्धता ने 2015 से भारत के विभिन्न भागों में वैज्ञानिक खेती में गति पैदा की है। जुलाई 2021 के दौरान, लागत प्रभावी पालन प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए नव स्थापित केईएस-सीआईबीए फार्म में एक एकल पालन परीक्षण शुरू किया गया था। 1,156 वर्ग मीटर के डब्ल्यूएसए वाले एक तालाब का पुन:रूद्धार किया गया और उसे जैविक खाद से तैयार किया गया। मिल्कफिश फिंगरलिंग्स (20 ग्राम एबीडब्ल्यू, 11.6 सेमी टीएल) को 1.5 संख्या/एम2 की दर से संग्रहीत किया गया और शरीर के वजन के 5-3% की दर से ग्रो-आउट फ़ीड, हिल्साप्लस (प्रोटीन 30-35%, वसा 6%) खिलाया गया। पालन अवधि के अंत में एफसीआर की गणना लगभग 1.38 की गई। यह पालन परीक्षण प्री-मानसून; मानसून और मानसून के बाद की अवधि के दौरान आयोजित किया गया था, जहां लवणता में 0 पीपीटी से 32 पीपीटी तक उतार-चढ़ाव आया; पानी की गहराई 60-90 से.मी. तक होती है। एक जलवायु लचीली प्रजाति के रूप में मिल्कफिश की उत्तरजीविता दर 93.7% थी। पालन के 230 के बाद, मछलियाँ 340 ग्राम और 35.43 सेमी टीएल के औसत आकार तक बढ़ गई हैं। पालन के 230 दिनों तक प्राप्त किया गया बायोमास 478 किलोग्राम (4.78 टन/हेक्टेयर उत्पादकता) है। विशिष्ट वृद्धि दर (एसजीआर) 1.34 पाई गई, जिसका एलोमेट्रिक विकास के साथ लॉग डब्ल्यू = 2.647लॉगएल-1.4801 से 230 डीओसी तक लंबाई वजन संबंध है।

पारंपरिक घरेलू खपत के अलावा, कांटे (हड्डी) रहित मिल्कफिश की बाजार क्षमता और जीवित व्यापार के लिए समुद्री एक्वैरियम में मांग का पता लगाने के लिए प्रारंभिक अध्ययन किए गए। मिल्कफिश के कांटों की जांच की गई और पाया गया कि ड्रेसिंग हानि केवल 20% से कम है। चेन्नई के दो सीफूड रेस्तरां में डिबोनिंग तकनीक को लोकप्रिय बनाया गया और कांटेरहित मिल्कफ़िश व्यंजनों को पारंपरिक सीफूड तैयारी की तुलना में प्रीमियम मूल्य प्राप्त हुआ। औसत शारीरिक वजन 300 ग्राम वाली

चित्र 1 मोनोकल्चर प्रणाली में पालित मिल्कफिश

कुल 55 मिल्कफिश मछलियों को वीजीपी मैरीन किंगडम में ले जाया गया और बिक्री से प्राप्त ₹4,950 हुए और मिल्कफिश को उनके एक्वेरियम में समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में से एक में प्रदर्शित किया गया है। केईएस से प्राप्त की गईं मिल्कफिश मछलियों की बिक्री से कुल ₹65,450 का राजस्व प्राप्त हुआ।

हिल्सा के ग्रो-आउट पालन प्रोटोकॉल का परिशोधन

तालाब आधारित प्रणाली में हिल्सा के ग्रो-आउट पालन प्रोटोकॉल में सुधार के लिए प्रयोग किया गया था। हिलसा के संग्रहण से पहले, 500 किलोग्राम/हेक्टेयर ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग करके अवांछित और परभक्षी मछलियों को हटाने के लिए तालाब का क्लोरीनीकरण किया गया था। डीक्लोरिनेशन के बाद, प्लैंकटनप्लस को 160 किग्रा/हेक्टेयर की दर से डाला गया। प्लैंकटनप्लस अनुप्रयोग के 5 दिनों के बाद नर्सरी में पाली गई हिल्सा पोनों (11.23±0.82





चित्र 2 – मोनोकल्चर के तहत मिल्कफिश का वजन लाभ, एफसीआर, एसजीआर एवं फीड-बायोमास रूपांतरण

ग्राम/ 10.40±0.32 सेमी) को 14,000/हेक्टेयर की दर से खारे पानी के तालाब (0.15 हेक्टेयर) में संग्रहीत किया गया। संवर्धन के दौरान, प्लवकों की आबादी को बनाए रखने के लिए तालाब को प्लैंकटनप्लस (30 किग्रा/हेक्टेयर) और सरसों की खली (60 किग्रा/हेक्टेयर) के साथ साप्ताहिक वैकल्पिक रूप से उर्वरित किया गया था। तैयार एवं धीमी गति से डूबने वाला ग्रो-आउट फ़ीड (हिल्साप्लस) 10-5% शरीर के वजन की दर से दिया गया था। 184 दिनों के बाद, पोनों का औसत शारीरिक वजन / औसत शारीरिक लंबाई 37.43±7.14 ग्राम/16.08±0.7 सेमी दर्ज किया गया। प्लैंकटन विविधता ने संकेत दिया कि खारा जलीय ग्रो-आउट तालाब में कोपेपोड, क्लैडोसेरा और रोटिफ़र्स प्रमुख जन्तुप्लवक थे।

चित्र 3 – मिल्कफिश के मूल्यवर्धित उत्पाद

मोनोकल्चर और पॉलीकल्चर के तहत लिज़ा टेड का तुलनात्मक विकास मूल्यांकन

टेड मुलेट लिज़ा टेड, भारत के पश्चिम बंगाल में पारंपरिक पॉलीकल्चर खेती प्रणालियों के तहत खेती की जाने वाली एक खारे पानी की



चित्र 4 – ग्रो-आउट तालाब में हिल्सा का विकास पैटर्न



चित्र 5 - हिल्सा ग्रो-आउट तालाब में प्लवकों का प्रोफाइल

प्रजाति है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाला मांस, अच्छी विकास दर और व्यापक लवणता एवं तापमान सहनशीलता है। टेड मुलेट की वृद्धि दर पर उपलब्ध रिपोर्ट कृषि परीक्षणों की तुलना में अलग हैं। अत:, केआरसी के मिट्टी के तालाब में मोनोकल्चर और पॉलीकल्चर खेती प्रणाली के तहत टेड मुलेट का तुलनात्मक विकास मूल्यांकन अध्ययन शुरू किया गया था। टेड अंगुलिकाओं (4.7±0.8 ग्राम; 9.5±1.1 सेमी) को उत्तर 24 परगना के एक भेरी से ले जाया गया और मोनोकल्चर एवं पॉलीकल्चर तालाबों में 1.42 फिंगरलिंग्स/एम2 के घनत्व दर से संग्रहीत किया गया। मिल्कफिश अंगुलिकरओं (3.9±1.8 ग्राम; 7.02±2.5 सेमी) 2,000 संख्या में पॉलीकल्चर तालाब में टेड मुलेट के साथ संग्रहीत किया गया था। मछलियों को शरीर के वजन के 2-3% की दर से तैरता हुआ चारा (प्रोटीन 28-30%, वसा 5%) खिलाया गया।

यह पालन परीक्षण नवंबर 2021 से अक्टूबर

चित्र 6 – ग्रो-आउट तालाब में पालित हिल्सा का सैम्पलिंग

चित्र 7 – मोनोकल्चर प्रणाली में पालित टेड मुलेट को पकड़े हुए डॉ. कुलदीप के. लाल, निदेशक, सीबा



चित्र 8 – मोनोकल्चर के तहत टेड मुलेट का मासिक वृद्धि दर का आकलन



चित्र 9 – पॉलीकल्चर के तहत टेड मुलेट का विकास पैटर्न

2022 तक एक वर्ष के लिए किया गया था, जहां लवणता 2-10 पीपीटी के बीच थी। मोनोकल्चर और पॉलीकल्चर तालाबों में टेड मुलेट की उत्तरजीविता क्रमशः 95% और 90% दर्ज की गई। मोनोकल्चर और पॉलीकल्चर के तहत टेड मुलेट की अंतिम कटाई का औसत वजन क्रमशः 503.67±19.5 ग्राम और 210.11±9.8 ग्राम था; जबकि मिल्कफिश के शरीर का औसत वजन 370.95±10.11 ग्राम था। विशिष्ट वृद्धि दर (एसजीआर) मिल्कफिश के लिए 1.18, पॉलीकल्चर में टेड मुलेट के लिए 0.97 और मोनोकल्चर में टेड मुलेट के लिए 1.27 दर्ज की गई। समग्र उत्पादकता ने पॉलीकल्चर प्रणाली में 500 किलोग्राम/हेक्टेयर की तुलना में मोनोकल्चर प्रणाली में अधिकतम 700 किलोग्राम/हेक्टेयर का संकेत दिया।

रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) में बंगाल ब्रीम की वृद्धि निष्पादन का आकलन

बंगाल ब्रीम, एकेंथोपाग्रस डेटनिया अपनी उच्च बाजार मांग, स्वाद और उपभोक्ता प्राथमिकता के कारण जलीय कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण प्रत्याशी प्रजाति है। ए. डैटनिया की विकास क्षमता को समझने के लिए वर्तमान कार्य किया जा रहा है। ए. डैटनिया (प्रारंभिक औसत वजन: 8.2 ग्राम; प्रारंभिक औसत लंबाई: 72.3 मिमी) की कुल 100 संख्या को दो प्रतियों में रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) में 6 वर्गमीटर की दर से संग्रहीत किया गया और सात महीने (अप्रैल-अक्टूबर) तक पाला गया। मछलियों को तृप्त होने तक एक बार गोलीनुमा आहार (32% प्रोटीन) खिलाया गया। विकास अवधि के दौरान वाष्पीकरण हानि को छोड़कर किसी भी प्रकार से जल का आदान-प्रदान नहीं किया गया। भौतिक-रासायनिक मापदंडों की सीमा अर्थात। घुलित ऑक्सीजन (5.5-7.5 पीपीएम), पीएच (7.5-8.4), लवणता (5-7 पीपीटी), कठोरता (1,400-1,500 पीपीएम), तापमान (28-30°C) और कुल अमोनिया (0.04-0.17 पीपीएम) खारे पानी में मछली पालन के लिए स्वीकार्य सीमा के भीतर थे। फ़ीड रूपांतरण अनुपात 1:1.8 था। सात महीने के पालन-पोषण के बाद, मछली का वजन 215 ग्राम



चित्र 10 – आरएएस में बंगाल ब्रीम एकांथोपेगस डाटनिया का वृद्धि निष्पादन

और कुल लंबाई 230 मिमी हो गई। समग्र परिणाम से पता चला कि खारे जल में ए. डैटनिया की खेती की अच्छी संभावना है।

जीवित सीबास मछलियों की बिक्री को बढ़ावा देना

सीबास विपणन को बढ़ावा देने और रेस्तरांओं के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए, मत्स्य पालन प्रभाग ने मेसर्स थोंडिल रेस्तरां, पानायुर, चेन्नई को जीवित सीबास मछली की आपूर्ति की व्यवस्था की, जिसमें टैंकों में उगाई गई लगभग 90 किलोग्राम सीबास मछली और कोट्टईकाडु में पिंजरे में पाली गई मछलियों से 40 किलोग्राम मछली की आपूर्ति की गई। उपभोक्ताओं के पास डिस्प्ले टैंक से जीवित मछली चुनने का विकल्प है और उनकी इच्छा के अनुसार उनके द्वारा बनाई गई मछलियों के व्यंजनों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। सीबा ने रेस्तरां में जीवित मछली की आपूर्ति, परिवहन और जीवित मछली के रखरखाव में सहायता की है।

आजीविका गतिविधि के रूप में गाड क्रीक में एकीकृत बहु-पोषी जलकृषि (आईएमटीए) का निरूपण

एनजीआरसी-सीआईबीए ने आजीविका सृजन गतिविधि के रूप में खारे पानी की खाड़ी में कम परिमाण वाले पिंजरों में आईएमटीए प्रणाली के प्रदर्शन के लिए गाड क्रीक, मालवन और सिंधुदुर्ग में तीन आईएमटीए पिंजरा पालन स्थल विकसित किए। प्रत्येक आईएमटीए स्वयं सेवी समूह के सदस्य को समय पर मछली और झींगा को भोजन देने, दैनिक जल गुणवत्ता मापदंडों के विश्लेषण, पिंजरे के जाल की सफाई और पालन प्रबंधन के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया था। खाड़ियों में स्थापित कम परिमाण वाले पिंजरों में एक एकीकृत मल्टी-ट्रॉफिक जलीय कृषि प्रणाली (IMTA) के प्रदर्शन के लिए, एशियन सीबास (700 संख्या), पर्लस्पॉट (400 संख्या) और टाइगर झींगा (20,000 संख्या) को क्रमशः नवंबर और दिसंबर, 2021 के महीनों में प्रत्येक स्थान पर संग्रहीत किया गया था, जबकि कप्पाफाइकस समुद्री शैवाल (20 किग्रा) और 50 हरे मसल्स (150-200 मसल्स / लड़ी) प्रत्येक स्थान पर संग्रहीत किया गया था। जून 2022 में, पूरी मत्स्य सम्पदा को निकाल लिया

चित्र 11 – कोट्टायकाडु गांव में बंगाल ब्रीम एकांथोपेगस डाटनिया का वृद्धि निष्पादन एवं आरएएस जीवित मछली की बिक्री

चित्र 12 – सिन्धुदुर्ग, महाराष्ट्र में आईएमटीए पिंजरा पालन युनिट

चित्र 13 - सिन्धुदुर्ग, महाराष्ट्र में आईएमटीए साइट से प्राप्त की गईं सीबास, टाइगर झींगे, ग्रीन मसेल्स एवं सीवीड

प्रजातियां	संग्रहण आकार	प्रति पिंजरा घनत्व	प्राप्ति के दौरान आकार	कुल प्राप्ति कि.ग्रा. में (3 पिंजरे)	दर (₹)	आय (₹)
सीबास	30-40 ग्रा.	700 नग	340-725 ग्रा.	560.5	400	2,24,200
ग्रीन मस्सेल	3-5 ग्रा.	50 लड़ियां	25-60 ग्रा.	820.3	330	2,70,600
टाइगर झींगा	पीएल 14-15	15,000 पीएल	12.5-20.2ग्रा	353.9	300	1,06,180
पर्लस्पॉट	10-15 ग्रा.	400 नग	60-100 ग्रा.	73 कि.ग्रा.	270	19,710
कप्पाफाइकस सीवीड	100-120 ग्रा.	20 कि.ग्रा.	700-1,300 ग्रा.	120 (गीली) कि.ग्रा.	300	3,600
कुल (₹)						**6,24,290**

तालिका 1 – आईएमटीए केज कल्चर एवं आय सृजन का विवरण

गया जिससे ₹6.24 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।

वैकल्पिक आजीविका गतिविधि के रूप में कम परिमाण वाले पिंजरों में सीबास और पर्लस्पॉट मछलियों के पालन का निरूपण

आईसीएआर-सीबा के एनजीआरसी ने, गुजरात सरकार के मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से, तटीय मछुआरों के लिए वैकल्पिक आजीविका गतिविधि के रूप में खारे पानी की खाड़ियों और तालाबों में एशियाई सीबास और पर्लस्पॉट मछलियों के पिंजरा पालन का निरूपण शुरू किया है। 2021 में, अमरेली, जूनागढ़ और नवसारी जिलों के क्रमशः जाफराबाद, शील और मेंढर गांवों में तीन स्थलों और मछुआरों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का चयन किया गया था। चयनित एसएचजी सदस्यों को पिंजरे में खेती की तकनीक पर प्रशिक्षित किया गया। 4 x 4 x 2 मीटर (32 मी2) आयाम के कुल 8 पिंजरे और 6x4x1.5 मीटर (36 मी2) आकार के 4 पिंजरे गैल्वेनाइज्ड आयरन (जीआई) पाइप (1.5") का उपयोग करके बनाए गए थे और क्रमशः जाफरादबाद और शिल स्थलों पर खाड़ियों में और नवसारी स्थल पर एक तालाब में स्थापित किए गए थे। दिसंबर 2021 में आंध्र प्रदेश से सीबास अंगुलिकाएं (20-25 ग्राम) खरीदे गए और 20, 25, और 30 नग/घनमीटर की दर से संग्रहीत किए गए और दिन में दो बार 5% शारीरिक वजन की दर से चारा मछलियों को खिलाया गया। जबकि पर्लस्पॉट बीज (2-3 इंच) को प्रत्येक स्थान पर एक पिंजरे में 70, 80, और 90 नग/वर्गमीटर की दर से संग्रहीत किया गया था और दिन में दो बार 6-8% शारीरिक वजन की दर से तैयार किया गया चारा खिलाया गया था। 60 दिनों की पालन अवधि के बाद सीबास ने शारीरिक वजन 50-80 ग्राम और उत्तरजीविता दर

चित्र 14 – सीबास एवं पर्लस्पॉट मछलियों का केज कल्चर युनिट्स

चित्र 15 – स्वयं सेवी समूह के सदस्यों द्वारा सीबास अंगुलिकाओं का ग्रेडिंग

70-90% प्राप्त कर ली। पर्लस्पॉट मछली का वजन 20-25 ग्राम और उत्तरजीविता दर 90-95% तक पहुंच गई। पालन कार्य जारी है।

परित्यक्त खदान में खारा जलीय का पिंजरा पालन

तटीय क्षेत्रों में खारा जलीय कृषि गति पकड़ रही है। अंतर्स्थलीय क्षेत्रों की परित्यक्त खदानों में खारा जलीय कृषि का विस्तार करने की भारी संभावना है। एक प्रयोग के रूप में, आईसीएआर-सीबा के कोवलम प्रायोगिक स्टेशन (KES) में परित्यक्त खदान का उपयोग हापा और पिंजरों में खारा जलीय फ़िनफ़िश नर्सरी और ग्रो-आउट पालन के लिए किया गया था। खदान खारा जलीय लैगून के नजदीक स्थित होने के कारण, खेती की अवधि के दौरान खदान के पानी में 6-12 पीपीटी की सीमा में लवणता थी। परित्यक्त खदान के पानी की उपयोगिता का पता लगाने के लिए सीबास और मिल्कफिश के लिए हापा और पिंजरा पालन का उपयोग करके एक सीबास नर्सरी प्रयोग किया गया था। सीबास अंगुलिकाओं (शरीर का वजन (18 ग्राम) को एक छोटे से पिंजरे (1 मीटर व्यास) में 200 की संख्या में और एक बड़े गोलाकार पिंजरे (5 मीटर व्यास) में 1,500 की संख्या में रखा गया था। मछली चार महीने के अंत में 95% उत्तरजीविता दर के साथ 300-400 ग्राम वजन प्राप्त कर ली थी। उसके बाद मछलियों को

चित्र 16 - खदान में लगे पिंजरों से प्राप्त मिल्कफिश

चित्र 17 - पालित सीबास मछली के साथ मत्स्य युवा

चित्र 18 - मछली पालन के लिए उपयोग की गई परित्यक्त खदान

खदान में छोड़ दिया गया और यह परीक्षण यह दिखाने में पाया गया है कि परित्यक्त खदान खारा जलीय मछलियों की पिंजरों में खेती के लिए उपयुक्त हो सकती है।

खारा जलीय कैटफ़िश, *मिस्टस गुलियो* का पालन तकनीक

लंबी मूंछ वाली कैटफ़िश, मिस्टस गुलियो (हैमिल्टन, 1822) को आमतौर पर पश्चिम बंगाल में नोना टेंगरा कहा जाता है। उच्च पोषण मूल्य, बाजार की मांग, कठोर प्रकृति और तेज़ वृद्धि इस मछली को जलीय कृषि विविधीकरण के लिए एक वांछनीय प्रत्याशी प्रजाति बनाती है। एम. गुलियो की खेती को लाभदायक और टिकाऊ बनाने के लिए, आईसीएआर-सीबा के काकद्वीप अनुसंधान केंद्र (केआरसी) ने हैचरी-उत्पादित बीजों के साथ एम. गुलियो के लिए एक वैज्ञानिक खेती पद्धति विकसित की है। इस परीक्षण में, बीज (आकार सीमा: 40.15-42.50 मिमी: 0.85-0.86 ग्राम) को 10 और 20 नग/वर्गमीटर के संग्रहण घनत्व पर संग्रहीत किया गया था और बायोमास के 5-3% की दर से सीबा के केआरसी द्वारा विकसित तैयार फ़ीड खिलाया गया था। सर्दियों के तीन महीनों सहित पालन-पोषण के सात महीनों में, मछली ने 20/वर्गमीटर के संग्रहण घनत्व पर 2.0 टन/हेक्टेयर के उत्पादन के साथ लगभग 28-32 ग्राम का आकार प्राप्त किया। उत्पादन की कुल लागत लगभग ₹90-120 प्रति किग्रा है और इसका बाज़ार दर ₹250-300 प्रति किग्रा है, जो आर्थिक रूप से लाभदायक है।

कोपेफ्लॉक तकनीक के उपयोग से अस्तर लगे तालाब (लाइन्ड पॉन्ड) में *पीनियस वन्नामेय* की सफल ग्रीष्मकालीन फसल

पी. वन्नामेय के पोस्ट लार्वा (पीएल10) को 2,500 नग/घनमीटर के घनत्व के साथ कोपेफ्लॉक में 30 दिनों तक ट्रिप्लीकेट में पालन किए जाने पर नियंत्रण वाले टैंक (0.525 ग्राम की औसत वृद्धि 0.421 से 0.715 ग्राम तक होती है) की तुलना में वृद्धि दर (0.902 ग्राम का औसत आकार 0.691 से 1.231 ग्राम तक होता है) और प्रतिशत उत्तरजीविता (98.1±0.8%) महत्वपूर्ण पायी गयी। कोपेफ्लॉक को चावल की भूसी, गुड़ और

चित्र 19 - केआरसी तालाब से काटी गई एम. गुलियो मछलियां



खमीर के फ़िल्टर किए गए किण्वित रस का उपयोग करके तैयार किया गया था और कोपपोड की 3 प्रजातियों जैसे कि डायोइथोना रिगिडा, स्यूडोडायप्टोमस एनांडालेय और इवांसुला पाइग्मिया को टीका लगाया गया था। कोपफ्लोक आधारित नर्सरी में नियंत्रण की तुलना में पूरक आहार में 20% की कमी आयी। ग्रो-आउट पालन के लिए, पी. वन्नामेय को 1,000 घनमीटर क्षेत्र के अस्तर लगे तालाब में 40 नग/घनमीटर की दर से कोपेफ्लॉक और नियंत्रण तालाबों दोनों में 40 दिनों तक संग्रहीत किया गया। कोपेफ्लॉक उपचार में 4.4 टन/हेक्टेयर की उत्पादकता, 91.5% उत्तरजीविता के साथ 440 किलोग्राम का कुल बायोमास प्राप्त किया गया जो नियंत्रण से काफी अधिक है। पालन के 50वें दिन प्राप्त झींगे का औसत आकार 24.4±01.2 ग्राम था, जबकि नियंत्रण वाले तालाब से झींगे का आकार 14.2±0.92 ग्राम था।

इसी तरह का प्रायोगिक निरूपण मिट्टी के तालाब में कोपेफ्लॉक का उपयोग करके 75 दिनों तक किया गया, जिसमें एफसीआर और उत्तरजीविता क्रमशः 1.4 और 85% के साथ 7 टन/हेक्टेयर की उत्पादकता देखी गई। नर्सरी में कोपेपॉड्स के जीवन चरणों की संरचना में प्रारंभिक दिनों के दौरान नॉप्लियस और बाद की अवधि में अंडों के साथ वयस्कों का प्रभुत्व था। संपूर्ण संवर्धन अवधि के दौरान ग्रो-आउट तालाब में लाभकारी सूक्ष्मशैवाल का प्रभुत्व रहा था। अध्ययनों से यह निष्कर्ष निकला है कि कोपेफ्लॉक में पालित तरूण झींगों में प्रतिपूरक वृद्धि, काफी अधिक

चित्र 20 - अस्तर लगे तालाब में कोपेफ्लॉक प्रणाली के अंतर्गत पालित पी. वन्नामेय (50 डीओसी)



चित्र 21 - नर्सरी अवधि के दौरान कोपेपॉड जीवन चरणों का पयोगदान प्रतिशत



चित्र 22 - ग्रो-आउट पालन अवधि के दौरान प्लवकों की गतिशीलता

उत्तरजीविता, ग्रो-आउट पालन के दौरान निम्न एफसीआर देखी गई है जो भविष्य में झींगा उद्योग के विकास के लिए इस तकनीक की क्षमता को दर्शाता है।

पीनियस वन्नामेय पालन में इनपुट लागत को कम करने के लिए फार्म आधारित फ़ीड का मूल्यांकन

यह प्रयोग 1,500 वर्ग मीटर क्षेत्र के मिट्टी के तालाब में 30 नग प्रति वर्ग मीटर की दर से दो प्रतियों में झींगा संग्रहण से किया गया। केआरसी, काकद्वीप की फ़ीड मिल में स्थानीय रूप से उपलब्ध फ़ीड सामग्री का उपयोग करके फार्म आधारित फ़ीड तैयार किया गया था। खेती के 100 दिनों के अंत में, 13.85 ± 0.8 ग्राम तक की वृद्धि हुई, और 1.6 टन/एकड़ का उत्पादन प्राप्त हुआ जो आशाप्रद है। पायलट पैमाने के इस प्रयोग के आर्थिक विश्लेषण से पता चलता है कि ₹208/किग्रा की कम उत्पादन लागत के कारण फार्म आधारित फ़ीड से अच्छा रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। कम लागत वाले इनपुट से लक्षित छोटे झींगों का उत्पादन छोटे स्तर के किसानों के लिए लाभप्रदता का एक वैकल्पिक तरीका है। ऐसे झींगों का घरेलू व्यापार चैनलों के माध्यम से विपणन संभव है। इस पायलट अध्ययन के नतीजे छोटे एवं मध्यम स्तर के किसानों द्वारा झींगा पालन में कम लागत और मध्यम रिटर्न के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित करने का मार्ग दर्शाता है।

पोटैशियम और मैग्नीशियम आयनों के पूरकता से मीठे जल में पालित व्हाइटलेग झींगा, पीनियस वन्नामेय पोस्ट-लार्वा की वृद्धि और उत्तरजीविता में सुधार होता है।

मीठे जल (एफडब्ल्यू) में व्हाइटलेग झींगा पीनियस वन्नामेय का पालन एक उभरती हुई रुचि का क्षेत्र है, जबकि समुद्री झींगा पालने के माध्यम के रूप में मीठे जल (टीडीएस <500 पीपीएम) की उपयुक्तता पर बहुत कम जानकारी मौजूद है। मीठे जल (टीडीएस-367.5 पीपीएम) में पी. वन्नामेय पीएल के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रयोग किया गया था और क्रमशः 1.0, 1.5 और 2.0 पीपीटी के पुनर्गठित समुद्री जल (एसडब्ल्यू)



चित्र 23 - मीठे और समुद्री जल की तुलना में पोटैशियम (K1, K2, और K3) और मैग्नीशियम आयनों (M1, M2, और M3) के पूरक के साथ मीठे जल में 30 दिनों की पालन अवधि के बाद पीनियस वन्नामेय पीएल की उत्तरजीविता दर।

के समकक्ष पूरक पोटेशियम (के1, के2, के3) और मैग्नीशियम आयनों (एम1, एम2, एम3) के साथ मीठे जल के साथ तुलना की गई थी। मीठे जल के लिए अनुकूलित पी. वन्नामेय पीएल19 को तीन प्रतियों में विभिन्न उपचार समूहों (30 नग/टैंक) में रखा गया और 30 दिनों तक पाला गया। मीठे जल में पाले गए सभी झींगा 28 दिनों में मर गए। 1.5 और 2.0 पीपीटी के पुनर्गठित समुद्री जल में देखे गए स्तरों के बराबर पोटैशियम के साथ मीठे जल में पाले गए झींगों के परिणामस्वरूप संबंधित मैग्नीशियम पूरक समूहों (एम2 और एम3: 33.2-35.4%) और के1 (34.2%) की तुलना में काफी अधिक जीवित रहने की क्षमता (के2 और के3: 52.2-52.6%) रही, जबकि यह एम1 (40.2%) के समान थी। मैग्नीशियम आयनों (टीडीएस: 468- 615 पीपीएम) पूरक के साथ मीठे जल के परिणामस्वरूप पोटेशियम पूरक समूहों (टीडीएस: 380- 399 पीपीएम; 0.21-0.42 ग्राम) की तुलना में संख्यात्मक रूप से उच्च वृद्धि (0.55-0.70 ग्राम) हुई। अध्ययन स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि मीठा जल (टीडीएस <500 पीपीएम) पी. वन्नामेय पालन के लिए उपयुक्त माध्यम नहीं है। मीठे जल में पोटेशियम की पूर्ति से उत्तरजीविता दर बढ़ जाती है, जबकि मीठे जल में पर्याप्त वृद्धि के लिए स्पष्ट रूप से टीडीएस> 500 पीपीएम की आवश्यकता होती है।

मीठे जल में पाले गए पीनियस वन्नामेय के तरूण झींगों के विकास और अस्तित्व पर एकल रूप से पोटेशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम के समान स्तर के पूरक का प्रभाव (टीडीएस <500 पीपीएम)

मीठे जल (एफडब्ल्यू) में पैसीफिक सफेद झींगा पीनियस वन्नामेय की खेती, झींगों की उल्लेखनीय ऑस्मोरगुलेटरी क्षमता को देखते हुए रुचि का एक उभरता हुआ क्षेत्र है। मीठे जल को पोटेशियम (K1, K2, K3), मैग्नीशियम (M1, M2, M3) और कैल्शियम (C1, C2, C3) आयनों के साथ पूरक करके प्रायोगिक मीडिया तैयार किया गया था, ताकि लक्षित आयन को क्रमिक रूप से 5 पीपीएम तक तीन स्तरों तक बढ़ाया जा सके जबकि अन्य आयन स्थिर रहें। पहले से मीठे जल में अनुकूलित पीनियस वन्नामेय तरूण झींगों (एबीडब्ल्यू ~ 0.48 ग्राम) को 30 नग/टैंक की दर से तीन प्रतियों में बनाए गए विभिन्न उपचार मीडिया में छोड़ा गया था और 30 दिनों तक पाला गया। प्रयोग के अंत तक सामान्य मीठे जल में पाले गए सभी झींगें मर गए। K3 और M3 उपचारों में पालित झींगें, जिनमें बेसल स्तर से पोटेशियम और मैग्नीशियम में क्रमशः 15 पीपीएम की वृद्धि की गई, जिसके परिणामस्वरूप उच्च उत्तरजीविता (80.4-87.8%) और एसडब्ल्यू (96.25%) में पाले गए झींगा के समान थे। कुल मिलाकर, उत्तरजीविता के लिए मीठे जल में मैग्नीशियम (47.4-87.8%) और पोटेशियम के स्तर (46.8-80.4%) के साथ एक रैखिक संबंध देखा गया, जबकि कैल्शियम पूरक (67.2-13.2%) के लिए एक विपरीत



चित्र 24 - सामान्य मीठे जल (एफडब्ल्यू) और समुद्री जल (एसडब्ल्यू) की तुलना में मीठे जल (एफडब्ल्यू) जिसका टीडीएस <500 पीपीएम और पोटेशियम (K1, K2, K3), मैग्नीशियम (M1, M2, M3) और कैल्शियम आयनों (C1, C2, C3) पूरकों के साथ पालित पीनियस वन्नामेय की उत्तरजीविता दर। बार पर अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट अक्षर $p<0.05$ पर एक महत्वपूर्ण अंतर दर्शाते हैं।

संबंध देखा गया। परीक्षण के अंत में औसत शरीर का वजन और वजन बढ़ने की दर (%) मीठे जल उपचार समूहों के बीच भिन्नता महत्वपूर्ण नहीं था और एसडब्ल्यू (3.67 ग्राम) में पाले गए झींगें के लिए काफी अधिक था। अध्ययन से एकल आयनों के महत्व का पता चलता है और वाणिज्यिक संचालन के लिए न्यूनतम आयनिक आवश्यकता पर एक उचित विचार मिलता है।

भिन्न भिन्न कठोरता वाले संशोधित अंतर्स्थलीय खारे भूजल में पाले गए पी. वन्नामेय पोस्ट-लार्वा की उत्पादन विशेषताएँ

अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल आम तौर पर कैल्शियम और मैग्नीशियम के अधिक अनुपात के कारण समान लवणीयता वाले समुद्री जल की तुलना में अधिक कुल कठोरता की विशेषता रखता है। झींगों के विकास और अस्तित्व पर अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल की कुल कठोरता के प्रभावों पर गहरी समझ का आमतौर पर अभाव है। वर्तमान अध्ययन में अलग-अलग कुल कठोरता यानी 0.5 (T1), 0.75 (T2), 1.0 (T3), 1.25 (T4), 1.5 (T5), 1.75 (T6) और 2.0 (T7) की सापेक्ष कठोरता वाले सात संशोधित अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल (ISW) उपचार शामिल किए गए। सभी उपचार माध्यमों की लवणता 1.5:1 के Mg2+/Ca2+ अनुपात के साथ 10 पीपीटी पर बनाए रखी गई और पोटेशियम का स्तर समुद्री जल के बराबर 100% बनाए रखा गया। पहले से ही परीक्षण मीडिया के लिए अनुकूलित पीनियस वन्नामेय की तरूण झींगों (0.178 ग्राम) को तीन प्रतियों में 40 नग/टैंक की दर से संग्रहीत किया गया था। 49 दिनों के अंत में, 1.25 (टी4) और 1.50 (टी5) की सापेक्ष कठोरता के साथ आईएसडब्ल्यू में पाले गए झींगों के परिणामस्वरूप 0.5 (टी1-73.3%), 1.75 (टी6-74.1%), और 2.00 (टी7-73.3%) की सापेक्ष कठोरता वाले झींगों की तुलना में 92.5-94.1% की काफी अधिक उत्तरजीविता दर पायी गई थी। उपचार T2, T3, T4 और T5 के बीच उत्तरजीविता दर में कोई खास अंतर नहीं था। परीक्षण के अंत में औसत शारीरिक वजन उपचार टी4 (1.25) और टी5 (1.50) की तुलना में टी1 (0.5) में काफी कम था। अध्ययन से पता चलता है कि समुद्री जल की तुलना में 1.25 से 1.5 गुना की कुल कठोरता वाला आईएसडब्ल्यू, पी. वन्नामेय के लिए सर्वोत्तम उत्पादन पैरामीटर है, जबकि सापेक्ष कठोरता 1.5 से अधिक और 0.75 से नीचे जाने पर उत्तरजीविता दर कम हो जाती है।

भिन्न भिन्न लवणताओं और आयनिक मापदंडों के अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल में पी. वन्नामेय पोस्ट-लार्वा की वृद्धि और उत्तरजीविता

राजस्थान में अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल (आईएसडब्ल्यू) आधारित झींगा फार्मों का सर्वेक्षण करते समय, निम्न और उच्च उत्पादकता की रिपोर्ट करने वाले फार्मों की पहचान की गई और आईपी ग्रेड लवण का उपयोग करके कृत्रिम रूप से जल को पालन हेतु तैयार किया गया। परीक्षण में 8 ISW उपचार मीडिया शामिल थे, यानी, P1 से P5 (जल जो निम्न उत्पादकता की सूचना दिए थे) और G1 से G3 (उच्च उत्पादकता)। पहले से अलग-अलग लवणता के लिए अनुकूलित पीनियस वन्नामेय पीएल (0.06 ग्राम) को 35 नग/टैंक की दर से तीन प्रतियों में अलग-अलग आईएसडब्ल्यू उपचार मीडिया में संग्रहीत किया गया था और 30 दिनों के लिए नर्सरी



चित्र 25 - अलग-अलग कुल कठोरता के संशोधित अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल परीक्षण मीडिया में 49 दिनों तक पाले गए पी. वन्नामेय किशोरों का अंतिम औसत शारीरिक वजन। बार के ऊपर अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट अक्षर $p<0.05$ पर एक महत्वपूर्ण अंतर दर्शाते हैं।



चित्र 26 - अलग-अलग लवणताओं और आयनिक मापदंडों के आईएसडब्ल्यू उपचार मीडिया में 30 दिनों के तक पाले गए पी. वन्नामेय पीएल की उत्तरजीविता दर। उपचार पी1, पी2, पी3, पी4, पी5, जी1, जी2, जी3 क्षेत्र से एकत्र किए गए नमूनों के समान कृत्रिम रूप से तैयार किए गए आईएसडब्ल्यू परीक्षण मीडिया को संदर्भित करता है। उपचारों में, 'पी' आईएसडब्ल्यू नमूनों को संदर्भित करता है जिसमें झींगा खेत में खराब प्रदर्शन कर रहा था और 'जी' आईएसडब्ल्यू नमूनों को संदर्भित करता है जहां झींगे खेत में सर्वोत्तम प्रदर्शन किया था।

में पाला गया था। सापेक्ष कठोरता <0.5 के साथ आईएसडब्ल्यू उपचार पी1 के परिणामस्वरूप काफी कम उत्तरजीविता (18.8%) और अंतिम औसत शारीरिक वजन (0.18 ग्राम) दर्ज किया गया। 1.02 और 0.86 की सापेक्ष कठोरता के साथ उपचार पी4 और पी5 के परिणामस्वरूप काफी कम उत्तरजीविता (52-55%) और अंतिम शारीरिक वजन (0.32 ग्राम) दर्ज हुआ। आईएसडब्ल्यू परीक्षण मीडिया पी1, पी4 और पी5 के परिणामस्वरूप निम्न स्तर के उत्पादन पैरामीटर मिले, जैसा कि क्षेत्र में देखा गया। आईएसडब्ल्यू उपचार मीडिया पी2 और पी3 के परिणामस्वरूप सामान्य वृद्धि और उत्तरजीविता दर्ज हुई, जैसा कि नमूने जी1 से जी3 के मामले में, क्षेत्र अवलोकनों के विपरीत था। क्षेत्र की स्थितियों में पी2 और पी3 का कम उत्पादन अन्य आयनों के कारण हो सकता है जो इस अध्ययन का हिस्सा नहीं थे या किसान द्वारा अपनाई गई खराब प्रबंधन प्रथाओं के कारण हुआ था। ISW उपचार G1-G3 के बेहतर उत्पादन प्रदर्शन को इनडोर परीक्षण में दोहराया गया, जिससे पता चला कि 1.5 की सापेक्ष कठोरता के साथ ISW उपचार के परिणामस्वरूप *पी. वन्नामेय* का अनुकूलतम उत्पादन प्राप्त हुआ।

पश्चिम बंगाल में झींगा पालन में सीआईबीए-प्लैंकटन$^{प्लस}$ के उपयोग का निरूपण

पश्चिम बंगाल के चरकटला, बामानगर, काकद्वीप में किसानों के तालाबों में प्लैंकटन$^{प्लस}$ की क्षमता का निरूपण किया गया। निरूपण के लिए 1,600 वर्ग मीटर के चार तालाबों को दो प्रकार के उपचारों के साथ लिया गया था, अर्थात नियंत्रण, प्लैंकटन$^{प्लस}$ अनुप्रयोग के बिना और टी1, प्लैंकटन$^{प्लस}$ पूरक के साथ। निरूपण के लिए वाणिज्यिक झींगा फ़ीड का उपयोग किया गया था। प्लैंकटन$^{प्लस}$ का उपयोग 40 पीपीएम पर किया गया था और झींगों का संग्रहण 60 नग/वर्ग मीटर की दर से किया गया था। पालन के 120 दिनों के बाद, प्लैंकटन$^{प्लस}$ पूरकता वाले तालाब से 90.93% की उत्तरजीविता के साथ 11.21 टन/हेक्टेयर की औसत उत्पादकता हासिल की गई जब

चित्र 27 - पश्चिम बंगाल में झींगा पालन में सीबा-प्लैंकटन$^{प्लस}$ का प्रदर्शन स्थल



चित्र 28 - टैंक प्रणाली में एस्कोफिलम नोडोसम अर्क से पोषित पीनियस वन्नामेय का विकास प्रदर्शन।

कि प्लैंकटन[प्लस] का उपयोग न करने पर नियंत्रण तालाब से 9.63 टन/हेक्टेयर की उत्पादकता और 85.40% की उत्तरजीविता दर्ज की गई।

टैंक प्रणाली में पीनियस वन्नामेय की वृद्धि निष्पादन पर एस्कोफाइलम नोडोसम अर्क का प्रभाव

पौधों की वृद्धि और कृषि उत्पादकता में सुधार करने की उनकी क्षमता के लिए *एस्कोफाइलम नोडोसम* अर्क (एएनई) की खोज की गई। वर्तमान अध्ययन में *एस्कोफाइलम नोडोसम* के वाणिज्यिक समुद्री शैवाल अर्क का उपयोग किया गया था। अर्क की अलग-अलग सांद्रता [0.00% (नियंत्रण), 0.10% (T1), 0.01% (T2), 0.001% (T3) और 0.0001% (T4)] के लिए क्रमिक रूप से डिल्यूट किया गया था। उक्त खुराक को वाणिज्यिक झींगा फ़ीड में वैक्यूम लेपित किया गया था जिसमें मौखिक उपभोग के लिए 35% प्रोटीन था। *पी. वन्नामेय* की वृद्धि को बढ़ाने के लिए एएनई के संभावित अनुप्रयोग का अध्ययन करने के लिए 100-दिवसीय आउटडोर प्रयोग किया गया था। नर्सरी में पाले गए झींगा (औसत शारीरिक वजन (एबीडब्ल्यू): 0.69±0.12 ग्राम) को प्रति टैंक 30 नग की दर से एफआरपी टैंकों में यादृच्छिक रूप से संग्रहीत किया गया। आहार की आवश्यकता की गणना की गई और प्रयोगात्मक आहार 30 दिनों तक प्रतिदिन 3 बार सुबह 9 बजे, दोपहर 1 बजे और शाम 5 बजे दिया गया, जिसके बाद अध्ययन के अंत तक नियंत्रण आहार दिया गया। 0.01% (टी2) एएनई खिलाए गए झींगों में टैंक प्रणाली के अंतर्गत काफी बेहतर वृद्धि देखी गई। इस भूरे समुद्री शैवाल के अर्क का झींगा पालन गतिविधियों में संभावित अनुप्रयोग है।

चित्तीदार झींगा *मेटापीनियस मोनोसेरॉस* की वृद्धि निष्पादन पर संग्रहण घनत्व और पालन प्रणाली का प्रभाव

एम. मोनोसेरॉस के ग्रोआउट पालन के लिए अनुकूलतम संग्रहण घनत्व और बेहतर पालन प्रणाली का मूल्यांकन के लिए वर्तमान अध्ययन किया गया था। *एम. मोनोसेरॉस* (3.924 ± 0.04 ग्राम) के हैचरी उत्पादित तरूण झींगों का उपयोग करके 2 × 3 फैक्टोरियल डिजाइन तैयार किया गया था, जिसमें पहले कारक के रूप में एक पालन प्रणाली (मिक्सोट्रोफिक, बायोफ्लॉक और शून्य जल विनिमय प्रणाली के साथ नियंत्रण) और दूसरे कारक के रूप में संग्रहण घनत्व (30 और 60 no/m3) का उपयोग किया गया था। 50 दिनों के परीक्षण के अंत में, सबसे अधिकतम शारीरिक वजन मिक्सोट्रोफिक घनत्व प्रणाली (MxT18: 7.66±0.33 ग्राम; MxT9: 7.4±0.32 ग्राम) में दर्ज किया गया, इसके बाद बायोफ्लॉक सिस्टम (BFT18: 7.39±0.13; BFT9 : 6.15±0.3) दर्ज किया गया। इसी प्रकार, सर्वाधिक उत्तरजीविता दर (96-100%) मिक्सोट्रॉफ़िक निम्न और उच्च-घनत्व समूहों में दर्ज की गई, अध्ययन से पता चला कि चित्तीदार झींगों की बेहतर वृद्धि के साथ मिक्सोट्रॉफ़िक और बायोफ़्लॉक आधारित इकाइयों में अच्छी तरह से संवर्धन किया जा सकता है।

विब्रियो पैराहेमोलिटिकस संक्रमण के खिलाफ एक नए रोगाणुरोधी पेप्टाइड की चिकित्सीय दक्षता का मूल्यांकन

वी. पैराहेमोलिटिकस के विरुद्ध संभावित एंटी-बायोफिल्म गतिविधि



चित्र 29 – भिन्न भिन्न संग्रहण घनत्वों पर अलग-अलग पालन प्रणालियों में पाले गए मेटापीनियस मोनोसेरोस का अंतिम औसत शारीरिक वजन और उत्तरजीविता



चित्र: 30. परिशुद्ध क्रस्टिन का एसडीएस_पेज प्रोफाइल और एसईएम छवियों का जो एएमपी उपचार के खिलाफ वी. पैराहेमोलिटिकस कोशिकाओं की संरचनात्मक विकृति को दर्शाता है।

दर्शाने वाले एक नए रोगाणुरोधी पेप्टाइड का गुणचित्रण किया गया। प्रोटीन को pET-21b (+) वेक्टर में क्लोन किया गया था और प्रोटीन की अभिव्यक्ति *ई. कोली* BL21 (DE3) pLysS कोशिकाओं का उपयोग करके की गई थी। एसईएम इमेजिंग एएमपी उपचार के विरुद्ध *वी. पैराहेमोलिटिकस* कोशिकाओं की संरचनात्मक विकृति प्रदान करती है। वर्तमान परिणामों से पता चलता है कि बायोफ्लॉक तकनीक ने नए पेप्टाइड-क्रस्टिन पर अभिव्यक्ति को बढ़ावा देकर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाया है, आगे इसका उपयोग झींगा रोगों के इलाज के लिए एक गैर विषैले जैव चिकित्सीय एजेंट के रूप में किया जाएगा।

आंत के रोगाणुओं और कार्बोहाइड्रेट चयापचय को प्रभावित करने वाले कार्बन स्रोत

प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट चयापचय को समझने के लिए, बायोफ्लोक उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न कार्बन स्रोतों जैसे टैपिओका (टी 1), चावल की भूसी (T2), T3 (गेहूं का आटा) और T4 (चावल का आटा) और नियंत्रण के संदर्भ में कुछ पाचन एंजाइम जीन का अध्ययन किया गया था। नियंत्रण समूह की तुलना में पूरे उपचार समूह में जीन अभिव्यक्ति अनियमित थी। प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट चयापचय में शामिल प्रमुख एंजाइम जैसे ट्रिप्सिन, काइमोट्रिप्सिन, कैथेप्सिन एल, कैथेप्सिन बी, α-एमाइलेज, पाइरूवेट काइनेज, क्रस्टेशियन हाइपरग्लाइसेमिक हार्मोन, ट्राईसिलग्लाइसिरॉल लाइपेस और फैटी एसिड सिंथेज़ हैं, जो झींगा में पाचन प्रक्रिया में मदद करते हैं। ऊपर उल्लिखित सभी एंजाइमों ने अभिव्यक्ति स्तरों में महत्वपूर्ण अंतर दर्शाए हैं। उपचार के बीच, नियंत्रण की तुलना में मुख्य रूप से टी4, उसके बाद टी2, टी3 और टी1 में उच्चतर अभिव्यक्ति देखी गई। निष्कर्ष में, कार्बन स्रोत विविध लाभकारी रोगाणुओं को बढ़ाकर प्रणाली की प्रभावकारिता को बढ़ा सकते हैं, जिससे वृद्धि, प्रतिरक्षा और उत्पादन में वृद्धि हो सकती है।



चित्र 31 - ट्रिप्सिन, काइमोट्रिप्सिन, कैथेप्सिन एल, कैथेप्सिन बी और α-एमाइलेज़ का तुलनात्मक mRNA अभिव्यक्ति स्तर



चित्र 32 - कार्बोहाइड्रेट और फैटी एसिड चयापचय से संबंधित जीन, क्रस्टेशियन हाइपरग्लाइसेमिक हार्मोन (सीएचएच), पाइरूवेट किनेज (पीके), ट्राईसिलग्लिसरॉल लिपेज (टीजीएल), और फैटी एसिड सिंथेज़ (एफएएस) का का तुलनात्मक mRNA अभिव्यक्ति स्तर।

स्वयं सेवी समूहों के लिए तैरते एवं जलमग्न बॉक्सों में कीचड़ केकड़ों के पालन का निरूपण

एनजीआरसी-सीबा ने किसानों और स्वयं सेवी समूह के सदस्यों के लिए आजीविका सृजन गतिविधि के रूप में महाराष्ट्र के तीन जिलों जैसे पालघर (500 बक्से), रत्नागिरी (500 बक्से), और सिंधुदुर्ग (500 बक्से) में कीचड़ केकड़ों का बॉक्सों में पालन का प्रदर्शन किया। स्वयं सेवी समूह के सदस्यों को पीवीसी फ्रेम वाले केकड़ों के बॉक्सों की डिजाइनिंग और निर्माण, केकड़े प्रजातियों (हरा और नारंगी) की पहचान, संग्रहण, आहार, पानी की गुणवत्ता विश्लेषण, केकड़े बक्से की सफाई और तालाब प्रबंधन जैसी तकनीकी गतिविधियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पालघर और सिंधुदुर्ग के स्वयं सेवी समूह के सदस्यों ने वन्य रूप से नारंगी केकड़े और हरे केकड़े एकत्र किए और दिन में दो बार 3 से 5% शारीरिक के वजन की दर से ट्रैश मछलियों को खिलाया। 4-8 महीनों की पालन अवधि के बाद, पालघर और सिंधुदुर्ग एसएचजी ने स्थानीय केकड़ा खरीदारों को क्रमशः नारंगी केकड़ा (आकार: 380-460 ग्राम) और हरा केकड़ा (आकार: 650-1,275 ग्राम) बेचा, और ₹3.28 लाख की राशि अर्जित की।

विविध प्रबंधन और लवणीय व्यवस्था के तहत आर्टीमिया बायोमास उत्पादन

सीमित प्रणाली में आर्टेमिया बायोमास उत्पादन एक उभरता हुआ लाइव फ़ीड उद्योग है जहां सॉल्टपैन पारिस्थितिकी तंत्र की तुलना में अंतर्स्थलीय या हैचरी के निकटस्थ क्षेत्रों

चित्र 33 - फ्लोटिंग क्रैब बॉक्स कल्चर इकाइयाँ

चित्र 34 - पालन से प्राप्त नारंगी और हरे कीचड़ केकड़े

प्रजातियां	प्रारम्भिक आकार प्रति बाक्स	घनत्व प्रति युनिट	उतराई पर आकार	कुल उतराई कि. ग्रा. (3 पिंजरे)	दर (₹)	आय (₹)
हरा कीचड़ केकड़ा	80-200 ग्रा.	550 नग.	550-1,275 ग्रा.	274.12	850	2,33,500
नारंगी कीचड़ केकड़ा	50-120 ग्रा.	800 नग.	300-420 ग्रा.	237	400	94,800
कुल (₹)						**3,28,300**

तालिका – 2 केकड़ों के बाक्स पालन में संग्रहीत कीचड़ केकड़े और आय सृजन का विवरण



चित्र: 35. विभिन्न आहार प्रबंधन और लवणता प्रबंधन व्यवस्थाओं के तहत आर्टीमिया बायोमास का कुल उत्पादन

में पालन की संभावना के साथ जैव-सुरक्षित प्रणालियों में लाइव परिपक्वता फ़ीड का उत्पादन किया जा सकता है।

टैंक आधारित आर्टेमिया बायोमास उत्पादन में विभिन्न प्रबंधन व्यवस्थाओं को अनुकूलित करने और भारतीय सफेद झींगा के लिए परिपक्वता आहार के रूप में इसकी भूमिका का पता लगाने के लिए दो सेट प्रयोग किए गए। परीक्षण-I के तहत, टैंकों (100 एल) में 18 दिनों की अवधि के दौरान आर्टेमिया बायोमास का उत्पादन ऑटोट्रॉफ़िक (माइक्रोएल्गे, TA), हेटरोट्रॉफ़िक (TH), और मिक्सोट्रॉफ़िक (TMX) पालन प्रणालियों में किया गया था। परीक्षण II के तहत, आर्टीमिया बायोमास उत्पादन का मूल्यांकन विभिन्न लवणीय व्यवस्थाओं (10, 15, 20, 30, 40 और 50 पीपीटी) में किया गया था। परीक्षण-I के अंत में, ऑटोट्रॉफ़िक इकाइयों, TA (0.360 ±0.47 किग्रा टन-1) की तुलना में मिक्सोट्रॉफ़िक (TMX) और हेटरोट्रॉफ़िक समूहों, (TH) (1.22 ± 0.15 किग्रा टन-1) में काफी अधिक (पी<0.05) पैदावार (1.3±0.95 किग्रा टन-1) दर्ज की गई। परीक्षण II के तहत, लवणता में आर्टेमिया बायोमास उत्पादन में महत्वपूर्ण भिन्नता देखी गई, उच्चतम (पी<0.05) उत्पादकता (1.51±0.08 किग्रा टन-1) 50 पीपीटी और उसके बाद 40 पीपीटी (1.30±0.051 किग्रा टन-1) में दर्ज की गई। परिपक्व आबादी का उच्चतम प्रतिशत 40 पीपीटी और 30 पीपीटी में दर्ज किया गया। आर्टेमिया मॉडल की टैंक-आधारित जैव-सुरक्षित उत्पादन क्षमता वाणिज्यिक झींगा हैचरी के लिए एसपीएफ़ लाइव परिपक्वता आहार के रूप में इसकी व्यापक स्वीकार्यता के लिए नए द्वार खोल सकती है।

समुद्री पॉलीकीट कृमि, *पेरिनेरिस नुनटिया* का संवर्धन

मंडपम क्षेत्र के मरैकयार पट्टिनम क्षेत्र के समुद्र तट के रेतीले सह कैलकेरियस सब्सट्रेट से विभिन्न आकार के *पेरिनेरिस नुनटिया* (6 से 15 सेमी आकार) एकत्र किए गए थे। इन कृमियों को नमूने वाले क्षेत्र से एकत्र की गई गीली मिट्टी के सब्सट्रेट के साथ मिट्टी के बर्तनों में स्थानांतरित किया गया था। polyLCO-HCO (Carr et al., 2011) के प्राइमरों का उपयोग करके साइटोक्रोम सी ऑक्सीडेज सबयूनिट, आई (सीओआई) जीन (700 बीपी) के साथ पारंपरिक और पीसीआर तरीकों से कृमियों की पहचान की गई थी। कृमियों का उनकी जैव रासायनिक संरचना, विशेष रूप से प्रोटीन, वसा और फाइबर (क्रमशः 8.07, 3.15 और 0.09% (डब्ल्यूडब्ल्यूबी)) के लिए विश्लेषण किया गया था। मिट्टी के सब्सट्रेट में पीएच, विद्युत चालकता, कार्बनिक कार्बन, कुल उपलब्ध फॉस्फोरस और उपलब्ध नाइट्रोजन सामग्री जैसे मापदंडों की भी सूचना मिली जो क्रमशः 8.3, 3.408, 0.164, 0.67, 29.12 और 3.75 है और इसकी तुलना तटीय एक्वाकल्चर प्राधिकरण मानकों के साथ की

चित्र 36 - समुद्री पॉलीकीट कृमि, पेरिनेरिस नुंटिया बायोमास

गई। कुल लगभग 425 तरूण रेतीली कृमियों (7.1 सेमी आकार के 0.28 ग्राम) *पी. नुनटिया* को 2.4 वर्ग मीटर क्षेत्रफल (40 सेमी × 60 सेमी क्षेत्र, प्रति टब 25 संख्या) के 17 आयताकार टबों में रखा गया था। उन्हें सीबा द्वारा विकसित झींगा लार्वा फ़ीड (1) का 5 ग्राम पाउडर के साथ 50 मिलीलीटर शैवाल चेटोसेरोस कैल्सीट्रॉन (106 / सीएफयू / एमएल) सुबह और शाम वैकल्पिक रूप से खिलाया गया था। 120 दिनों की पालन अवधि के पश्चात कृमियों का आमाप 1.1 ग्राम के औसत कार तक पहुंच गया, 80% उत्तरजीविता के साथ 374 ग्राम वजन वाली कृमियों को निकाला गया।

खारे जल में *ग्रेसीलेरिया सैलिकोर्निया* पालन

एमईएस और केईएस झींगा तालाब में प्रायोगिक परीक्षणों की एक श्रृंखला का उपयोग करके *ग्रेसिलेरिया सैलिकोर्निया* के लिए अनुकूलतम बायोमास घनत्व, लवणता, पालन की गहराई और पालन के दिनों का मानकीकरण किया गया है। रामनाथपुरम तटीय क्षेत्र से समुद्री शैवाल के पौधे एकत्र किए गए थे। एकत्रित शैवाल से एपिफाइट्स और संलग्न जीवों को हटा दिया गया, और शैवाल को फ़िल्टर किए गए समुद्री जल के साथ एफआरपी टैंक में संग्रहीत किया गया। तीन सीआरडी प्रयोग आयोजित किए गए जिनमें से पहला परीक्षण अनुकूलतम प्रारंभिक बायोमास गहनता को मानकीकृत करना था। छह उपचार अर्थात, प्रारंभिक बायोमास घनत्व 25 ग्राम-$^{-2}$, 50 ग्राम$^{-2}$, 75 ग्राम-$^{-2}$, 100 ग्राम$^{-2}$, 150 ग्राम$^{-2}$ और 200 ग्राम$^{-2}$ तीन प्रतियों में 100 लीटर टैंकों में 45 दिनों के लिए किए गए थे। परिणामों से पता चला कि उच्च एसजीआर 50 ग्राम$^{-2}$ में पाया गया, उसके बाद 25 ग्राम$^{-2}$ और 75 ग्राम-$^{-2}$ में पाया गया। दूसरा सीआरडी प्रयोग अनुकूलतम लवणता का पता लगाना है जिसके लिए तीन प्रतियों में छह उपचार अर्थात 15 पीपीटी, 20 पीपीटी, 25 पीपीटी, 30 पीपीटी, 35 पीपीटी, 40 पीपीटी के साथ प्रयोग किया गया है। परिणाम में 20 पीपीटी और उसके बाद 25 पीपीटी में उच्च एसजीआर देखा गया। तीसरा प्रायोगिक परीक्षण उस अनुकूलतम गहराई का पता



चित्र 37 - बायोमास घनत्व के आधार पर जी. सैलिकोर्निया एसजीआर



चित्र 38 - लवणता के आधार पर जी. सैलिकोर्निया एसजीआर



चित्र: 39. गहराई के आधार पर जी. सैलिकोर्निया एसजीआर

लगाना है जिस पर संवर्धन किया जाना है। परिणामों से ज्ञात होता है कि एसजीआर 0.5 से 0.75 मीटर तक अधिक था। इसके बाद, इस परिणाम के आधार पर दो तालाब परीक्षण



चित्र 40. तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में लैंडसैट-8 उपग्रह चित्रों का उपयोग करके 2020 की लवण प्रभावित भूमि।

किए गए और परिणामों को मान्य किया गया, आगे और अध्ययन की आवश्यकता है। इस प्रकार अध्ययन से समुद्री शैवाल प्रजाति *ग्रैसिलेरिया सैलिकोर्निया* के लिए अनुकूलतम संवर्धन अभ्यास पर पहुंचने में मदद मिली, जिसमें प्रारंभिक बायोमास घनत्व 50 ग्राम$^{-2}$, लवणता 20 पीपीटी, सतह से संवर्धन की गहराई 0.5 से 0.75 मीटर और संवर्धन के दिन 45 दिन हैं।

गूगल अर्थ इंजन में मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करके जलीय कृषि के लिए मिट्टी के लवणीकरण के विभिन्न स्तरों की पहचान

सीमित डेटा उपलब्धता के कारण लवण प्रभावित भूमि (एसएएल) का आकलन दुनिया भर में, विशेष रूप से विकासशील देशों में एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। रिमोट सेंसिंग (आरएस) डिजिटल उपग्रह डेटा और उनकी वर्णक्रमीय विशेषताओं का विकास मृदा की लवणता का आकलन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। मृदा की लवणता का आकलन करने के लिए सबसे उपयुक्त उपग्रह छवि का पता लगाने के लिए दो अलग-अलग स्थानिक रिज़ॉल्यूशन वाले उपग्रह चित्रों के बीच तुलनात्मक मूल्यांकन किया गया है। 2020 का सेंटिनल-2 और लैंडसैट-8 डेटा गूगल अर्थ इंजन (GEE) डेटा कैटलॉग से आयात किया गया था। वनस्पति के वर्णक्रमीय सूचकांक (सामान्यीकृत अंतर वनस्पति सूचकांक, उन्नत वनस्पति सूचकांक, मृदा समायोजित वनस्पति सूचकांक, व्यापक अंतर वनस्पति सूचकांक) और मृदा की लवणता (सामान्यीकृत अंतर लवणता सूचकांक, चंदवा प्रतिक्रिया लवणता सूचकांक, लवणता सूचकांक (SI), SI-I, SI-II, SI-III, लवणता सूचकांक 1 (SI1), SI2, SI3, SI4, SI5) की गणना की गई। विश्लेषण के लिए रैंडम फ़ॉरेस्ट मॉडल का उपयोग किया गया था। मॉडल को प्रशिक्षित करने और मान्य करने के लिए एकत्रित मृदा नमूनों के विद्त चालकता मूल्यों का उपयोग किया गया था। मृदा के 70% नमूने मॉडल प्रशिक्षण के लिए और 30% सत्यापन के लिए उपयोग किए गए थे। परिणाम से पता चलता है कि लैंडसैट-8 की तुलना में सेंटिनल-2 लवणीय मृदा क्षेत्रों का पता लगाने में अधिक सक्षम है। 5-गुना क्रॉस-वैलिडेशन के आधार पर, सेंटिनल-2 और लैंडसैट-8 की समग्र सटीकता 98.31% और 97.19% आंकी गई। लैंडसैट-8 और सेंटिनल-2 का उपयोग कुल एसएएल क्रमशः 12,446 हेक्टेयर और 13,225 हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया था। अध्ययन ने विभिन्न स्थानिक दृढ़ताओं में एसएएल का पता लगाने के लिए आरएस तकनीकों की प्रभावशीलता को दर्शाया, जो वैकल्पिक आजीविका विकल्पों के निर्माण के लिए राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर अनुत्पादक भूमि और उसके प्रबंधन का मूल्यांकन करने में मदद कर सकता है।

झींगा फार्म के लिए भू-स्थानिक डेटाबेस

ArcGISpro के उपयोग से https://scihub

copernicus.eu/dhus/ से डाउनलोड की गई सेंटिनल 2 उपग्रह छवि से अलग अलग फार्मों के स्थान के साथ झींगा फार्म क्लस्टर और भूमि उपयोग भूमि कवर मानचित्र तैयार किया गया था। अध्ययन क्षेत्र में मौजूदा जलीय कृषि लगभग 660 हेक्टेयर है, और निष्क्रिय जलीय कृषि फार्म लगभग 330 हेक्टेयर है जैसा चित्र 41 में दर्शाया गया है। स्थानिक डेटा अर्थात जल निकासी पैटर्न, मिट्टी की बनावट, भू-आकृति विज्ञान, लिथोलॉजी, भूमि उपयोग भूमि कवर (एलयूएलसी) और सामाजिक-आर्थिक डेटा अर्थात तालाब का आकार, पाली जाने वाली प्रजातियां, स्रोत जल, पानी की लवणता, पालन की तीव्रता, सर्वेक्षण संख्या, गांव का नाम, मालिक का नाम, कुल भूमि क्षेत्र, पता और पंजीकरण संख्या को डेटाबेस में शामिल किया गया है।

उत्पादन निष्पादन और जलीय गुणवत्ता चरों के आधार पर झींगा पालन के लिए उत्तर-पश्चिमी भारत के अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल संसाधनों की उपयुक्तता का आकलन

हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अंतर्स्थलीय झींगा पालन तेजी से बढ़ रहा है और लवणीय भूजल की जलीय गुणवत्ता चरों के आधार पर स्थान का चयन खेती की समग्र सफलता के लिए जरूरी है। हरियाणा, राजस्थान और पंजाब राज्यों में व्हाइटलेग झींगा, *पीनियस वन्नामेय* पालन करने वाले परिचालन फार्मों से लवणीय भूजल के नमूने एकत्र किए गए और जलीय गुणवत्ता चरों का अनुमान लगाया गया। एकत्र किए गए लवणीय भूजल के नमूनों को कृषि उत्पादकता डेटा के आधार पर समूहीकृत किया गया, जैसे उच्च (उपज> 3,000 किग्रा/एकड़; n=79), मध्यम (उपज 1,500-3,000 किग्रा/एकड़; n=37) और कम उत्पादकता (उपज) <500 किग्रा/एकड़; n=8)। नमूना समूहों के बीच सापेक्ष कठोरता में काफी भिन्नता थी, जिससे अत्यधिक उत्पादक खेतों ने 1.53±0.03 का औसत आरएच प्रदर्शित किया, और मध्यम एवं निम्न उत्पादक समूहों ने क्रमशः 1.79±0.07 और 0.93±0.07 का औसत मान दर्शाया।

मध्यम उत्पादकता (1.20±0.06) वाले नमूनों की तुलना में अत्यधिक उत्पादक समूह (1.48±0.04) के लिए Mg2+/Ca2+ अनुपात काफी अधिक था। अंतर्स्थलीय लवणीय भूजल, जिसकी कुल कठोरता समुद्री जल से अधिक है, को लगभग 1.5 के आरएच स्तर तक समान लवणता में तनुकृत करने पर *पी. वन्नामेय* की वृद्धि और उत्पादन में सुधार पाया गया है। 1.8 से अधिक आरएच वाले स्रोत जल की उत्पादकता में कमी देखी गई है। समान लवणता वाले समुद्री जल की तुलना में कम कठोरता वाले नमूने, यानी, आरएच <1.0, *पी. वन्नामेय* की खेती के लिए उपयुक्त नहीं हैं और इसके परिणामस्वरूप कम उत्पादकता के कारण अधिक मृत्यु दर होती है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि स्रोत जल की सापेक्ष कठोरता हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अंतर्स्थलीय झींगा पालन तेजी से बढ़ रही है और खारे भूजल के जलीय गुणवत्ता चर के आधार पर स्थान का चयन खेती के संचालन की समग्र सफलता के लिए जरूरी है।



चित्र 41 - तिरुवल्लूर जिले में झींगा फार्म समूह



चित्र 42. उत्तर-पश्चिमी भारत से अंतर्स्थलीय भूजल संसाधनों के मूल्यांकन के लिए नमूना स्थल।

जीआईएस में एकीकृत विश्लेषणात्मक पदानुक्रम प्रक्रिया आधारित अनिश्चितता विश्लेषण का उपयोग करके बहु-मानदंड तटीय संसाधनों की भेद्यता मूल्यांकन

पर्यावरणीय स्थितियों में परिवर्तन राष्ट्रों और क्षेत्रों में परस्पर तनाव और दबाव के कारण भेद्यता को प्रभावित करते हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते व्यापार और वाणिज्य के कारण तटीय संसाधन गंभीर तनाव में हैं और मानव आबादी उन पर निर्भर है। बदलते जलवायु परिवर्तन के प्रति तटीय संवेदनशीलता ने क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एक बड़ी चिंता पैदा कर दी है। वर्तमान मॉडल अध्ययन ने दक्षिण भारत में घनी आबादी वाले जिलों की तटीय भेद्यता का आकलन किया, जो उच्च आवृत्ति पर चरम जलवायु घटनाओं से ग्रस्त हैं। अध्ययन के लिए जिन सात महत्वपूर्ण प्रभावशाली चरों का चयन किया गया है, वे थे समुद्र के स्तर में वृद्धि, तटीय ऊंचाई, तटीय ढलान, अत्यधिक बारिश के दिन, ऐतिहासिक तटरेखा परिवर्तन, ज्वारीय सीमा और भू-आकृति विज्ञान। पहचाने गए चरों को सापेक्ष महत्व के आधार पर रैंक किया गया और विश्लेषणात्मक पदानुक्रम प्रक्रिया-आधारित अनिश्चितता विश्लेषण का उपयोग करके वेटेज द्वारा जोड़ा गया। भू-स्थानिक तकनीकों का उपयोग करके समग्र भेद्यता प्राप्त करने के लिए मैप किए गए और पुनर्वर्गीकृत चरों को एकीकृत किया गया है।

अध्ययन से पता चलता है कि तट ने एसएलआर प्रभाव, अत्यधिक वर्षा, भू-आकृति विज्ञान और ऊंचाई के प्रति उच्च संवेदनशीलता का अनुभव किया है; तटरेखा परिवर्तन के प्रति मध्यम संवेदनशीलता और तटीय ढलान एवं ज्वारीय सीमा के प्रति सबसे कम संवेदनशीलता। तटीय क्षेत्रों में ज्वारीय सीमा का अध्ययन किया गया, 29% और 14.3% में उच्च संवेदनशीलता थी; दो

	सापेक्ष कठोरता	Mg^{2+}/Ca^{2+} Ratio	$Na+/K+$ Ratio	कुल क्षारीयता (पीपीएम)
उच्च उत्पादकता (एच)				
एच : उपज >3,000 कि.ग्रा./एकड़	1.5398± 0.0317[b]	1.4848± 0.0481[b]	249.24± 22.16[b]	238.13±6.71[b]
मध्यम उत्पादकता (एम)				
एम: 1,500-3,000 कि.ग्रा./एकड़	1.7931± 0.0784[a]	1.2015± 0.0615[c]	208.60± 39.69[b]	231.41±14.02[b]
निम्न उत्पादकता (एल)				
एल: < 1,500 कि.ग्रा./एकड़	0.9385± 0.0743[c]	1.9424± 0.0516[a]	422.07± 59.21[a]	417.81±85.97[a]
एफ साख्यिकी	21.0222	13.2998	4.9433	15.7609
पी मान	< 0.0001	< 0.0001	0.0086	< 0.0001

तालिका 3 - हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में परिचालन झींगा फार्मों से अंतर्स्थलीय खारे भूजल नमूनों के आयनिक पैरामीटर (एन=139)। मानों को औसत±एसई के रूप में व्यक्त किया गया है। एक ही कॉलम के भीतर अलग-अलग सुपरस्क्रिप्ट अक्षर p <0.05 पर एक महत्वपूर्ण अंतर दर्शाते हैं।

चित्र 43 - भारत के उत्तरी तमिलनाडु के तटीय जिलों का समग्र भेद्यता मानचित्र

चयनित घनी आबादी वाले जिलों (कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों) में 70.5% और 85.7% में मध्यम संवेदनशीलता थी। पर्यावरणीय संवेदनशीलता का आकलन करने के लिए भू-स्थानिक तकनीकों को लागू करने से विश्वसनीय और सूचनात्मक मानचित्र तैयार हुए जो संरक्षण और अनुकूलन उपायों की योजना बनाने के लिए, महत्वपूर्ण तटीय क्षेत्रों को निर्धारित करने के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेंगे।

रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का उपयोग करके जल निकायों की बहु-दशकीय स्थिति - भारत के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक मॉडल अध्ययन

घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जल निकायों की क्षति के कारण पारिस्थितिक असंतुलन के खतरे के बारे में चिंताएं व्यक्त की गई हैं।



चित्र 44 - उत्तरा तामलनाडु म 1978 आर 2018 क बाच जल निकाया म पारवतन का आकलन

वर्तमान अध्ययन में उपग्रह डेटा, भौगोलिक सूचना प्रणाली, स्थानिक विश्लेषण, जमीनी सच्चाई सत्यापन और क्षेत्र सत्यापन का उपयोग करके 1978 और 2018 के बीच भारत के तमिलनाडु के उत्तरी जिलों में क्षेत्र, संख्या और आकार के संदर्भ में जल निकायों में परिवर्तन का पता लगाया गया। विश्लेषण से पता चला कि कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में जल निकायों का क्षेत्रफल क्रमशः 3,027 हेक्टेयर और 4,363 हेक्टेयर कम हो गया है। लगभग 179 जल निकाय पूरी तरह से गायब हो गए हैं, और 628 जल निकायों को आंशिक रूप से अन्य उद्देश्यों के लिए परिवर्तित कर दिया गया है। लुप्त जल निकायों में से छोटे, मध्यम और बड़े जल निकायों की संख्या क्रमशः 53, 93 और 33 है। जल निकायों के परिवर्तन का मुख्य कारण कृषि एवं भवनों में परिवर्तन था। कुल मिलाकर, जल निकायों का क्षेत्रफल और संख्या क्रमशः 9% और 12% कम हो गई है, जबकि जनसंख्या 37% बढ़ गई है। मानवजनित गतिविधियों के कारण नष्ट हुए जल निकायों की सुरक्षा के लिए सख्त निगरानी नियमों के साथ राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर जल निकायों की वैज्ञानिक सूची और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन की मांग होती है।

जनन, प्रजनन एवं लार्वा संवर्धन

जनन, प्रजनन एवं लार्वा संवर्धन

प्रमुख उपलब्धियां

सुनहरी धारीदार सीब्रीम मछली के प्रजनन में सफलता

सुनहरी धारीदार सीब्रीम मछली *(रबडोसारगस सरबा)* स्पैरिडे परिवार से संबंधित है और भारत में व्यापक रूप से पसंदीदा खाद्य मछली है, घरेलू बाजार में इसकी कीमत ₹400-500/किलोग्राम है। यूरीहैलाइन प्रजाति होने के कारण, आर. सरबा में तालाबों और पिंजरों दोनों में खेती की बेहतर क्षमता है। फ़िनफ़िश हैचरी में बंद स्थितियों के अंतर्गत आर. सरबा का ब्रूडस्टॉक विकास और प्रजनन कार्य प्रारम्भ किया गया था और 350 ग्राम से 1,800 ग्राम तक के आकार की लगभग 45 प्रजनक मछलियों को दिसंबर, 2020 से दो वर्षों के लिए रीसर्क्युलेशन एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) और छोटी आकार के पिंजरों में रखरखाव किया गया था। नवंबर 2022 के पहले सप्ताह से स्त्रावी परिपक्व नर और विकासशील अंडाणु वाली मादाओं को देखा गया। दिसंबर 2022 के दूसरे सप्ताह के दौरान, मादा मछली (917 ग्राम) का अंडाणु व्यास 414 µm और दो स्त्रावी नर (907 ग्राम और 240 ग्राम) मछलियों को 24 घंटे के अंतराल पर प्राइमिंग और रिजोल्यूशन खुराक के रूप में एचसीजी और एलएचआरएचए हार्मोन दिए गए। समाधान खुराक के 12 घंटे के बाद, 9 दिसंबर 2022 को सहज स्पॉनिंग देखी गई और कुल 7,000 अंडे (878 µm) एकत्र किए गए। निषेचन और अंडे सेने की दर क्रमशः 71% और 40% अनुमानित थी। इसके बाद, एक ही मछली से लगातार 4 दिनों तक बैच स्पॉनिंग देखी गई। कुल मिलाकर, 5 बैच प्राप्त हुए। दूसरे से पांचवें बैच के उन बैचों की उर्वरता क्रमशः 8,000, 14,000, 13,000 और 6,000 थी और 5वें अंडे देने वाले अंडे अनिषेचित थे। नए निकले लार्वा की लंबाई 1.92 मिमी मापी गई। 35 पीपीटी लवणता और 25°C पानी के तापमान पर ऊष्मायन समय 16 घंटे अनुमानित किया गया था।

लार्वा संवर्धन

नए निकले लार्वा, जिनकी कुल लंबाई औसतन 1.96±0.1 मिमी है, को 10 लार्वा/लीटर की दर से इनडोर एफआरपी आयताकार लार्वा रियरिंग

टैंक (एलआरटी) में संग्रहीत किया गया था। हरे शैवाल, *क्लोरेला सलीना* को अंडे सेने के बाद दूसरे दिन से 22वें दिन तक एलआरटी में डाला गया। अंडे सेने के बाद दूसरे दिन शाम से 25वें दिन तक लार्वा को रोटिफ़र खिलाया गया। रोटिफ़र्स को प्रतिदिन दो बार पालन टैंकों में डाला गया और शैवाल के साथ मछली के लार्वा को खिलाने से छह घंटे पहले समृद्ध किया गया। शुरुआती 6 दिनों के लिए एलआरटी में रोटिफ़र का घनत्व 4-8 नग/मिलीलीटर पर बनाए रखा गया और शेष दिनों में धीरे-धीरे 15 नग/मिलीलीटर तक बढ़ाया गया। हैचिंग के 12 दिनों के बाद से आर्टीमिया नौप्ली को फ़ीड के रूप में आपूर्ति की गई और 25वें दिन तक 0.5-6 नौप्ली/एमएल प्रतिदिन दो बार दी गई। हैचिंग के 19वें दिन से कृत्रिम आहार की आपूर्ति की गई। हैचिंग के 35 से 37 दिनों के बीच लार्वा किशोर अवस्था में बदल गया है। संवर्धन अवधि के दौरान देखा गया तापमान 26-27°C±0.5 के बीच था। हैचिंग के 30वें दिन तक लवणता 35 पीपीटी पर बनाए रखी गई और फिर 40 दिनों की शेष पालन अवधि के लिए इसे घटाकर 30 पीपीटी कर दिया गया। संवर्धन के 25 दिनों तक कुल 1,500 अर्ली फ्राई का उत्पादन किया जा सका है। लार्वा पालन को बढ़ाने

चित्र 1 – सुनहरी धारीदार सीब्रीम प्रजनक

चित्र 2 – निषेचित अंडे

चित्र 3 – नव जन्मे लार्वा

चित्र 4 – हैचिंग के 10वें दिन का लार्वा

चित्र 5 – हैचिंग के 26वें दिन का लार्वा

चित्र 6 – सीब्रीम अंगुलिका

का प्रयास किया जा रहा है।

जनन, प्रजनन एवं लार्वा संवर्धन

एशियाई सीबास प्रजनन एवं बीज उत्पादन

जनवरी से दिसंबर 2022 के दौरान सीबास में कुल 12 प्रेरित अंडजनन परीक्षण किए गए और 28 सफल अंडजनन देखा गया। प्रेरित प्रजनन परीक्षणों के अलावा, जुलाई से सितंबर 2022 तक चार सहज अंडजनन देखा गया है। सभी अंडजननों से कुल 7.08 मिलियन अंडे प्राप्त हुए, औसत निषेचन दर 66% थी और हैचिंग दर 73% थी। निजी सीबास हैचरी को कुल 2.8 मिलियन अंडे की आपूर्ति की गई और किसानों एवं घरेलू परियोजनाओं को 5.15 लाख पोनों और अंगुलिका आकार के बीजों की आपूर्ति की गई। बीज आपूर्ति से कुल 20 किसान लाभान्वित हुए।

सीबास प्रजनकों का सुदृढ़ीकरण

तालाब में पाले गए 2 से 3 किलोग्राम आकार के सीबास प्रजनकों (17 संख्या) को चेट्टीपुलम गांव, वेदारण्यम तालुक, तमिलनाडु से खरीदा गया था और ऑक्सीजन की सहायता से साथ सड़क मार्ग द्वारा हैचरी में लाया गया था। संगरोध के बाद, प्रजनक मछलियों को ट्रैश फिश आदत छुड़ाया गया और प्रजनन परीक्षणों के लिए रखरखाव किया गया।

मैंग्रोव रेड स्नैपर का कैप्टिव प्रजनन और बीज उत्पादन

मैंग्रोव रेड स्नैपर *लुत्जानस अर्जेंटिमाकुलैटस* की कुल 90 प्रजनक मछलियों को दो प्रकार की मछली रखे जाने वाली प्रणालियों में रखरखाव किया गया था जैसे कि 100 टन क्षमता वाले आरसीसी टैंक (एन = 30; शरीर का वजन, 3.5 से 6.2 किलोग्राम) और 600 वर्ग मीटर मिट्टी के तालाब (एन = 60) ; शरीर का वजन, 3.2 से 4.5 किग्रा)। दोनों ही प्रणालियों के प्रजनकों ने मार्च से अक्टूबर 2022 के दौरान परिपक्वता प्राप्त कर ली हैं, जो गोनाडल हिस्टोलॉजी से स्पष्ट है। वृषण में शुक्राणुओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति (पी<0.05)

चित्र 7 - कैप्टिव परिपक्व मैंग्रोव रेड स्नैपर एल. अर्जेंटिमाकुलैटस

चित्र 8 - हैचरी में उत्पादित किशोर एल. अर्जेंटिमाकुलैटस (180 डीपीएच)



चित्र 9 - विटेलोजेनिक चरण (पीवी), प्राथमिक योक ग्लोब्यूल चरण (पीवाईएस), कॉर्टिकल एल्वियोली चरण (सीए) और पेरी न्यूक्लियोलर (पीएन) चरण की उपस्थिति दर्शाता रेड स्नैपर का डिम्बग्रंथि सेक्शन



चित्र 10 - प्रजनन काल के दौरान प्रचुर मात्रा में शुक्राणु (एसजेड) दर्शाता रेड स्नैपर के वृषण

और कम दैहिक कोशिकाएं की देखी गई, जिसकी पुष्टि नमूनों के दौरान नर मछलियों से स्त्राव प्रवाह की उपस्थिति से हुई। अंडाशय के ऊतक विज्ञान ने प्राथमिक योक (yolk) ग्लोब्यूल चरण (पीवाईएस), कॉर्टिकल एल्वियोली चरण (सीए) और पेरी न्यूक्लियोलर (पीएन) चरणों की तुलना में पोस्ट-विटेलोजेनिक चरणों (पीवी) की प्रचुर उपस्थिति का खुलासा किया। इस अवधि के दौरान परिपक्वता प्रतिशत 35 से 58% के बीच था और मादाओं की तुलना में नर मछलियों की अधिकता देखी गयी। 450 µm से अधिक अंडाणु व्यास वाली परिपक्व मादाओं और आसानी से स्त्राव छोड़ने वाले नरों पर प्रजनन प्रयोगों के लिए चुना गया। एचसीजी हार्मोन का उपयोग करके कुल छह प्रेरित प्रजनन प्रयोग किए गए और चार परीक्षणों में सफल अंडजनन, निषेचन और हैचिंग देखी गई। लार्वा का पालन के शुरूआत में रोटिफ़र्स और कोपेपोड नौप्ली खिलाया गया और उसके बाद आर्टेमिया नौप्ली दिया गया। हैचिंग के 20वें दिन बाद, तैयार लार्वा आहार दिया गया है। हैचरी से उत्पादित कुल 200 तरूण रेड स्नैपर मछलियों को ग्रो आउट पालन के लिए पिंजरों में रखा गया था। संवर्धन के दौरान हैचिंग के छठे दिन और 11वें दिन लार्वा की उत्तरजीविता दर में कमी देखी गई। *एल. अर्जेंटीमैकुलेटस*के बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोपेपॉड और अनुकूलतम आकार के रोटिफ़र्स के बड़े पैमाने पर पालन विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।



चित्र 11 - अलग-अलग आहार समय के तहत मैंग्रोव रेड स्नैपर लार्वा की उत्तरजीविता



चित्र 12 - पिग्मेंटेशन पैटर्न और वृद्धि पर आहार का प्रभाव ए) 5 डीपीएच लार्वा जिसने 2 डीपीएच पर भोजन शुरू किया और बी) खाली पेट वाले 5 डीपीएच लार्वा जिसने 4 डीपीएच पर पहला भोजन शुरू किया

मैंग्रोव रेड स्नैपर, *लुत्जानस अर्जेंटिमाकुलैटस* लार्वा के रूपात्मक बदलाव, वृद्धि और उत्तरजीविता दर पर पहली खुराक की शुरुआत का प्रभाव

पॉइंट-ऑफ-नो-रिटर्न (पीएनआर) और मैंग्रोव रेड स्नैपर, *लुत्जानस अर्जेंटिमाकुलैटस* लार्वा की वृद्धि पर पहली फीडिंग की शुरुआत के प्रभाव का नियंत्रित परिस्थितियों में अध्ययन किया गया। लार्वा के प्रारंभिक आहार देने में विभिन्न स्तर की देरी की गई थी। हैचिंग के बाद 1, 2, 3, 4 और 5 वें दिन पहली बार आहार दिया गया था। पादप प्लवक, *नैनोक्लोरोप्सिस ऑक्युलाटा* के उपयोग से हरे पानी की व्यवस्था में रोटिफ़र का उपयोग करके लार्वा आहार दिया गया था। वृद्धि पर आहार की कमी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए; मानक लंबाई, जर्दी अवशोषण पैटर्न और लार्वा विकास पैटर्न देखा गया। जब तक पहले बहिर्जात आहार दिया गया तब तक लार्वा की वृद्धि काफी प्रभावित हुई थी। पहली से दूसरी डीपीएच से प्रारम्भिक आहार दिए गए लार्वा ने तीसरी डीपीएच से खिलाए गए लार्वा की तुलना में काफी अधिक (पी <0.05) उत्तरजीविता दर और विकास दर्शाया। लार्वा 28±1°C के तापमान पर तीसरी डीपीएच पर PNR तक पहुंच गया। प्रारंभिक भुखमरी के परिणामस्वरूप गंभीर रूपात्मक विकृति, विकास में देरी और उच्च मृत्यु दर हुई। उत्तरजीविता और लार्वा वृद्धि दृढ़ता से प्रारंभिक भोजन के समय पर निर्भर करती है। भुखमरी से संभावित मृत्यु से बचने और अच्छी वृद्धि प्राप्त करने के लिए, मैंग्रोव रेड स्नैपर लार्वा को अंडे सेने के बाद 48 घंटे (2 डी प्रति घंटे) के भीतर सफल प्रारंभिक आहार देना प्रारम्भ करना होगा। जब 4वें डीपीएच पर पहला आहार देना प्रारम्भ किया गया तो 5वें डीपीएच पर लार्वा की पूर्ण मृत्यु दर दर्ज की गई।

मिल्कफिश प्रजनकों का घरेलूकरण और कैप्टिव बीज उत्पादन

टिकाऊ प्रजनन योजनाओं के तहत प्रजनक विकास गतिविधियों के लिए मछलियों को पालतू बनाना एक प्रमुख आवश्यकता है। कैप्टिव बीज उत्पादन में पिछले वर्षों (2015-2021) की सफलता को जारी रखने के लिए, मिल्कफिश *चानोस चानोस* के प्रजनकों को दो समर्पित प्रणालियों यानी 100 टन आरसीसी टैंक-आधारित प्रणाली और अस्तर लगा तालाब-आधारित प्रणाली में रखरखाव किया जा रहा है। कुल 38 मिल्कफिश प्रजनकों (औसत शारीरिक वजन: 6.2 किलोग्राम, कुल बायोमास: 238 किलोग्राम) को दो आरसीसी टैंकों में समान रूप से संग्रहीत किया गया था, जिनमें से प्रत्येक की जल धारण क्षमता 100 टन थी। मौजूदा प्रजनकों के अलावा, अन्य 100 टन जल धारण क्षमता वाले आरसीसी टैंक में आठ मछलियों को अलग से संग्रहीत

माह	कुल मछली	स्त्रावी नर	विटेलोजेनिक मादा (अंडाणु व्यास 450 - 720 µm)	कुल परिपक्वता (%)
मार्च	17	4		23.52
अप्रैल	22	7	8	68.18
मई	22	11	8	81.81
जुलाई	21	10	7	80.95
सितम्बर	20	8	5	65

तालिका 1. काकीनाडा समूहों में महिला अनुपात और परिपक्वता प्रतिशत

चित्र 13 - कैरानक्स इग्नोबिलिस का उपवयस्क

किया गया था। आरसीसी टैंक. उनके शारीरिक औसत वजन 4.5 किलोग्राम (औसत कुल लंबाई- 82 सेमी) हो गया है, जबकि शुरुआती शारीरिक वजन 1.5-2.5 किलोग्राम (कुल लंबाई 62-69 सेमी) था। प्रजनक तालाब में मिल्कफिश की लगभग 190 दूसरी पंक्ति की उप-वयस्क मछलियों (शारीरिक वजन 2.0-2.5 किलोग्राम और आयु 5-7 वर्ष) का रखरखाव किया जा रहा है। 4.0-4.5 वर्ष (शारीरिक वजन: 140-250 ग्राम, कुल लंबाई 18-25 सेमी) के बीच की आयु वाली अवरूद्ध विकास वाली मिल्कफिश के इयरलिंग्स (250 संख्या) को भी 50 टन एचडीपीई टैंक में रखरखाव किया जा रहा है। पिछले वर्षों की तरह 2022 के दौरान जनवरी और अक्टूबर माह में मिल्कफिश (चेन्नई और काकीनाडा) की दोनों आबादी में हार्मोन पैलेट (जीएनआरएचए और 17 α- मिथाइल टेस्टोस्टेरोन का संयोजन) की छह खुराकें प्रत्यारोपित की गईं। काकीनाडा समूह ने चेन्नई समूह (29.4-56.25%) की तुलना में काफी अधिक परिपक्वता (23.5 से 81.81%) दर्शायी है। परिपक्वता का अनुमान मौजूद स्त्रावी और 450-720 µm व्यास वाले विटेलोजेनिक ओसाइट्स की उपस्थिति से लगाया गया था। मार्च से सितंबर के दौरान दो पालतू आबादी में कुल छह स्पॉनिंग (चेन्नई की 2 आबादी, काकीनाडा की 4 आबादी) देखी गई। कुल 12,250 हैचरी उत्पादित मिल्कफिश पोनों को केरल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश के किसानों के बीच वितरित किया गया जिससे ₹52,514 का राजस्व उत्पन्न हुआ।

जयंट ट्रेवली का कैप्टिव ब्रूडस्टॉक विकास

मिट्टी के तालाबों में कुल 75 जयंट ट्रेवली मछलियों, *कैरानक्स इग्नोबिलिस* का रखरखाव किया जा रहा है और मछलियां 12 महीने की अवधि में 0.5 से 1 किलोग्राम के आकार से 0.75 से 2.5 किलोग्राम की आकार सीमा प्राप्त कर ली हैं। मछलियों का ब्रूडस्टॉक विकास कार्य जारी रखा जा रहा है।

जयंट ट्रेवली की लवण सहनशीलता और विकास, उत्तरजीविता एवं सीरम ऑस्मोलैलिटी पर इसका प्रभाव

जयंट ट्रेवली, *कैरानक्स इग्नोबिलिस* को तेज़ विकास दर और आर्थिक मूल्य के कारण एक महत्वपूर्ण खाद्य मछली माना जाता है। अलग-अलग लवणताओं में जयंट ट्रेवली, *सी.*



चित्र 14. सीरम ऑस्मोलैलिटी और कैरानक्स इग्नोबिलिस का विकास प्रदर्शन

इग्नोबिलिस की लवण सहनशीलता और विकास, अस्तित्व एवं सीरम ऑस्मोलैलिटी पर इसके प्रभाव को निर्धारित करने के लिए अध्ययन किया गया था। *सी. इग्नोबिलिस* जुवेनाइल (14.23 ± 1.21 ग्राम) की कुल 300 मछलियां 300 लीटर के टैंकों में रखी गई थी जिसमें 35 पीपीटी समुद्री जल था। बाद में प्रत्येक 12 घंटे के अंतराल पर लवणता को 5 पीपीटी तक कम कर दिया गया, जिससे प्रति लवणता उपचार में तीन प्रतियों के साथ 5, 15, 25 और 30 पीपीटी की अंतिम लवणता हो गई। प्रयोग 30 दिनों तक किया गया और मछलियों को बायोमास का 5% की दर से कृत्रिम चारा खिलाया गया। परीक्षण के अंत में, सीरम ऑस्मोलैलिटी लवणता के विभिन्न स्तरों के बीच काफी भिन्नता पाई गई थी। उच्चतम ऑस्मोलैलिटी 30 पीपीटी (409±2.8) में थी और न्यूनतम 5 पीपीटी (301±2.4) में थी। कम लवणता (5 पीपीटी) में पाली गई मछली का औसत शारीरिक वजन अन्य उच्च लवणता (पी <0.05) की तुलना में काफी भिन्न था। कुल मिलाकर, कम लवणता (5 पीपीटी) की तुलना में उच्च लवणता में पाली गई मछलियों द्वारा बेहतर विकास प्रदर्शन दर्शाया गया। पहली बार, *सी. इग्नोबिलिस* की लवण सहनशीलता को खारे पानी में खेती के लिए संभावित तेजी से बढ़ने वाली खाद्य मछली के रूप में प्रलेखित और पहचाना गया है।

तालाब में पालित ग्रे मुलेट के प्रजनकों की परिपक्वता का आकलन

बीज उत्पादन के लिए आईसीएआर-सीबा फार्म के एनजीआरसी में ग्रे मुलेट मुगिल सेफालस का तालाब आधारित ब्रूडस्टॉक विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है। ग्रे मुलेट अंगुलिकाओं (10-15 ग्राम) को मिट्टी के तालाब (2,400 वर्ग मीटर) में रखा गया था और गोलीनुमा फ़ीड (सीपी: 40%, सीएफ: 10%) खिलाकर रखरखाव किया गया था। दिसंबर, 2020 से दिसंबर 2022 तक दो साल के पालन के बाद मछलियों का वजन 700-1,100 ग्राम हो गया है। कुल 300 वयस्क मछलियों को 3 से 6 मिमी पेलेट फ़ीड खिलाकर अलग से

चित्र 15 - तालाब में उत्पादित ग्रे मुलेट का ब्रूडस्टॉक और गोनाडल परिपक्वता मूल्यांकन।



चित्र 16 - तालाब में उत्पादित ग्रे मुलेट ब्रूडस्टॉक और गोनैडल बायोप्सी में विभिन्न आकार के अंडाणु दिखाए गए हैं

बनाए रखा गया था। पानी में मासिक अंतराल पर अंडाणु के व्यास में परिवर्तन होता है जिससे यह संकेत मिलता है कि ग्रे मुलेट खारे पानी के तालाबों में परिपक्वता प्राप्त करता है और दिसंबर में चरम पर होता है।

भारतीय सालमॉन *एलेउथेरोनिमा टेट्राडैक्टाइलम* पर नर्सरी पालन परीक्षण

भारतीय सालमॉन *एलेउथेरोनिमा टेट्राडैक्टाइलम*, चार अंगुल की थ्रेडफिन, पोलिनेमिडे परिवार की एक किरण-पंख वाली मछली है जो भारतीय और पश्चिमी प्रशांत महासागर में पाई जाती है। सिंगापुर, ताइवान और थाईलैंड से मछली के जलीय कृषि उत्पादन की सूचना मिली है। यह एक उत्कृष्ट खाद्य मछली है जो भारत में अच्छी मात्स्यिकी का निर्माण करती है। वर्तमान में, भारत में *ई. टेट्राडैक्टाइलम* के जीव विज्ञान, पारिस्थितिकी और पालन पहलुओं पर बहुत कम वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध है जो इसके जलीय कृषि में बाधा बन रही है। अगस्त 2022 के दौरान मछलीपट्टनम, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश से 1.0 से 1.3 सेमी आकार के 3,800 संख्या में वन्य रूप से एकत्रित *ई. टेट्राडैक्टाइलम* पोनों को खरीदा गया और एफआरपी टैंकों में 25 पीपीटी की लवणता में अनुकूलित किए गए। आकार के अनुसार वर्गीकृत और स्टॉक किया गया। पोनों को दिन में तीन बार *एड लिबिटम* पर 0.8 मिमी और 1.2 मिमी आकार के फॉर्मूलेटेड फ़ीड (कच्चे प्रोटीन 46% और कच्चे वसा 10%) खिलाए गए। पालन अवधि के 30 दिनों के बाद 4.5 सेमी आकार प्राप्त हुआ। बहुत सक्रिय रूप से तैरने वाली अंगुलिकाओं को आसानी से कृत्रिम आहार दिया जा सकता है।

आरएएस प्रणाली के अंतर्गत फ्लोटिंग नेट पिंजरों में पर्लस्पॉट स्पॉनिंग, बीज उत्पादन और लार्वा संवर्धन का निरूपण

महाराष्ट्र के पालघर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में तीन पर्लस्पॉट हैचरी स्थापित की गईं और पर्लस्पॉट प्रजनन और बीज उत्पादन का निरूपण किया गया। अंडजनन के लिए प्रजनक मछलियों को रखने के लिए फ्लोटिंग नेट पिंजरे का उपयोग किया गया है और लार्वा पालन एवं बीज उत्पादन के लिए टब आधारित आरएएस सुविधा का उपयोग किया गया। आजीविका सृजन गतिविधि के रूप में, चयनित स्वयं सेवी समूह के सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें नर और मादा प्रजनकों को अलग करना, पिंजरों में संग्रहीत करना, अंडजनन के लिए सब्सट्रेट (मिट्टी के कटोरे) जोड़ना, मिट्टी के कटोरे पर अंडों की मौजूदगी के लिए दैनिक अवलोकन शामिल है। अंडों का संग्रह, भोजन, आर्टेमिया हैचिंग और लार्वा को आहार देना, जल गुणवत्ता पैरामीटर



चित्र 17 – संग्रहण के दौरान 1.2 से.मी. के पोने

चित्र 18 - 30 दिनों के संवर्धन के बाद 4.5 सेमी आकार की अंगुलिकाएं

चित्र 19 - आरएएस आधारित पर्लस्पॉट बीज उत्पादन हैचरी इकाई

चित्र 20 - पर्लस्पॉट ब्रूडस्टॉक को फीडिंग और अंडे के सब्सट्रेटम की स्थापना

चित्र 21 - अधःस्तर पर पर्लस्पॉट के निषेचित अंडे और हैचरी में उत्पादित पोने

विश्लेषण, रिकॉर्ड रखना, सफाई और प्रजनन प्रणाली का समय-समय पर कीटाणुशोधन शामिल है। जनवरी से दिसंबर, 2022 के दौरान, पालघर साइट के स्वयं सेवी समूह ने 20,200 पर्लस्पॉट अंगुलिकाओं (1- 2 इंच) की ₹12-20 प्रति अंगुलिका की दर से बिक्री के माध्यम से ₹2,49,500 अर्जित किया। जबकि, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग स्वयं सेवी समूहों ने 17,934 और 19,502 पर्लस्पॉट अंगुलिकाओं (1 इंच) की बिक्री के माध्यम से क्रमशः ₹10-12 प्रति फिंगरलिंग की दर से ₹1,81,296 और ₹1,87,600 अर्जित किए। आईसीएआर-सीबा के एनजीआरसी ने स्वयं सेवी समूहों के सदस्यों को पर्लस्पॉट प्रजनन और बीज उत्पादन करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की।

सुंदरबन क्षेत्र के छोटे पैमाने के किसानों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्लस्पॉट की कम लागत वाली केज आधारित बीज उत्पादन तकनीक का विकास

पर्लस्पॉट *इट्रोप्लस सुराटेंसिस* एक यूरीहेलिन शाकाहारी मछली है, जो खाद्य और सजावटी मछली के रूप में लोकप्रिय है। पर्लस्पॉट को पश्चिम बंगाल में आईसीएआर-सीबा द्वारा अपने काकद्वीप अनुसंधान केंद्र के माध्यम से पेश किया गया था और कई किसानों ने इसे पॉलीकल्चर खेती के लिए अपनाया है। हालाँकि, बड़े पैमाने पर बीजों की उपलब्धता की कमी के कारण खेती को लोकप्रिय नहीं बनाया जा सका। पश्चिम बंगाल के किसानों ने तालाब में पर्लस्पॉट के प्राकृतिक प्रजनन की सूचना दी है। खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए बड़े पैमाने पर बीज उत्पादन हेतु कम लागत वाली, सरलीकृत तकनीक की आवश्यकता है। इसलिए, बांस आधारित कम लागत वाले पिंजरों (12 x 12 x 8 फीट) को डिजाइन किया गया जिन्हें 2 - 3 साल तक आसानी से उपयोग किया जा सकता है। पिंजरे को 50 लीटर क्षमता के चार सीलबंद ड्रमों की मदद से तैराया गया और फरवरी के दौरान तालाब में स्थापित किया गया। पिंजरे में कुल पंद्रह जोड़े (1 नर: 1 मादा) संग्रहीत किए गए

चित्र 22 - हैचरी उत्पादित पर्लस्पॉट पोनें

थे। जोड़ियों द्वारा अंडे जमा करने के लिए पंद्रह मिट्टी के बर्तनों को समान दूरी पर लटकाया गया था। मार्च से अक्टूबर तक अंडजनन देखा गया, मई और जुलाई के दौरान अंडजनन आवृत्ति सबसे अधिक थी। सब्सट्रेट पर निषेचित अंडों को आगे सेने और ऊष्मायन के लिए इनडोर हैचरी में लाया गया। जून में सबसे अधिक संख्या में बच्चों का उत्पादन हुआ। आठ महीने के ऑपरेशन के दौरान, पिंजरे में रखे गए 15 जोड़े पर्लस्पॉट प्रजनकों का उपयोग करके कुल 1,02,247 अंडे पैदा किए गए। इन निषेचित अंडों से, हैचरी में 85.5% की औसत उत्तरजीविता दर के साथ 23,017 पर्लस्पॉट पोनों का उत्पादन किया गया। राज्य में पर्लस्पॉट के बड़े पैमाने पर बीज उत्पादन के लिए इस सरलीकृत तकनीक को सुंदरबन के किसानों तक प्रसारित किया जा सकता है।

हापाओं में बाहरी नर्सरी पालन के लिए पर्लस्पॉट लार्वा की उपयुक्त



चित्र 23 - पिंजरे में आठ महीनों के दौरान अंडजनन की संख्या

आयु का मूल्यांकन

पर्लस्पॉट *इट्रोप्लस सुराटेंसिस* के इनडोर लार्वा पालन चरण को घटाने और बाहरी नर्सरी पालन के लिए लार्वा की उपयुक्त आयु का मूल्यांकन करने के लिए प्रयोग किए गए थे। विभिन्न आयु समूहों के पर्लस्पॉट लार्वा को दो समूहों शुरूआती संग्रहण (5, 10 और 15 दिन पुराना) और विलम्बित संग्रहण (20, 25 और 30 दिन पुराना) में विभाजित किया गया था। खारे जल के तालाब में स्थापित नायलॉन हापाओं (2×1×1 मीटर) में पर्लस्पॉट लार्वा के विभिन्न आयु समूहों को तीन प्रतियों में रखा गया। लार्वा को 2 खुराकों में शारीरिक वजन के 20% की दर से आर्टेमिया नौप्ली और कृत्रिम लार्वा आहार के संयोजन खिलाया गया। परिणामों से पता चला कि विलम्बित संग्रहण वाले समूह (20, 25 और 30 दिन पुराने) में शुरुआती संग्रहण समूहों की उत्तरजीविता दर (19.86-37.33%) की तुलना में बेहतर उत्तरजीविता दर (78-85%) पायी गयी थी। 30 दिन आयु वाली पर्लस्पॉट लार्वा (16.2±0.12 मिमी) ने 83% उत्तरजीविता दर के साथ नायलॉन हापाओं में पालन के 40 दिनों में

अंगुलिका आकार (4.12±0.38 सेमी) प्राप्त किया। समग्र परिणामों से, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि आउटडोर नर्सरी पालन के अंतर्गत नायलॉन हापाओं में अंगुलिका आकार तक उत्पादन करने के लिए 30 दिन आयु वाली लार्वा (16.2±0.12 मिमी) उपयुक्त है।

हिल्सा के प्रजनकों का विकास

खारे भूजल के उपयोग से अंतर्देशीय राज्यों में झींगा पालन तेजी से विकसित हो रहा है और इसके आगे विस्तार के लिए स्थान के चयन के लिए जलीय गुणवत्ता चर और आयनिक प्रोफाइल के रूप में दिशानिर्देशों की आवश्यकता है। हरियाणा (n=52), पंजाब (n=28) और राजस्थान (n=50) से एकत्र किए गए अंतर्स्थलीय खारे भूजल (आईएसजी) नमूनों का प्रमुख जलीय गुणवत्ता चरों और आयनिक संरचना के लिए विश्लेषण किया गया। आईएसजी के लिए संशोधित अनुकूलतम सीमाओं के आधार पर, सभी राज्यों में 90% से अधिक नमूने लवणता की उपयुक्त सीमाओं के भीतर थे। पंजाब के सभी नमूनों में कुल क्षारीयता अनुकूलतम सीमा के भीतर थी, जबकि हरियाणा और राजस्थान के क्रमश: 8% और 12% नमूनों में 400 पीपीएम से अधिक मान दर्ज किया गया। कुल कठोरता के आधार पर झींगा पालन के लिए उपयुक्त नमूनों की संख्या सबसे अधिक राजस्थान में थी, उसके बाद पंजाब और हरियाणा का स्थान था। मैग्नीशियम / कैल्शियम अनुपात के संदर्भ में, राजस्थान के नमूनों का प्रतिशत सबसे अधिक (86%) था, इसके बाद हरियाणा (42%) और पंजाब (28%) थे। राजस्थान के नमूनों में पोटेशियम का स्तर बेहद कम था और पंजाब एवं हरियाणा में मामूली कमी थी। कुल मिलाकर, राजस्थान से आईएसजी नमूनों का एक बड़ा प्रतिशत विभिन्न आयनिक और जलीय गुणवत्ता मापदंडों के लिए अनुकूलतम सीमाओं के भीतर आता है, जो दर्शाता है कि राज्य अंतर्स्थलीय झींगा खेती के आगे विस्तार के लिए सबसे उपयुक्त है (चित्र 1)।

कुल क्षारीयता को कम करने के लिए सोडियम बाइसल्फेट का प्रभाव : जलीय गुणवत्ता, पशु विकास, प्रतिरक्षा और जैव रासायनिक मापदंडों की जांच

अंतर्स्थलीय क्षेत्रों में बोरवेल के पानी का उपयोग करने वाले किसानों के सामने उच्च कुल क्षारीयता (टीए) एक बड़ी बाधा है। प्रारंभिक प्रयोगों ने पुष्टि की है कि सोडियम बाइसल्फेट ($NaHSO_4$) कुल क्षारीयता को कम करने का सबसे अच्छा विकल्प



चित्र 1 - A. हरियाणा B. पंजाब और C. राजस्थान के अंतर्स्थलीय खारे भूजल का वर्गीकरण



चित्र 2. झींगा विकास दर पर NaHSO4 द्वारा संचालित क्षारीयता का प्रभाव



चित्र 3 - जल के पीएच में परिवर्तन पर NaHSO4 का प्रभाव



चित्र 4. THC (cfu/ml) भिन्नता पर NaHSO4 द्वारा संचालित क्षारीयता का प्रभाव

है, लगभग 1.3 और 1.6 पीपीएम टीए के 1 पीपीएम को क्रमशः 2 और 25 पीपीटी लवणता पर कम करता है। पानी की गुणवत्ता, विकास और जैव रासायनिक मापदंडों पर $NaHSO_4$ प्रभाव को समझने के लिए, पी. वन्नामेय पर छह भिन्न भिन्न उपचारों नियंत्रण (T_1), 600 पीपीएम (T_2), टीए 600 से घटाकर 300 (T_3), 600 से 200 (T_4), 300 (T_5)), और 300 से 200 (T_6) के तहत एक महीने के लिए स्टॉकिंग घनत्व 80/वर्ग मीटर दर से दो भिन्न लवणताओं 2 और 25 पीपीटी के अंतर्गत एक प्रयोग किया गया था। जीवों की उत्तरजीविता अच्छी थी और T_2 की तुलना में उच्च लवणता पर वृद्धि दर में वृद्धि 25.6 और 31.3% थी, और कम लवणता पर T_3 और T_4 में क्रमशः 70.4 और 68.9% थी। दोनों लवणताओं में T_5 और T_6 के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था। $NaHSO_4$ के अनुप्रयोग से पीएच संख्यात्मक रूप से कम हो गया और एक दिन के भीतर सामान्य हो गया। $NaHSO_4$ के अनुप्रयोग से जलीय गुणवत्ता मापदंडों, प्रोटीन, राख और वसा सामग्री में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ। उच्च कुल क्षारीयता के तहत कुल हेमोसाइट गिनती कम थी और $NaHSO_4$ के जुड़ने से बढ़ गई। निष्कर्ष के तौर पर, उच्च क्षारीयता संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए $NaHSO_4$ की सिफारिश की जा सकती है (चित्र 2-4)।

भिन्न भिन्न संग्रहण घनत्वों में पीनियस वन्नामेय पालन में कार्बन बजटिंग

कार्बन बजटिंग के लिए गहन और अर्ध-गहन झींगा जलीय कृषि प्रणालियों में कार्बन इनपुट और आउटपुट के योगदान की अवधारणा को समझने के लिए, पी. वन्नामेय के साथ तीन भिन्न भिन्न संग्रहण घनत्वों (एसडी), 20/एम^2 (कम) , 40/एम^2(मध्यम), और 60/एम^2 (उच्च) पर एक आउटडोर यार्ड प्रयोग 60 दिनों तक किया गया था। विभिन्न संग्रहण घनत्वों में कार्बन बजटिंग के आकलन के लिए सभी प्रमुख इनपुट और आउटपुट में कार्बन सामग्री और पालन के दौरान तालाब के जल और मृदा में कार्बन अंशों के डेटा का उपयोग किया गया था। निम्न (41.51%) और मध्यम (33.40%) संग्रहण घनत्वों में सबसे अधिक कार्बन इनपुट मृदा से होता है, जबकि उच्च संग्रहण घनत्व में फ़ीड से उच्चतम कार्बन इनपुट (33.57%) होता है। कार्बन आउटपुट के संदर्भ में, संब्रहण घनत्व की परवाह किए बिना मृदा का अंश सबसे अधिक है। कुल आउटपुट में मृदा का प्रतिशत योगदान निम्न संग्रहण घनत्व (54.47%) में अधिकतम था, और मध्यम (49.68%) एवं उच्च (49.51%) संग्रहण घनत्वों के बीच अधिक अंतर नहीं था। निम्न, मध्यम और उच्च संग्रहण घनत्वों में कुल आउटपुट में झींगों की हिस्सेदारी क्रमशः 18.30, 27.75 और 32.73% है। बेहिसाब कार्बन आउटपुट निम्न संग्रहण घनत्व में सबसे अधिक (11.22%) और उच्च संग्रहण घनत्व में सबसे कम (4.48%) था। कार्बन बजटिंग पर अध्ययन से ग्लोबल वार्मिंग में झींगा पालन के योगदान को समझने में मदद मिलती है (चित्र 5-7)।

सल्फाइड और अमोनिया के बायोरेमेडिएशन के लिए माइक्रोबियल समृद्धि का विकास

हाइड्रोजन सल्फाइड (H_2S) और अमोनिया को खारा जलीय कृषि प्रणालियों में सबसे विषैले मेटाबोलाइट्स माना जाता है जो कि पालित जीवों के लिए तनाव और मृत्यु का कारण बनते हैं। हाइड्रोजन सल्फाइड का कोई भी पहचान योग्य स्तर संवर्धित झींगा के लिए विषाक्त माना जाता है, जबकि अमोनिया का



चित्र 5 - पी. वन्नामेय पालन में कार्बन इनपुट और आउटपुट (किलो प्रति हेक्टेयर) संग्रहण घनत्व के अनुसार भिन्न होता है।



चित्र 6 - पी. वन्नामेय पालन में कुल कार्बन इनपुट में इनपुट का योगदान संग्रहण घनत्व के अनुसार भिन्न होता है।



चित्र 7 - पी. वन्नामेय पालन में कुल कार्बन उत्पादन में आउटपुट का योगदान संग्रहण घनत्व के अनुसार भिन्न होता है।

एक पीपीएम से अधिक होना तनाव का कारण बनता है। सल्फाइड विषाक्तता (सल्फाइड ऑक्सीकरण बैक्टीरिया - एसओबी) के शमन के लिए छह माइक्रोबियल संवर्धन को खारे पानी के वातावरण से अलग किया गया था। 0.1% खमीर अर्क (कार्बनिक) के साथ स्टार्की शोरबा (अकार्बनिक) और स्टार्की शोरबा का उपयोग करके हाइड्रोजन सल्फाइड कटौती में उनकी प्रभावकारिता के लिए संवर्धन/समृद्धि का मूल्यांकन किया गया था। अकार्बनिक मीडिया की तुलना में कार्बनिक मीडिया में बैक्टीरिया की वृद्धि और सल्फाइड ऑक्सीकरण अधिक था। कार्बनिक मीडिया में 24 घंटे की अवधि में सापेक्ष सल्फाइड हटाने की दक्षता नियंत्रण में 26% के मुकाबले 45 और 57% के बीच थी, जबकि अकार्बनिक मीडिया में नियंत्रण में 11% के मुकाबले यह 20 और 26% के बीच थी। इन संवर्धनों की अमोनिया ऑक्सीकरण दक्षता का आकलन अमोनिया स्पाइक्ड मीडिया में भी किया गया था, जो 24 घंटे की अवधि में 33 से 86% के बीच थी। खारे जल के वातावरण में क्रमशः सल्फाइड और अमोनिया मेटाबोलाइट्स के प्रभावी बायोरेमेडिएशन के लिए केमोआटोट्रॉफ़िक और हेटरोट्रॉफ़िक बैक्टीरियल कंसोर्टिया के संवर्धन के संयोजन को प्रोबायोटिक के रूप में विकसित किया जा सकता है (चित्र 8, 9)।

संभावित आंत और पर्यावरणीय प्रोबायोटिक के रूप में लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया का गुणचित्रण

तमिलनाडु के कांचीपुरम, चेंगलपट्, तिरुवल्लूर और विल्लुपुरम जिलों में स्थित 10 *पी. वन्नामेय* पालन तालाबों (प्रति तालाब 25 झींगे) जिनकी लवणता स्तर 5 से 25 पीपीटी थी, से आंत से जुड़े जीवाणु आइसोलेट्स से प्राप्त किए गए थे और इंडीजीनियस गट आंत एवं पर्यावरण प्रोबायोटिक के रूप में उनकी दक्षता के लिए गुण चित्रण किया गया है। 30 लैक्टिक



चित्र 8 - कार्बनिक (0.1% खमीर अर्क) और अकार्बनिक मीडिया में एसओबी द्वारा सल्फाइड ऑक्सीकरण



चित्र 9 - एसओबी द्वारा सल्फाइड और अमोनिया का एक साथ ऑक्सीकरण

एसिड जीवाणुओं को अलग कर 16एस रिबोसोमल डीएनए सीकवेंस के उपयोग से पहचान की गई। छह आइसोलेट्स अर्थात, *पेडियोकोकस पेंटोसेसियस* (LB1/ ON495586), *लैक्टिप्लांटिबैसिलस प्लांटरम* (LB2/ ON491817), *लैक्टोकोकस लैक्टिस* (LB3/ ON479264), *एंटरोकोकस फ़ेकियम* (LB4/ON478992), *एंटरोकोकस हिरा* (LB5/ON478991) और *एंटरोकोकस ड्यूरन्स* (LB6) / ON564885) ने बेहतर एंजाइम गतिविधि, झींगा रोगजनकों *वी. कैंपबेली, वी. हार्वेई* और *वी. पैराहेमोलिटिकस* के खिलाफ जीवाणुरोधी गतिविधि दर्शायी हैं और इनका निषेध क्षेत्र 12.33 से 21.00 मिमी के बीच, पीएच 7.0 पर बेहतर वृद्धि, उत्कृष्ट ऑटो-एग्रीगेटिव गतिविधि (74.45 से 91.14%) और हाइड्रोफोबिसिटी (77 से 99.93%) है। इन लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया में गुणों का प्रदर्शन करके, कार्बनिक मलबे को तोड़ने और पानी की गंदगी को कम करके मिट्टी और पानी के बायोरेमेडिएटर के रूप में भी क्षमता होती है। नस्लों के बीच कोई विरोधी गतिविधि नहीं पाई गई, जो जलीय कृषि उत्पादन प्रणालियों में संभावित मल्टीपल कॉकटेल गट और पर्यावरणीय प्रोबायोटिक के रूप में इसके उपयोग का सुझाव देता है (चित्र 10-14)।

हेलोफिलिक स्फिंगोबैक्टीरियम एसपीपी एसडीकेआरसी-13



चित्र 10 - पी. वन्नामेय की आंत से लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया का फाइलोजेनेटिक ट्री



चित्र 11 - लैक्टिक एसिड बैक्टीरियल आइसोलेट्स की एंजाइम गतिविधि

पैनल (ए): ट्रिब्यूटिरिन एगर प्लेटों पर आइसोलेट्स की वृद्धि से लाइपेज पॉजिटिव (बाएं) और नेगेटिव (दाएं) आइसोलेट्स के लिए कॉलोनी के चारों ओर सफाई का पता चला; पैनल (बी) एमाइलेज गतिविधि (बाएं) के लिए स्टार्च अगर प्लेटों पर आइसोलेट्स की वृद्धि, एमाइलेज एंजाइम पॉजिटिव बैक्टीरियल आइसोलेट्स ने 24 घंटे (दाएं) के बाद ग्राम के आयोडीन समाधान से भर जाने पर कॉलोनी के आसपास के पारदर्शी हेलो ज़ोन को प्रस्तुत किया; पैनल (सी) बैक्टीरिया से संक्रमित कार्बोक्सी मिथाइल सेलूलोज़ एगर पर आइसोलेट्स की वृद्धि (बाएं), आइसोलेट्स की सेल्यूलेज़ गतिविधि एक कॉलोनी के चारों ओर प्रभामंडल प्रदर्शित करती है और सेल्यूलेज़ पॉजिटिव कॉलोनी में 1% कांगो लाल जोड़ने के बाद (दाएं); पैनल (डी) बैक्टीरिया से संक्रमित जिलेटिन पेप्टोन एगर पर आइसोलेट्स की वृद्धि (बाएं), आइसोलेट्स की प्रोटीज गतिविधि 15% मक्यूरिक क्लोराइड के साथ बाढ़ के बाद 1M NaCl (दाएं) से धोने के बाद प्रभामंडल दिखाती है।



चित्र: 12 - लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया की जीवाणुरोधी गतिविधि



चित्र 13 - लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया की पीएच सहनशीलता



चित्र 14 - लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया का एकत्रीकरण (24 घंटे) और हाइड्रोफोबिसिटी

पैरामीटर	पालन अवधि 15		पालन अवधि 35	
	कंट्रोल	स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी पूरकता	कंट्रोल	स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी पूरकता
टीएएन (पीपीएम)	0.131±0.005	0.096±0.014	0.120±0.010[a]	0.055±0.003[b]
नाइट्राइट (पीपीएम)	0.330 ± 0.035[a]	0.184±0.008[b]	0.483±0.027[a]	0.204±01010[b]
नाइट्रेट (पीपीएम)	0.134±0.010	0.139±0.003	0.138±0.005[a]	0.161±0.002[b]
पीएच	8.16±0.06	8.30±0.13	7.84±0.15	7.81±0.10
क्षारीयता (पीपीएम)	76.5±1.7	75.0±1.3	86.0±2.8	82.0±1.5

प्राचल तालिका 1 – जलीय गुणवत्ता

पीनियस वन्नामेय के इनडोर पालन के दौरान जहरीली गैसों यानी अमोनिया और नाइट्राइट को कम करता पाया गया।

पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र के फलीदार पौधों और मैंग्रोव मिट्टी की जड़ों से अमोनिया ऑक्सीकरण बैक्टीरिया (एओबी) और नाइट्राइट ऑक्सीकरण बैक्टीरिया (एनओबी) को अलग करने के लिए यह प्राथमिक अध्ययन किया गया था। इस उद्देश्य के लिए मिट्टी के 22 नमूने और फलीदार पौधों के 6 नमूनों सहित कुल 28 नमूनों की जांच की गई। कुल 132 आइसोलेट रिकवर हुए। क्रमशः अमोनियम सल्फेट और पोटेशियम नाइट्राइट युक्त स्पष्टीकृत बैक्टीरियोलॉजिकल मीडिया में टीका लगाकर उनकी अमोनिया और नाइट्राइट ऑक्सीकरण गतिविधि की जांच की गई। अमोनिया और नाइट्राइट दोनों को कम करने वाला केवल एक आइसोलेट पाया गया। उस विशेष आइसोलेट को फ्रेंच बीन (फेज़ियोलस वल्गरिस) की जड़ से बरामद किया गया था और उसकी पहचान 16S rRNA जीन अनुक्रमण द्वारा *स्फिंगोबैक्टीरियम* एसपी एसडीकेआरसी-13 के रूप में की गई थी। अनुक्रम परिग्रहण संख्या OQ396674 के साथ एनसीबीआई को प्रस्तुत किया गया था। आइसोलेट लवण-सहिष्णु पाया गया और 0.6% खमीर अर्क (टीएसबीवाईई) के साथ ट्राइप्टिक सोया शोरबे में 10% NaCl सांद्रता तक पाया गया। संवर्धन जल में अमोनिया और नाइट्राइट को कम करने में स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी एसडीकेआरसी-13 के प्रभाव का पता लगाने के लिए किशोर *पी. वन्नामेय* झींगों (औसत शारीरिक वजन 4-5 ग्राम) के साथ 35 दिनों की अवधि का एक परीक्षण अध्ययन आयोजित किया गया था। इस अध्ययन में आठ एक्वारिया (एल × बी × एच = 60 × 30 × 40 सेमी) का उपयोग किया गया जिसमें लगभग 50 लीटर खारा पानी (लवणता 7.2 पीपीटी और पीएच 8.0) था। प्रत्येक समूह के लिए चार एक्वारिया का उपयोग किया गया (स्फिंगोबैक्टीरियम पूरक समूह और नियंत्रण समूह)। स्फिंगोबैक्टीरियम पूरक समूह में, स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी की उचित मात्रा में रात भर पतला किया गया कल्चर (103 CFU ml-1 की अंतिम सांद्रता बनाने के लिए 5 × 104 CFU)। 0, 7, 14,21, 28 और 35वें दिन (7 दिनों के अंतराल पर) संवर्धन जल में मिलाया गया। स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी SDKRC-13 का अनुपूरण को पालन के 15वें और 35 वें दिन दोनों में ही नाइट्राइट के स्तर को काफी कम करने वाला पाया गया। इसने पालन के 35 दिनों पर कुल अमोनिया नाइट्रोजन (TAN) के स्तर को भी काफी कम कर दिया। pH, कुल क्षारीयता, कुल हेटरोट्रॉफ़िक बैक्टीरिया (टीएचबी) और कुल विब्रियो (टीवी) के स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था। हालाँकि, पालन के 35वें दिन पर, स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी पूरक समूह में नाइट्रेट का स्तर काफी अधिक पाया गया। दोनों ही समूहों में शरीर के वजन की वृद्धि में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था (पी > 0.05)। इस अध्ययन के आधार पर, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी एसडीकेआरसी-13 आइसोलेट जल प्रोबायोटिक्स के निर्माण में एक अच्छे उम्मीदवार के रूप में कार्य कर सकता है, जो अमोनिया और नाइट्राइट जैसी जहरीली गैसों के स्तर को कम कर सकता है।

पैरामीटर	कंट्रोल	स्फिंगोबैक्टीरियम एसपी पूरकता
THB (Log_{10} CFU ml^{-1})	5.809±0.066	5.788 ±0.191
TV (Log_{10} CFU ml^{-1})	4.125±0.457	4.025±0.208

तालिका 2 – संवर्धन जल में मैक्रोबायोलॉजीकल पैरामीटर्स

पश्चिम बंगाल के खारे पानी वाले क्षेत्रों में स्रोत जल और तालाब की मिट्टी का गुणचित्रण

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के नामखाना (n=135) और काकद्वीप (n=62) ब्लॉक से तालाब की मिट्टी और स्रोत जल के नमूनों को भौतिक रासायनिक मापदंडों के लिए गुणचित्रण किया गया था। नामखाना और काकद्वीप में क्रमशः क्ले लोम (36%) और क्ले (43%) मिट्टी की बनावट की प्रमुख श्रेणियां थीं। नामखाना और काकद्वीप में



चित्र 15. पश्चिम बंगाल के दक्षिण-24 परगना जिले के नामखाना और काकद्वीप ब्लॉकों में स्रोत जल और तालाब की मिट्टी की भौतिक-रासायनिक विशेषताएं

लगभग 58 और 62% मिट्टी अनुकूलतम पीएच रेंज 7.5 से 8.5 में थी। दोनों ब्लॉकों में बड़ी संख्या में मिट्टी में कार्बनिक कार्बन, उपलब्ध नाइट्रोजन और उपलब्ध फास्फोरस की कमी थी। नामखाना में अधिकांश पानी के नमूने (55%) 5 से 10 पीपीटी की लवणता सीमा में थे, जबकि काकद्वीप में 51% नमूने <5 पीपीटी से कम थे। दोनों ब्लॉकों में अधिकांश पानी के नमूने क्षारीयता के लिए अनुकूलतम सीमा में थे। लगभग 52% और 46% नमूने >2.8 एमजी/सीए अनुपात श्रेणी में थे, और 25% और 65% क्रमशः नामखाना और काकद्वीप में 1 से 2:1 की सीए/के अनुपात श्रेणी में थे। कुल मिलाकर, सभी क्षेत्र खारे पानी की जलीय कृषि के लिए उपयुक्त हैं और उर्वरता की स्थिति बढ़ाने के लिए मिट्टी में साल में एक बार खाद देने की सिफारिश की गई है। (चित्र 15)।

पिंजरा जलकृषि के लिए उपोष्णकटिबंधीय मुहाने के जलीय गुणवत्ता सूचकांक में स्थानिक-अस्थायी भिन्नताएं

खारे पानी के मुहाने पिंजरे में जलीय कृषि के लिए कम उपयोग किए जाने वाले प्राकृतिक जलस्रोत हैं। मासिक अंतराल पर मुट्काडु मुहाना में 11 स्थानों से जल के नमूने एकत्र किए गए और पानी की गुणवत्ता में मौसमी बदलाव का आकलन करने के लिए भौतिक



चित्र 16. मुत्तुकाडु मुहाना के विभिन्न नमूना स्थानों पर घुलनशील ऑक्सीजन का स्तर



चित्र 17. मुट्टुकाडु मुहाना का पोषक तत्व प्रोफ़ाइल

रासायनिक गुणों का विश्लेषण किया गया। घुलित ऑक्सीजन महत्वपूर्ण मापदंडों में से एक है जो जलीय कृषि के लिए जल निकाय की उपयुक्तता निर्धारित करता है। सभी मौसमों में, घुलित ऑक्सीजन का स्तर 5 पीपीएम से ऊपर था और यह साइट की उपयुक्तता के लिए एक सीमित कारक नहीं है और मानसून के मौसम के दौरान उच्च मान दर्ज किए गए थे। मुहाना की जलीय गुणवत्ता में मौसमी बदलाव से संकेत मिलता है कि आसन्न क्षेत्रों से लीचिंग के कारण मानसून के मौसम के दौरान पोषक तत्वों का स्तर (घुलित नाइट्रोजन और फॉस्फेट) अधिक था। मुहाना की जलीय गुणवत्ता में मौसमी बदलाव से संकेत मिलता है कि जलीय कृषि पूरे वर्ष की जा सकती है। हालाँकि, जलीय गुणवत्ता में मौसमी बदलाव के आधार पर पर्यावरणीय स्थिरता को प्रभावित किए बिना पिंजरों को स्थापित किया जाना चाहिए (चित्र 16, 17)।

खारा जलीय कृषि के लिए अड्यार क्रीक

अड्यार क्रीक के जलीय मापदंडों पर मौसमी प्रभाव का अध्ययन करने के लिए, मासिक अंतराल पर विभिन्न नमूना स्थानों से नमूने एकत्र किए गए थे। जल का पीएच पूरे वर्ष लगभग स्थिर (7.95-8.11) रहा, जल की लवणता 19-23 पीपीटी के बीच रही और लवणता के साथ कठोरता बढ़ती गई। मेटाबोलाइट्स की सांद्रता अधिक होती है, विशेष रूप से खाड़ी की लंबाई के अंत में जहां ड्रेपेज का पानी जुड़ता है और बार मुंह से दूर होता है और वे ज्वारीय प्रवाह के साथ भिन्न होते हैं। मुख्य जलीय मापदंडों में भिन्नता के आधार पर, खाड़ी में और उसके आसपास के समुदायों द्वारा पिंजरे/पेन कल्चर के लिए एक उपयुक्त मौसम की पहचान की जाएगी। (चित्र 18)।

मिल्कफिश के जीवन चरणों की थर्मल सहनशीलता

मिल्कफिश के जीवन चरणों (लार्वा, पोने, अंगुलिकाएं और अवरूद्ध आकार की तरूण



चित्र 18 - विभिन्न मौसमों के तहत अड्यार क्रीक के जलीय मापदंडों में भिन्नता

मछलियां) की थर्मल सहनशीलता सीमा (CTmax - क्रिटिकल थर्मल मैक्सिमा; LTmax - घातक थर्मल मैक्सिमा) का अध्ययन 30 दिनों के लंबे तापमान अनुकूलन 28, 30, 32 और 34°C. परीक्षण किया गया था। संतुलन की हानि CTmax के लिए अंतिम बिंदु थी जबकि LTmax, CTmax से ऊपर का तापमान था जब तक कि ऑपेरकुलर गतिविधियां बंद नहीं हो गईं। मिल्कफिश (लार्वा चरण को छोड़कर) जिनकी प्राकृतिक रहने योग्य तापमान सीमा 25°C से 29°C है, जब उच्च तापमान के संपर्क में आती है तो उनकी संचालन संबंधी गतिविधियां बंद हो जाती हैं। मिल्कफिश (लार्वा चरण को छोड़कर) जिसका प्राकृतिक रहने योग्य तापमान 25°C से 29°C है, उच्च अनुकूलन तापमान के संपर्क में आने पर CTmax और LTmax मान में वृद्धि देखी गई। 30°C के आदी होने पर मिल्कफिश लार्वा के लिए अधिकतम CTmax 35.26°C था, लेकिन वे लंबे समय तक उच्च तापमान पर जीवित नहीं रह सके। अधिकतम CTmax (40.7°C) और LTmax (41.4°C) मूल्यों और 34°C पर 21.6 मिनट की तापमान सहनशीलता अवधि (TTp) के साथ अवरूद्ध आकार की मछलियां



चित्र19 - विभिन्न जीवन चरणों (लार्वा, फ्राई, फिंगरलिंग और एक वर्षीय ठिगनी मछली) में 28°C, 30°C, 32°C और 34°C पर अनुकूलित मिल्कफिश की थर्मल सहनशीलता (ए)। CTmax और LTmax मान (बी)। तापमान सहनशीलता अवधि (टीटीपी)। डेटा को माध्य±एसई के रूप में व्यक्त किया गया है

मिल्कफिश के जीवन चरण	रहने योग्य अधिकतम तापमान (°C)	एसजी-आर	b	r^2	L-W संबंध (Log W=Log a+b Log L)
लार्वा	28	2.45	0.82	0.98	Log W = 0.823 Log L- 0.1787
पोना	30	2.68	0.68	0.99	Log W= 0.6859 Log L- 0.3185
अंगुलिका	32	1.32	1.83	0.99	Log W = 1.8316 Log L- 0.3185
एक वर्षीय ठिगनी मछली	34	0.01	1.37	0.99	Log W = 1.3775 Log L- 0.7274

इकाई: विशिष्ट वृद्धि दर (%/दिन), बी=प्रतिगमन ढलान, , r^2=निर्धारण का गुणांक, एल=लंबाई, डब्ल्यू=वजन।

तालिका 3 – अधिकतम रहने योग्य तापमान के तहत मिल्कफिश की विशिष्ट वृद्धि दर और लंबाई-वजन संबंध

तापमान परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक लचीले होते हैं। अनुकूलन तापमान में वृद्धि के साथ मिल्कफिश की ऑक्सीजन खपत (मिलीग्राम O2/किलो/घंटा) में काफी वृद्धि हुई। ऑक्सीजन की खपत के लिए न्यूनतम तापमान गुणांक (Q10) मान और लार्वा, फ्राई, फिंगरलिंग और स्टंटेड ईयरलिंग के अनुकूलन प्रतिक्रिया अनुपात (ARR) के आधार पर, अंतिम पसंदीदा तापमान (जहां Q10 में गिरावट स्पष्ट हो जाती है) , क्रमशः 28°C, 30°C, 30 -32°C, और 34°C हैं (चित्र 19, 20)।

खार जलीय कैटफ़िश, *मिस्टस गुलियो*, एक जलवायु लचीली

मछली की परिपक्वता, प्रजनन और लार्वा पालन के लिए आदर्श लवणता

मिस्टस गुलियो (हैम) खारा जलीय कृषि के लिए एक व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण जलवायु-लचीली प्रजाति है, इसकी यूरीहेलिन और कठोर प्रकृति के कारण इसे भिन्न-भिन्न



चित्र 20 - 28°C, 30°C, 32°C और 34°C पर अनुकूलित मिल्कफिश के लार्वा, फ्राई, फिंगरलिंग और रुके हुए एक वर्ष की मछली की ऑक्सीजन की खपत और अनुकूलन प्रतिक्रिया अनुपात (ARR) के लिए न्यूनतम तापमान गुणांक (Q10) मान।

लवणताओं, तापमान और हाइपोक्सिक स्थितियों वाली कृषि-जलवायु क्षेत्रों में आसानी से खेती की जा सकती है। विभिन्न लवणता वाले क्षेत्रों में *एम. गुलियो*की यौन परिपक्वता, प्रजनन और लार्वा पालन को समझने के लिए दस नर और पांच मादाओं (लिंग अनुपात 2 : 1, आकार 12-15 ग्राम) को प्री-स्पॉनिंग सीज़न (मार्च) के दौरान पांच अलग-अलग लवणताएं (0, 5, 10, 15 और 20 पीपीटी), में संग्रहीत कर स्पॉनिंग सीजन शुरू होने (मई) तक पाला गया और उनके संबंधित लवणताओं में अंडजनन के लिए प्रेरित किया गया। गोनाडोसोमैटिक इंडेक्स (जीएसआई%) के मान में एक महत्वपूर्ण अंतर (पी <0.05) था, जो 10 पीपीटी (25.3) पर उच्च स्तर और 20 पीपीटी (16.1) पर सबसे कम स्तर पर था, और हेपेटोसोमैटिक इंडेक्स (एचएसआई) में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं था। ओसाइट्स व्यास (840-898 µm), निषेचन (83-88%) और हैचिंग दर (68-88%) 0, 5 और 10 पीपीटी (पी <0.05) में काफी अधिक थे। 5-10 पीपीटी लवणता (पी <0.05) में लार्वा की उत्तरजीविता (25-28%) काफी अधिक थी। यह निष्कर्ष निकाला गया है कि यद्यपि *एम. गुलियो*में यौन परिपक्वता प्राप्त हुई और 0-20 पीपीटी की लवणता में अंडजनन हुआ, ब्रूडस्टॉक विकास, प्रजनन और लार्वा पालन के लिए आदर्श लवणता 0-10 पीपीटी के बीच है। (चित्र 21, 22, 23)।

पीनियस वन्नामेय झींगों में तापमान तनाव में सुधार पर लिपिड स्तर का प्रभाव

ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप वायुमंडलीय और जलीय तापमान में वृद्धि, पालित झींगों के विकास, प्रतिरक्षा स्थिति और चयापचय



चित्र 21 - एम. गुलियो लार्वा ए. 0 पीपीटी, बी. 5 पीपीटी, सी. 10 पीपीटी, डी. 15 पीपीटी, ई. 20 पीपीटी



चित्र 22 - एम. गुलियो की निषेचन और हैचिंग दर



चित्र: 23 - एम. गुलियो लार्वा की उत्तरजीविता % जर्दी थैली की मात्रा

मार्गों को प्रभावित करेगी। तापमान के तनाव को कम करने के लिए, स्वचालित तापमान नियंत्रण के साथ आरएएस प्रणाली में तीन जलीय तापमानों (27, 30 और 33°C) के अंतर्गत किशोर पी. वन्नामेय झींगों पर 45 दिनों तक एक प्रयोग किया गया था। झींगों को अलग-अलग लिपिड स्तर (5.3 और 7.8%) पाले दो आहार प्रतिदिन दिए गए। उच्च लिपिड स्तर (7.8%) का 30 और 33°C पर, पाचन एंजाइमों, विकास और फैटी एसिड प्रोफ़ाइल पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा परन्तु सामान्य तापमान (27 °C) पर। तापमान तनाव में शामिल चयापचय मार्गों को समझने के लिए संपूर्ण ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण के लिए हेपेटोपैंक्रियास का विश्लेषण किया गया था। प्राप्त किए गए कच्चे रीड्स को FastQC v0.11.9 का उपयोग करके गुणवत्ता के लिए जांचा गया था और निम्न-गुणवत्ता वाले रीड्स और एडेप्टर को Trimmomatic-0.39 का उपयोग करके ट्रिम किया गया था। STAR-2.7.10a (स्पाइस्लड ट्रांस्क्रिप्ट्स एलाइनमेंट टू ए रेफरेंस) का उपयोग करके उच्च-गुणवत्ता वाले ट्रिम किए गए रीड्स को *पी. वन्नामेय* संदर्भ जीनोम (GCF_003789085.1_ASM378908v1) में मैप किया गया था और इकट्ठे ट्रांस्क्रिप्ट्स को RSEM-1.3.3 (RNA - -सीकवेंस बाय एक्सपेक्टेशन - मैक्सिमाइजेशन)) का उपयोग करके मात्राबद्ध और सामान्यीकृत किया गया था। जैव सूचना विज्ञान उपायों द्वारा विभेदक जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण और चयापचय मार्गों से पता चला है कि उच्च लिपिड उपचार ने पाइरूवेट चयापचय, टीसीए चक्र और एएमपीके सिग्नलिंग मार्गों जैसे ऊर्जा चयापचय में शामिल चयापचय मार्गों को विनियमित करके तापमान तनाव को कम किया है। (चित्र 24-26)।

खेत परिस्थितियों के अंतर्गत चरम जलवायु में शारीरिक और तनाव प्रतिक्रियाओं की परिवर्तनशीलता को समझने के लिए ट्रांसक्रिप्टोमिक अध्ययन

भारत के विभिन्न भौगोलिक स्थानों (हरियाणा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, केरल



चित्र 24 - विभिन्न तापमानों पर पाले गए झींगा की वृद्धि (वजन वृद्धि%) पर आहारीय लिपिड स्तर का प्रभाव।



चित्र 25 – विभिन्न तापमानों पर पालित और भिन्न भिन्न लिपिड स्तरों वाले आहार दिए गए पी. वन्नामेई में जीनों की विभेदक अभिव्यक्ति



चित्र 26 - 27 (7.8%) बनाम 30 (7.8%) अपरेगुलेटेड में शामिल समृद्ध पाथवेस

और तमिलनाडु) से झींगों के नमूने एकत्र किए गए, जिनके पारिस्थितिक वातावरण में अचानक परिवर्तन हुए थे जैसे कि लवणता में भारी कमी और तालाबों में कम तापमान (चित्र 27)। गलफड़ों, आंत और हेपेटोपेंक्रियाज़ को विच्छेदित किया गया और ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण किया गया।

भारत के विभिन्न प्रदेशों के किसानों के तालाब से पैसीफिक सफेद झींगा, *पी. वन्नामेय* के ऊतक के नमूने (एन=171) एकत्र किए गए हैं और ट्रांसक्रिप्टोमिक अध्ययन के लिए संग्रहीत किए गए हैं। इन झींगों को लवणता और तापमान में अचानक परिवर्तन जैसे प्राकृतिक जलवायु तनावों के संपर्क में लाए गए हैं। 171 नमूनों में से 36 नमूनों को ट्रांसक्रिप्टोमिक्स के अधीन किया गया है और परिणामों का विश्लेषण किया जा रहा है।

विविध झींगा प्रजातियों की थर्मल सहनशीलता क्षमता

प्रायोगिक स्थितियों के तहत विभिन्न झींगा प्रजातियों की तापमान सहन करने की क्षमता का अध्ययन किया गया है। इस प्रयोग में सामान्यतः संवर्धित झींगा प्रजातियों के क्रिटिकल थर्मल मैक्सिमा और क्रिटिकल थर्मल मिनिमा का पता लगाया गया है और परिणाम नीचे दिए गए हैं (चित्र 28, 29)।

प्रयोग के परिणामों से पता चला कि CTMax का उच्चतम मूल्य *पी. वन्नामेय* (44.30 डिग्री सेल्सियस) में देखा गया, इसके बाद *पी. मोनोडोन* (42.80 डिग्री सेल्सियस), *एम. मोनोसेरोस* (42.40 डिग्री सेल्सियस), *पी. इंडिकस* (42.10 डिग्री सेल्सियस) , एम. डोबसोनी (42 डिग्री सेल्सियस) का स्थान रहा। जो प्रजातियाँ न्यूनतम क्रांतिक तापमान मान को सहन कर सकती हैं उन्हें *एम. मोनोसेरोस* (10.8 डिग्री सेल्सियस) के रूप में देखा गया, इसके बाद *पी. इंडिकस* (10.9 डिग्री सेल्सियस), *एम. डोबसोनी* (12.7 डिग्री सेल्सियस), *पी. वन्नामेय* (12.8 डिग्री सेल्सियस), पी. मोनोडोन (14.2 डिग्री सेल्सियस) का स्थान आता है।

चित्र 27 – खेत नमूना एकत्रीकरण

पी. इंडिकस और *पी. वन्नामेय* की वृद्धि, उत्तरजीविता और परासरणीयता पर लवणता का प्रभाव

पी. इंडिकस और *पी. वन्नामेई* किशोरों के विकास और उत्तजीविता पर विभिन्न लवणता स्तरों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए 30 दिनों का अध्ययन किया गया था। झींगों को 350 लीटर एफआरपी टैंकों में तीन अलग-अलग लवणता स्तरों (5, 30 और 40 पीपीटी) में तीन प्रतियों में रखरखाव किया गया था। प्रत्येक टैंक में *पी. इंडिकस* (3.5 ग्राम) और पी. वन्नामेय (7.2 ग्राम) के पंद्रह झींगे रखे गए थे। शारीरिक वजन के 5% की दर से दिन में 3 बार चारा दिया गया था। विकास मूल्यांकन के लिए हर सप्ताह एक बार नमूने एकत्र किए गए। विभिन्न लवणता स्तरों पर वृद्धि, उत्तरजीविता और परासरणता के परिणामों से पता चला कि *पी. वन्नामेय* बहुमुखी है और लवणता में परिवर्तन को अपनाता है, जबकि, पी. इंडिकस ने कम लवणता की तुलना में उच्च लवणता के प्रति बेहतर सहनशीलता दिखाई है (चित्र 30)।

झींगा, *पीनियस वन्नामेय* में



चित्र: 28. विभिन्न प्रजातियों के लिए CTMax का ग्राफिकल प्रतिनिधित्व



चित्र 29. विभिन्न प्रजातियों के लिए CTmin का चित्रमय प्रतिनिधित्व

ईएचपी लोड पर लवणता में अचानक बदलाव का प्रभाव

एंटेरोसाइटोज़ून हेपेटोपेनेई (ईएचपी) एक इंट्रासेल्युलर माइक्रोस्पोरिडियन परजीवी है जो झींगे के हेपेटोपेंक्रियास को संक्रमित करता है और दैहिक विकास को काफी हद तक धीमा कर देता है, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक नुकसान होता है। हमारे पिछले प्रयोगों में यह देखा गया था कि संक्रामकता और इसका प्रभाव संवर्धन जल की लवणता के साथ बदलता रहता है। हालाँकि, झींगा में ईएचपी लोड पर चरम मौसम की घटनाओं के परिणामस्वरूप लवणता में अचानक बदलाव के प्रभाव पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। झींगों के हेपेटोपेंक्रियास में ईएचपी लोड पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए झींगों को अचानक 25 पीपीटी से 5 और



चित्र 30. पी. इंडिकस और पी. वन्नामेई की वृद्धि, उत्तरजीविता और परासरणीयता पर लवणता के प्रभाव का चित्रमय प्रतिनिधित्व



चित्र 31. झींगा में ईएचपी लोड पर लवणता में अचानक बदलाव का प्रभाव

15 पीपीटी में स्थानांतरित करके एक प्रयोग किया गया था। *पी. वन्नामेय* 4 दिनों के लिए 25 पीपीटी पर मौखिक रूप से ईएचपी चुनौती दे कर और लवणता (@5 पीपीटी/घंटा) को 5 और 15 पीपीटी तक घटाने से पहले 14 दिनों तक बनाए रखा गया। संक्रमित झींगा के हेपेटोपेंक्रियाज में ईएचपी लोड का मूल्यांकन क्यूपीसीआर द्वारा लवणता में बदलाव के 48 घंटे, 1, 2 और 3 सप्ताह के बाद किया गया था। 15 पीपीटी पर पाले गए समूह में ईएचपी कॉपी संख्या में 48 घंटे और 2 सप्ताह के बाद लवणता के झटके से उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। किए गए अवलोकन से झींगा में ईएचपी लोड पर लवणता में अचानक बदलाव के प्रभाव का संकेत मिलते हैं (चित्र 31)।

झींगा उपज वर्गीकरण मॉडल का निर्माण

भारत के पूर्वी और पश्चिमी दोनों तटों के 12 झींगा पालन क्षेत्रों से झींगा पालन के दौरान मृदा और जल के मापदंडों को एकत्र किया गया है। महत्वपूर्ण जल और मृदा मापदंडों पर डेटा; जलवायु पैरामीटर: न्यूनतम तापमान, अधिकतम तापमान और वर्षपात; और उपज को संबंधित क्षेत्रों से मॉडलिंग उद्देश्य के लिए लिया गया है। झींगा प्रक्षेत्रों की उत्पादकता के आधार पर उन्हें निम्न, मध्यम और उच्च उपज वाले प्रक्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। प्रक्षेत्रों को वर्गीकृत करने हेतु मापदंडों का अनुकरण करने के लिए, सामान्य वितरण के आधार पर डेटा को संवर्धित किया गया है। प्रत्येक वर्ग के लिए आर फ़ंक्शन के उपयोग से 1,000 अवलोकनों का डेटासेट तैयार करने के लिए इनपुट मापदंडों के माध्य और मानक विचलन का उपयोग किया गया है। डेटा को वर्गीकृत करने के लिए विभिन्न मशीन लर्निंग मॉडल जैसे लॉजिस्टिक रिग्रेशन, मल्टीलेयर परसेप्ट्रॉन, सपोर्ट वेक्टर मशीन, डिसीजन ट्री और रैंडम फॉरेस्ट को लागू किया गया था। दस गुना क्रॉस-वैलिडेशन मॉडल और मॉडल आउटपुट मापदंडों के माध्यम से प्राप्त सटीकता के आधार पर, रैंडम फ़ॉरेस्ट मॉडल को जलीय खेतों के वर्गीकरण के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया। यह कार्य एक्वा फार्म-आधारित पूर्वानुमान मॉडल विकसित करने के लिए दृष्टिकोण की उपयुक्तता को प्रदर्शित करता है। (चित्र 32)।

भूमण्डलीय ऊष्मीकरण सम्भावनाओं में झींगा पालन का योगदान : जीवन चक्र मूल्यांकन दृष्टिकोण

किसी उत्पाद को परिमाणित और कुल पर्यावरणीय प्रभाव को मापने और तुलना करने के लिए उत्पादन चक्र में शामिल सभी प्रासंगिक चरणों सहित एक मानक बेंचमार्क की आवश्यकता होती है। जीवन चक्र मूल्यांकन (एलसीए) परिभाषित सीमाओं के भीतर किसी दिए गए उत्पाद की ग्लोबल वार्मिंग सम्भावना (जीडब्ल्यूपी), ओजोन परत रिक्तीकरण (ओडीपी), और यूट्रोफिकेशन क्षमता (ईपी) जैसी प्रभाव श्रेणियों के संबंध में विस्तृत और एकीकृत जानकारी उत्पन्न करने के लिए एक प्रभावी उपाय है। यह उत्पादन श्रृंखला में प्रभाव शिखर की पहचान करने के साथ-साथ सुधार के क्षेत्रों का पता लगाने की अनुमति देता है। एलसीए का उपयोग भारत में *पी. वन्नामेय* खेती से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों की मात्रा निर्धारित करने और तुलना करने के लिए, हैचरी, चारा चक्की और खेती की प्रणाली सीमाओं के साथ किया गया था। परिवहन और ऊर्जा उपयोग सहित संपूर्ण व्यक्तिगत

कप्पा सांख्यिकी	0.941
रूट मीन स्केवेरड एरर	0.161
टीपी रेट	0.961
एफपी रेट	0.020
प्रिसिजन	0.961
रिकॉल	0.961
एफ-मेसर	0.961
आरओसी	0.996

रैंडम फ़ॉरेस्ट मॉडल के आउटपुट पैरामीटर

प्रक्रियाओं से संबंधित प्राथमिक और द्वितीयक डेटा एकत्र किया गया था। प्रभाव का मूल्यांकन सिमाप्रो सॉफ्टवेयर के साथ सबसे हालिया और अद्यतित एलसीए तरीकों में से एक, ReCiPe 2016 Midpoint (H) V.1.02 का उपयोग करके किया गया था। झींगा हैचरी, चारा चक्की और झींगा पालन की ग्लोबल वार्मिंग सम्भावना (जीडब्ल्यूपी) क्रमशः 331, 704 और 3,230 $kgCO_2eq$ थी, जो दर्शाता है कि खेती प्रमुख चरण है, जो जीएचजी



चित्र 32 - झींगा उपज वर्गीकरण मॉडल के लिए प्राप्त सटीकता

उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। जीडब्ल्यूपी में योगदान देने वाला प्रमुख हॉटस्पॉट बिजली और डीजल के संदर्भ में ऊर्जा का उपयोग था। (चित्र 33)।

झींगा चारा चक्की से भूमण्डलीय ऊष्मीकरण सम्भावना को कम करने के लिए वैकल्पिक मॉडल

ऊर्जा-संरक्षण प्रौद्योगिकियों को नियोजित करके कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के परिदृश्य में फिशमील की उपलब्धता सीमित है और इसका आयात भी अधिक चारा उत्पादन लागत और जीडब्ल्यूपी में योगदान दे रहा है। इसलिए, चारा में फिशमील को पादप प्रोटीन स्रोतों से प्रतिस्थापित करके वैकल्पिक चारा सूत्रीकरण विकसित किए गए थे। किण्वित सोयाबीन मील, मूंगफली की खली, सूरजमुखी और रेपसीड को विभिन्न अनुपातों से तैयार किण्वित पादप प्रोटीन मिश्रण के उपयोग से 0% (नियंत्रण), 50%, 60% और 70% (क्रमशः FR-0, FR-50, FR-60, FR-70) पर फिशमील को प्रतिस्थापित करके चार आइसोनिट्रोजेनस और आइसोलिपिडिक आहार तैयार किए गए थे। जबकि झींगा वृद्धि पर इन चारा की प्रभावकारिता का परीक्षण करना आवश्यक है, पर्यावरणीय प्रभावों का विश्लेषण करने के लिए एलसीए करना भी प्रासंगिक है। चारा मिल का एलसीए संशोधित चारा सूत्रीकरण के साथ किया गया था। GWP क्रमशः FR-0, FR-50, FR-60, और FR-70 के साथ 704, 660, 651 और 642 kgCO2eq था, जो फिशमील के साथ प्रतिस्थापित चारा की स्थिरता को दर्शाता है। (चित्र 34)।

झींगा किसानों की तकनीकी दक्षता को प्रभावित करने वाले जलवायु परिवर्तन की घटनाओं के अनुकूलन के उपाय

यह निर्धारित करना प्रासंगिक है कि जलवायु परिवर्तन (सीसी) के नकारात्मक प्रभावों को दूर करने के लिए किसानों द्वारा अपनाई गई अनुकूलन रणनीतियाँ उनकी दक्षता में सुधार करने में मदद करती हैं या नहीं। पिछले 10 वर्षों के दौरान झींगा जलीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन की घटनाओं की संभावना, परिणाम और जोखिम रेटिंग के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक, और अपनाई गई अनुकूलन रणनीतियों, चक्रवात (सीवाईसी) और किसान (एन = 250, नेल्लोर जिला, एपी) की धारणा के आधार पर बाढ़ (एफएलडी) को सभी ने और अनियमित मौसम (आईआरएस), उच्च तापमान (एचटीईएम), भारी बारिश (एचआर) और सूखे (डीआरटी) को क्रमशः 206, 227, 239 और 147 किसानों ने महसूस किया। उच्चतम आर्थिक जोखिम रेटिंग और अधिकतम अनुकूलन लागत एफएलडी के लिए थी और इसके बाद *सीवाईसी स्टोकास्टिक फ्रंटियर और कॉब डगलस फ़ंक्शंस* का उपयोग जलवायु और सामाजिक-आर्थिक दोनों चरों को शामिल करके किसानों की तकनीकी और आर्थिक दक्षता का अध्ययन करने के लिए किया गया था। लगभग 58% किसान गुणवत्तापूर्ण बीज और चारे के उपयोग



चित्र 33. झींगा हैचरी के जीवन चक्र, चारा मिल और खेती के दौरान पर्यावरणीय प्रभावों की तुलना का चित्रमय प्रतिनिधित्व



चित्र 34 - झींगा फ़ीड उत्पादन के विभिन्न मॉडलों के दौरान पर्यावरणीय प्रभावों की तुलना का ग्राफिकल प्रतिनिधित्व।

और खेती में नवीनतम तकनीक को अपनाने के कारण 90% से अधिक कुशल हैं। चरों में संग्रहण घनत्व, खेती का अनुभव, सफलता का CYC-स्तर और FLD/HR-स्तर की सफलता का केवल तीन दक्षताओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, जो दर्शाता है कि जिन किसानों ने CYC और FLD के नकारात्मक प्रभाव को सफलतापूर्वक दूर कर लिया था, उन्होंने अपनी दक्षता के स्तर में वृद्धि की थी।.

केरल के कन्नूर जिले में खारा जलीय क्षेत्रों का पारिस्थितिकी तंत्र आधारित संसाधन मानचित्रण

केरल के कन्नूर जिले के प्रमुख नदीय पारिस्थितिक प्रणालियों के अंतर्गत खारे पानी की जलीय कृषि हेतु उपयुक्तता के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए 18 महीने की अवधि का एक अध्ययन किया गया था। अध्ययन की गई पांच प्रमुख नदियाँ पेरुम्बा, कुप्पम, वलपट्टनम, अंजराकांडी

	गुणांक	टी स्टेट
इन्टरसेप्ट	0.355	18.11
वाटर स्प्रेड एरिया	-0.0023	-0.762
संग्रहण घनत्व	0.0022	1.989*
FEXPYR	0.0007	1.821*
EDUL	0.0005	0.185
TRNATTND	0.0027	0.171
CYCLS	0.0161	3.421***
FLDLS	0.0124	2.732***
IRSOBSV	0.0055	1.057
LTEMOBS	0.0007	0.162
DRTOBS	-0.0018	-0.408
R2	0.89	
F-statistic	202.1	

*Significant at 10% level; *** Significant at 1% level

तालिका 4. जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने में झींगा किसानों की दक्षता में अंतर

FEXPYR – खेती का अनुभव वर्षों में, EDUL – शिक्षा का स्तर, TRNATTND – उपस्थित हुए प्रशिक्षणों की संख्या, CYCLS – चक्रवात - सफलता का स्तर, FLDLS – बाढ़ – सफलता का स्तर, IRSOBSV – अनियमित ऋतुओं का अवलोकन. LTEMOBS – निम्न तापमान का अवलोकन, DRTOBS – सूखा अवलोकन

और कुय्यली हैं। अध्ययन अवधि के दौरान भौतिक-रासायनिक मापदंडों, पादपप्लवकों, जन्तुप्लवकों, नितल जीवजात, मछली उपज आदि का विश्लेषण किया गया। सभी पैरामीटर ArcGIS में मैप किए गए थे; एनालाइटिक हैआर्की प्रोसेस (एएचपी) और मल्टी – क्रैटेरिया डिसीजन – मेकिंग (एमसीडीएम) विधियों के उपयोग से परिणाम तैयार किए गए। दक्षिण पश्चिम मानसून और विभिन्न पारिस्थितिक कारकों के कारण कन्नूर की नदीय प्रणाली मीठे (0 पीपीटी) से लेकर लवणीय जल (31 पीपीटी) था। ज्वारनदमुखी नदीय प्रणालियों को अत्यधिक संभावित, संभावित, सीमांत रूप से संभावित और गैर-संभावित क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया था। पारिस्थितिकी तंत्र आधारित विश्लेषण के आधार पर, लगभग 48.2 हेक्टेयर क्षेत्र खारा जलीय कृषि के लिए तत्काल उपयोग करने की संभावना है। वलपट्टिनम और कुप्पम नदियों में खार जलीय कृषि शुरू करने के लिए अधिक उपयुक्त क्षेत्र हैं। विश्लेषण किए गए मापदंडों के आधार पर पहचाने गए क्षेत्रों का उपयोग जिले में जलीय कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए पिंजरों और पेन पालन के तहत झींगा, केकड़े और फ़िनफिश पालन किया जा सकता है।



चित्र 35 - केरल के कन्नूर जिले की नदियों में खारा जलीय कृषि के लिए संभावित क्षेत्र

आनुवंशिकी एवं जैवप्रौद्योगिकी



आनुवंशिकी एवं जैवप्रौद्योगिकी

लुत्जानस अर्जेंटिमाकुलैटस की ड्राफ्ट जीनोम असेंबली

लुत्जानस अर्जेंटिमाकुलैटस, जिसे आमतौर पर मैंग्रोव जैक या मैंग्रोव रेड स्नैपर के रूप में जाना जाता है, लुत्जानिडे परिवार की समुद्री किरण-पंख वाली मछली की प्रजाति से संबंधित है। यह एक महत्वपूर्ण, तेजी से बढ़ने वाली, व्यावसायिक खाद्य मछली है जिसकी अच्छी मांग है और अच्छी कीमत मिलती है। रेड स्नैपर जलीय कृषि के लिए एक संभावित प्रत्याशी प्रजाति है चूंकि यह एक यूरीहेलिन मछली है जिसमें मीठे, खारे और समुद्री आवासों में बढ़ने की क्षमता होती है और इसे आसानी से बंद परिस्थितियों में पाला जा सकता है। संपूर्ण जीनोम सूचना डेटा *एल. अर्जेंटिमाकुलैटस* के जीनोमिक्स अनुसंधान के लिए एक नया परिप्रेक्ष्य प्रदान करेगा। इस अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों में इस प्रजाति के संरक्षण एवं प्रबंधन और भविष्य के चयनात्मक प्रजनन कार्यक्रमों में संभावित अनुप्रयोग शामिल हैं।

जीनोम लम्बाई, बीपी	1,042,747,252
कांटिग्स की संख्या	699
अधिकतम लम्बाई, बीपी	38,328,485
N50 लम्बाई, बीपी	12,244,877

तालिका 1 – रेड स्नैपर जीनोम असेम्बली आँकड़े।

रेड स्नैपर जीनोम के अपेक्षित आकार का अनुमान इलुमिना पेयर्ड-एंड सीकवेंस रीड्स के उपयोग से उत्पन्न k-mer प्रोफाइल के आधार पर लगाया गया था। 21-mer हिस्टोग्राम जेलीफ़िश 2.3.0 में उत्पन्न किया गया था और जीनोमस्कोप में विश्लेषण किया गया था। विश्लेषण से पता चला कि जीनोम अगुणित लंबाई 713 एमबी और जीनोम रिपीट लंबाई 91 एमबी है।

जीनोम हेपलॉयड लम्बाई, बीपी	713,827,565
जीनोम रिपीट लेंथ, बीपी	91,960,469
जीनोम युनिक लेंथ, बीपी	621,867,096

चित्र 1 - रेड स्नैपर जीनोम के लिए k-mer फ्रीकवेंसी एनसलाइसिस



चित्र 1 - रेड स्नैपर जीनोम के लिए k-mer फ्रीकवेंसी एनसलाइसिस

मुगिल सेफालस में स्टेरॉयडोजेनिक एंजाइम जीन अभिव्यक्ति

स्टेरॉयडोजेनिक एंजाइमों के एक समूह द्वारा कोलेस्ट्रॉल से उत्पादित प्रजनन स्टेरॉयड हार्मोन, कशेरुकियों में डिम्बग्रंथि कूप की वृद्धि और परिपक्वता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। *मुगिल सेफालस* में डिम्बग्रंथि परिपक्वता के स्टेरॉयड विनियमन के आणविक पहलुओं को समझने के लिए, एक व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजाति जो बंद स्थितियों में प्रजनन संबंधी शिथिलता प्रदर्शित करती है, हमने स्टेरॉइडोजेनिक एक्यूट रेगुलेटरी प्रोटीन (एसटीएआर) के अभिव्यक्ति पैटर्न की जांच की, एक प्रोटीन जो बाद में उपयोग के लिए कोलेस्ट्रॉल परिवहन को नियंत्रित करता है। स्टेरॉइडोजेनेसिस और चार प्रमुख स्टेरॉइडोजेनिक जीन अर्थात् कोलेस्ट्रॉल साइड चेन क्लीवेज (cyp11a*1*), 3β-हाइड्रॉक्सीस्टेरॉइड डिहाइड्रोजनेज (3β-HSD) और, 17α-हाइड्रॉक्सीलेज़/लायस (cyp17), और प्री विटेलोजेनिक (स्टेज I) के अंडाशय में एरोमाटेज़ (cyp19a); ओवा व्यास 30-110 µm) और विटेलोजेनिक (चरण III; ओवा व्यास: 180-650 µm) मादाएं। इन सभी डिम्बग्रंथि जीनों की अभिव्यक्ति पैटर्न ने परिपक्वता की प्रगति के साथ बढ़ती प्रवृत्ति प्रदर्शित की। अंडाशय में सभी चार स्टेरॉइडोजेनिक एंजाइमों की मौजूदगी और परिपक्वता के दौरान उच्च प्लाज्मा एस्ट्रोजन स्तर के साथ उनका सकारात्मक सहसंबंध सुझाव देता है कि अंडाशय *एम. सेफालस* में परिसंचरण E_2 स्तरों का एक प्रमुख स्रोत है।



चित्र 2 - मुगिल सेफालस में डिम्बग्रंथि स्टेरॉइडोजेनिक एंजाइम जीन अभिव्यक्ति

पी. इंडिकस में तीव्र लवणता और तापमान तनाव का तुलनात्मक ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण

अजैविक और जैविक तनाव बड़े पैमाने पर पालित जीवों की वृद्धि और विकास को प्रभावित करते हैं। अजैविक तनावों के बीच, तालाब के जल की लवणता और तापमान को महत्वपूर्ण बताया गया है। इष्टतम लवणता और तापमान में विक्षेपों के कारण होने वाला तनाव जलीय जीवों में कई बीमारियों का एक प्रमुख कारक है। वर्षा, न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान आदि जैसे सतही मौसमीय मापदंडों के कारण पालन अवधि के दौरान इन जलीय गुणवत्ता मापदंडों में अचानक परिवर्तन अक्सर होते हैं। बढ़ते पर्यावरण में परिवर्तन के कारण झींगा में आणविक तंत्र का अध्ययन सुधारात्मक उपाय करने के लिए एक आधार प्रदान कर सकता है। वर्तमान अध्ययन में, RNAseq दृष्टिकोण के माध्यम से *पी. इंडिकस* में तीव्र लवणता और तापमान तनाव के कारण आणविक प्रतिक्रियाओं को समझना था।

अध्ययन के लिए इनडोर टैंकों में पाली गई झींगों का उपयोग किया गया। लवणता प्रयोग के लिए, झींगों को 28 पीपीटी के नियंत्रण जल लवणता से क्रमशः 5 पीपीटी और 45 पीपीटी के निम्न और उच्च समायोजित जल लवणता टैंक में स्थानांतरित करके तीव्र लवणता तनाव प्रेरित किया गया था। इसी तरह, तापमान प्रयोग में, झींगा को 27°C के नियंत्रण तापमान से क्रमशः 22°C और 32°C के समायोजित जलीय तापमान के साथ कम तापमान वाले टैंक और उच्च तापमान वाले टैंक में स्थानांतरित किया गया। प्रायोगिक तापमान और लवणता के क्रमिक अनुकूलन के बिना झींगों को नियंत्रण टैंक से सीधे प्रायोगिक टैंक में स्थानांतरित कर दिया गया। प्रयोग के दौरान कोई मृत्यु दर नहीं देखी गई।

दोनों प्रयोगों में तीव्र तनाव पैदा करने के 3 घंटे बाद हेपेटोपैंक्रियास ऊतक के नमूने एकत्र किए गए और आरएनए-सीक्यू डेटा उत्पन्न किया गया। दोनों प्रयोगों से 251.12 Gbp (131.53 Gbp + 119.6 Gbp) अनुक्रम डेटा उत्पन्न करने वाले अठारह RNA-seqlibraries का निर्माण किया गया। लवणता प्रयोग में, 9 नमूनों से कुल 871,053,274 कच्चे रीड प्राप्त हुए, जबकि तापमान प्रयोग के 9 नमूनों से कुल 792,022,948 कच्चे रीड प्राप्त हुए, जिन्हें बाद में निम्न-गुणवत्ता वाले डेटा को हटाने के लिए ट्रिम किया गया। Q20 और Q30 आधार का प्रतिशत क्रमशः 98.77% और



Enriched pathways in low temperature



Enriched pathways in high salinity



Enriched pathways in low temperature



Enriched pathways in high temperature

चित्र 3 - पी. इंडिकस में तीव्र लवणता और तापमान तनाव के दौरान समृद्ध पाथवेस

94.83% से अधिक था। लवणता तनाव में विभेदित रूप से व्यक्त जीन (डीईजी) प्राप्त करने के लिए समूहों, नियंत्रण (28 पीपीटी) बनाम कम लवणता (05 पीपीटी) और नियंत्रण (28 पीपीटी) बनाम उच्च लवणता (45 पीपीटी) की स्वतंत्र तुलना की गई। कम लवणता तनाव में कुल 509 प्रतिलेखों को भिन्न रूप से व्यक्त पाया गया था, उनमें से 260 को महत्वपूर्ण रूप से अपरेगुलेटेड और 249 को काफी डाउन-रेगुलेटेड किया गया था। जबकि, उच्च लवणता तनाव के संपर्क में आने वाले झींगा में 284 डीईजी थे, जिनमें से 217 को काफी हद तक अपरेगुलेटेड और 67 को काफी हद तक डाउन-रेगुलेट किया गया था। इसी तरह, तापमान तनाव में, समूह नियंत्रण (27°C) बनाम निम्न तापमान (22°C) और नियंत्रण (27°C) बनाम उच्च तापमान (32°C) की स्वतंत्र तुलना की गई। कम तापमान के तनाव के परिणामस्वरूप 348 प्रतिलेखों की भिन्न अभिव्यक्ति हुई, जिनमें से 247 में महत्वपूर्ण वृद्धिअपरेगुलेशन और 137 में महत्वपूर्ण डाउन-रेगुलेशन देखी गई। उच्च तापमान तनाव के मामले में, कुल 526 डीईजी की पहचान की गई, जिनमें से 198 को डाउन-रेगुलेटेड और 328 को काफी हद तक अपरेगुलेटेड किया गया। DEGs को log2Fold change मान को 2 से ऊपर सेट किया गया और p-मान को 0.05 से नीचे समायोजित करके फ़िल्टर किया गया था।

गैर-अनावश्यक (एनआर) प्रोटीन डेटाबेस के विरुद्ध ब्लास्टएक्स खोज का उपयोग करते हुए, डीईजी का एनोटेशन ओमिक्सबॉक्स सॉफ़्टवेयर में किया गया था। तापमान प्रयोग में सिग्नलिंग मार्ग और प्यूरीन चयापचय क्लस्टर महत्वपूर्ण था।

लवणता तनाव के मार्ग संवर्धन विश्लेषण से अप-विनियमन फेरोप्टोसिस और ग्लाइसिन, सेरीन और थ्रेओनीन चयापचय मार्ग, फैटी एसिड गिरावट, एकत्रित डक्ट एसिड स्राव, लाइसोसोम, पेरोक्सिसोम, एराकिडोनिक एसिड चयापचय और स्टेरॉयड हार्मोन जैवसंश्लेषण मार्ग, सिस्टीन और मेथियोनीन चयापचय मार्ग, मीथेन चयापचय, नेक्रोप्टोसिस, हिस्टिडीन चयापचय, औषधि चयापचय - साइटोक्रोम P450। का पता चला। ,

तापमान तनाव के मामले में, थियामिन चयापचय, mRNA निगरानी मार्ग, स्प्लिसियोसोम, एडिपोसाइटोकाइन सिग्नलिंग मार्ग, प्यूरीन चयापचय, सर्केडियन रिथम, यूकेरियोट्स में राइबोसोम बायोजेनेसिस, समीपस्थ ट्यूब्यूल बाइकार्बोनेट रिक्लेमेशन, न्यूक्लियोसाइटोप्लाज्मिक ट्रांसपोर्ट, ग्लूकागन सिग्नलिंग मार्ग और पीपीएआर सिग्नलिंग मार्ग, फैंकोनी एनीमिया मार्ग, न्यूक्लियोटाइड एक्सीजन रिपेयर, अप-विनियमित पाया गया। अध्ययन में *पी. इंडिकस* में तीव्र लवणता और तापमान तनाव से जुड़े महत्वपूर्ण जीन समूहों, जीओ शर्तों और चयापचय मार्गों का दस्तावेजीकरण किया गया।

पीनियस इंडिकस के लिए जीनोम स्केल मेटाबोलिक मॉडल का निर्माण

जीनोम स्केल मेटाबोलिक मॉडल (जीईएम) एक नेटवर्क-आधारित गणना उपकरण है जिसका उपयोग जीन, मेटाबोलाइट्स, प्रतिक्रियाओं, एंजाइमों, पाथवेस और जीन-प्रोटीन-प्रतिक्रिया संघों जैसी उपलब्ध ज्ञात जानकारी के साथ किसी जीव के चयापचय इंटरैक्शन को अनुकरण करने के लिए किया जाता है। प्रतिक्रियाओं के माध्यम से फ्लक्स के प्रवाह की पूर्वानुमान हेतु गणितीय गणना की सुविधा के लिए एकत्रित जानकारी को संकलित और गणितीय मॉडल में बदल दिया गया है। जीईएम उपलब्ध बिग-डेटा को प्रासंगिक बनाकर मात्रात्मक रूप से जीनोटाइप और फेनोटाइप के बीच संबंध स्थापित करते हैं। यहां हमारा लक्ष्य *पी. इंडिकस* के जीनोम स्केल मेटाबोलिक मॉडल का पुनर्निर्माण करना है।

जीईएम के निर्माण में पहले कदम के रूप में, एनआर डेटाबेस के खिलाफ ब्लास्ट सर्च के साथ जीनोम एनोटेशन किया गया और ओमिक्सबॉक्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके मैपिंग, एनोटेशन, पाथवे विश्लेषण और इंटरप्रो विश्लेषण किया गया था। KEGG डेटाबेस से KEGGREST R पैकेज के उपयोग से प्रतिक्रिया और मेटाबोलाइट जानकारी पुनर्प्राप्त की गई थी। एकत्रित जानकारी को एक साथ संकलित किया गया और पायथन स्क्रिप्ट और COBRApy पायथन पैकेज का उपयोग करके गणितीय मॉडल में बदल दिया गया। उत्पन्न ड्राफ्ट मॉडल 6,222 प्रतिक्रियाओं और 5,549 मेटाबोलाइट्स के लिए कोडिंग करने वाले 3,015 जीनों से बना है। इन 6,222 प्रतिक्रियाओं में से 6,039 एंजाइमेटिक प्रतिक्रियाएं हैं, 20 प्रतिक्रियाएं जो आवश्यक अमीनो एसिड का आदान-प्रदान करती हैं, 5 कार्बोहाइड्रेट विनिमय की, 23 फैटी एसिड विनिमय की, 42 प्रतिक्रियाएं विटामिन, खनिज और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की विनिमय प्रतिक्रियाएं, 91 परिवहन प्रतिक्रियाएं कोडिंग हैं जो उपरोक्त विनिमय प्रतिक्रियाओं में शामिल मेटाबोलाइट्स के परिवहन के लिए । इसके अलावा, कोशिका के समग्र बायोमास का आकलन करने के लिए एक उद्देश्य फ़ंक्शन के रूप में बायोमास प्रतिक्रिया को जोड़ा गया था।

पर्लस्पॉट, *इट्रोप्लस सुरातेंसिस* के लिए क्रोमोसोम-स्तरीय जीनोम असेंबली

इट्रोप्लस सुरातेंसिस (ब्लोच 1790), जिसे आमतौर पर पर्लस्पॉट या ग्रीन क्रोमाइड के नाम से जाना जाता है, खाद्य मछली के रूप में उच्च आर्थिक मूल्य की एक सिसलीद प्रजाति है। पर्लस्पॉट विशेष रूप से भारतीय राज्य केरल में लोकप्रिय है, जहां इसे करीमीन कहा जाता है और इसे 'केरल की राज्य मछली' का दर्जा प्राप्त है। पर्लस्पॉट व्यापक लवणता सीमा के प्रति सहनशीलता प्रदर्शित करती है और इसलिए मीठे और खारे पानी में पालन के लिए उपयुक्त है। तालाब पालन में पर्लस्पॉट की वृद्धि दर पिंजरा पालन की तुलना में कम देखी गई है। छोटे पैमाने के किसानों के लिए एक व्यवहार्य आजीविका के रूप में पर्लस्पॉट की कम परिमाण वाले पिंजरा पालन का सुझाव दिया

असेम्बली लम्बाई, जीबी	1.275
कांटिग्स की संख्या	357
N50, एमबी	31.42
सबसे लम्बा कांटिग, एमबी	61.02
स्कैफोल्ड की संख्या	344
N50, एमबी	50.27
24 गुणसूत्रों में जीनोम लम्बाई, जीबी	1.16 (91%)
BUSCO सम्पूर्णता स्कोर, %	98.9

तालिका 3 - पर्लस्पॉट मछली के लिए उत्पन्न क्रोमोसोम-स्केल जीनोम असेंबली के आँकड़े।

गया है। भारत में पर्लस्पॉट पालन के विस्तार के लिए बड़ी संख्या में बीजों की अनुपलब्धता प्रमुख बाधा है। पर्लस्पॉट के पूरे जीनोम को समझने से उन जीनों और आणविक मार्गों को समझने में मदद मिलेगी जो प्रजातियों की लवणता अनुकूलन और विकास में प्रजातियों की सीमा की क्षमता में योगदान करते हैं। इसलिए, पर्लस्पॉट की लवण सहनशीलता और विकास की बेहतर समझ के लिए, आईसीएआर-सीबा ने पर्लस्पॉट के लिए संपूर्ण जीनोम और उससे जुड़े आणविक संसाधनों के निर्माण की गतिविधि शुरू की है।

हमने एकल पर्लस्पॉट मछली के डीएनए का उपयोग करके PacBio सीक्वल II सीक्वेंसर पर हाई फिडेलिटी (HiFi) अनुक्रम रीड उत्पन्न करने के लिए नवीनतम डीएनए अनुक्रमण तकनीक का उपयोग किया है। 31.4 एमबी की एन50 लंबाई के साथ 1.275 जीबी तक फैले 357 असेंबली कॉन्टिग्स उत्पन्न करने के लिए लगभग 98 जीबी हाईफाई रीड का उपयोग किया गया था। इन कंटिग्स को क्रोमोसोम-स्केल जीनोम असेंबली उत्पन्न करने के लिए 4.39 बिलियन Arima HiC reads के साथ ऑर्डर और ओरिएंटेड किया गया था, जिसमें 1.275 जीबी लंबाई के 344 स्कैफोल्ड और 50.27 एमबी का एन50 शामिल था। सॉफ्टवेयर टूल्स hifiasm और salsa2 का उपयोग क्रमशः असेंबली कंटिग्स और स्कैफोल्ड बनाने के लिए किया गया था। कुल जीनोम लंबाई का लगभग 91% केवल 24 स्कैफोल्ड द्वारा योगदान दिया गया है, जो महत्वपूर्ण है क्योंकि पर्लस्पॉट मछली में 24 अगुणित गुणसूत्र होते हैं। चूंकि असेंबली की अधिकांश लंबाई 24 स्कैफोल्ड में है, इन्हें गुणसूत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाला माना जा सकता है। जीनोम को BUSCO actinopterygii_odb10 (2021-02-19) डेटासेट के साथ बेंचमार्क करके 98.9% पूर्ण होने का आकलन किया गया था। इस उच्च गुणवत्ता वाले जीनोम का उपयोग प्रोटीन-एन्कोडिंग जीन के लिए जीनोम को एनोटेट करने के बाद पर्लस्पॉट मछली में लवण सहिष्णुता और धीमी वृद्धि को विनियमित करने वाले आणविक तंत्र को समझने के लिए किया जाएगा।

सिलिको मेटा-विश्लेषण के माध्यम से *पी. वन्नामेय* की स्वास्थ्य स्थिति के लिए माइक्रोबियल बायोमार्कर की पहचान

रोगजनक सूक्ष्मजीवों के कारण होने वाली बीमारियाँ झींगा जलीय कृषि उत्पादन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक हैं। वैकल्पिक रूप से, रोगाणु प्रोबायोटिक के रूप में कार्य करके मेजबान के विकास और स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देते हैं। इसलिए, झींगा के स्वास्थ्य में सुधार के लिए महत्वपूर्ण संभावित, निवासी और लाभकारी रोगाणुओं का दस्तावेजीकरण करना महत्वपूर्ण है। इस तरह की जानकारी से झींगों की स्वास्थ्य स्थिति और रोग की घटनाओं का पूर्वानुमान करने में सहायता मिलती है। झींगों में माइक्रोबियल प्रोफ़ाइल और बहुतायत का दस्तावेजीकरण करने के लिए 16S rRNA आधारित एम्प्लिकॉन अनुक्रम डेटा विश्लेषण की सूचना मिली है। हाल के वर्षों में, सार्वजनिक डोमेन में एम्प्लिकॉन अनुक्रम डेटासेट में भारी वृद्धि हुई है और इससे झींगें के स्वास्थ्य और रोग स्थितियों के लिए माइक्रोबियल बायोमार्कर दस्तावेज करने के लिए उन सभी को मिलाकर मेटा-विश्लेषण करने की संभावना मिली है। इसके अलावा, विभिन्न माइक्रोबियल जीवों के लिए जीनोम अनुक्रमों की उपलब्धता ने हमें मेजबान स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले चयापचय इंटरैक्शन के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए मेटा-विश्लेषण में जीनोम-स्केल चयापचय मॉडलिंग को एकीकृत करने के लिए प्रेरित किया है।

इस अध्ययन के लिए रोगग्रस्त या स्वस्थ पीनियस वन्नामेय पर किए गए 13 अध्ययनों से लगभग 838 एम्प्लिकॉन अनुक्रम डेटासेट एनसीबीआई एसआरए डेटाबेस से एकत्र किया गया हैं। अनुक्रम डेटासेट पर किए गए रैखिक विभेदक विश्लेषण प्रभाव आकार (LEfSe) ने *पी. वन्नामेय* के लिए क्रमशः स्वास्थ्य और रोग स्थितियों के संकेतक 32 और 73 माइक्रोबियल प्रजातियों की पहचान की। इनमें से एकिनेटोबैक्टर और अल्टेरोमोनस क्रमशः स्वास्थ्य और रोग स्थितियों के लिए संभावित माइक्रोबियल बायोमार्कर हो सकते हैं (चित्र 4)। इसके अलावा, विभिन्न पोषक वातावरणों में जोड़ी-वार कंसोर्टिया में सिलिको फेनोटाइपिक विकास के पूर्वानुमान करने के लिए सभी संकेतक प्रजातियों के लिए जीनोम स्केल मेटाबोलिक मॉडल बनाए गए थे।

यहां, हमने स्वस्थ प्रजातियों की वृद्धि दर में वृद्धि पर ध्यान दिया है जबकि रोग प्रजातियों की वृद्धि सीमित है। 794 जोड़ी-वार



चित्र 4. पीनियस वन्नामेय की स्वस्थ और रोग अवस्थाओं में प्रमुख बायोमार्कर जेनेरा की औसत सापेक्ष बहुतायत का चित्रण। वृत्त का आकार औसत सापेक्ष बहुतायत को दर्शाता है।

समुदायों में कुल 47 स्वस्थ प्रजातियों ने रोग प्रजातियों की वृद्धि को सीमित कर दिया है। *सिनेकोकोकस* नस्ल को छोड़कर सभी रोग प्रजातियों की वृद्धि को या तो एक या अन्य स्वस्थ प्रजातियों द्वारा सीमित कर दी गईं। अधिकांश पोषक वातावरण के तहत, चार जेनेरा, नामत: एकिनेटोबैक्टर, बिफीडोबैक्टीरियम, ब्रेवुंडीमोनस और ल्यूटिबैक्टर कई रोग-संबंधी प्रजातियों के विकास को सीमित करते हुए पाए गए।

बाद में, विविध पोषक वातावरण के तहत समुदाय में एसीटेट उत्पादन/खपत व्यवहार की पूर्वानुमान करने के लिए एक फ्लक्स परिवर्तनशीलता विश्लेषण किया गया था। विश्लेषण से एसीटेट उत्पादन में एकिनेटोबैक्टर एसपी की भूमिका का पता चला जो स्वास्थ्य संकेतक के रूप में इसकी संभावित भूमिका को समझा सकता है। हालाँकि, कई लाभकारी या प्रोबायोटिक प्रजातियों का उपयोग जलीय कृषि में किया जाता है, विभिन्न परिस्थितियों में स्थिरता और प्रदर्शन की कमी एक प्रमुख चिंता का विषय है क्योंकि विभिन्न पोषक वातावरण में माइक्रोबियल इंटरैक्शन भिन्न होते हैं। इसलिए, रोग प्रजातियों के विकास को नियंत्रित करने वाले अनुकूल वातावरण को पकड़ना महत्वपूर्ण है। फ्लक्स परिवर्तनशीलता विश्लेषण से पता चला कि सुक्रोज परजीवी अंत:क्रियाओं को सुविधाजनक बनाता है (रोग प्रजातियों की वृद्धि को सीमित करता है)। कुल मिलाकर, अध्ययन ने *पी. वन्नामेय* झींगा के स्वास्थ्य में सुधार के लिए सुक्रोज और लाभकारी प्रजातियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

पर्लस्पॉट फुल-सिब परिवार और उनका विकास प्रदर्शन : चयनात्मक प्रजनन पर एक पहल

जलीय कृषि को बनाए रखने और समृद्ध करने के लिए, आनुवंशिक रूप से बेहतर मछली प्रजातियों के विकास को सर्वोपरि महत्वपूर्ण माना जाता है। खारा जलीय प्रत्याशी प्रजातियों में से, पर्लस्पॉट मछली को आनुवंशिक सुधार के लिए चुना गया है चूंकि वे यूरीहैलाइन, सर्वाहारी हैं और उन्हें बंद स्थितियों में आसानी से प्रजनन कराया जा सकता है। यहां, हमने प्रयोगात्मक आधार पर छह पर्लस्पॉट फुल-सिब परिवारों को तैयार किया है और उनके

विकास प्रदर्शन को दर्ज किया है। मछली परिवारों के बीच, अगली पीढ़ी उत्पन्न करने के लिए परिवार के भीतर चयन लागू किया जाएगा। फिर छह पूर्ण सहोदर (सिब) अंगुलिकाओं को छह अलग-अलग पिंजरों में रखा गया और उन्हें 5% शारीरिक वजन के आधार पर आहार दिया गया। विकास मापदंडों के संदर्भ में शरीर की कुल लंबाई और शरीर का वजन 60 दिनों के पोस्ट-हैच (डीपीएच) से 360 डीपीएच तक दर्ज किया गया था। शारीरिक वजन पैरामीटर में शरीर की लंबाई की तुलना में भिन्नता का गुणांक (सीवी) अधिक था। तालाब में जल संदूषण के कारण 120 डीपीएच के बाद एक परिवार (छठे परिवार) की पूर्ण मृत्यु देखी गई। परिवारों का औसत शारीरिक वजन 360 dph पर 85 से 125 ग्राम के बीच था। रिकॉर्ड किए गए मापदंडों का उपयोग चयन और आनुवंशिक लाभ की प्रतिक्रिया का अनुमान लगाने के लिए अगली पीढ़ी की मछलियों के साथ तुलना करने के लिए किया जाएगा जो हमें चयनात्मक प्रजनन की दक्षता बता सकते हैं।

भारतीय सफेद झींगा, *पीनियस इंडिकस* में तनाव-संबंधी जीन अभिव्यक्ति पर लवणता का प्रभाव

लवणता तनाव के प्रति *पी. इंडिकस* की प्रतिक्रिया पर हाल के अध्ययन मुख्य रूप से विकास, उत्तरजीविता, ऑस्मोरग्यूलेशन और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर केंद्रित हैं। झींगा में लवणता प्रतिक्रियाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण जीनों की पहचान की गई है। यह अध्ययन *पी. इंडिकस* में कम-लवणता अनुकूलन के अंतर्निहित जीन और आणविक तंत्र की बेहतर समझ प्रदान करता है।

कार्बोनिक एनहाइड्रेज़ (CA), सोडियम पोटेशियम ATPase (Na+/K+-ATPase), क्रस्टिन, प्रोफेनॉल ऑक्सीडेज (PPO), पेरोक्सिनेक्टिन, बीटा ग्लूकेन बाइंडिंग प्रोटीन (BGBP), सुपर ऑक्साइड डिसम्यूटेज़ (SOD) और हेमोसाइनिन की जीन अभिव्यक्ति को तीन सप्ताह की अवधि के लिए कम लवणता तनाव (5 पीपीटी) में क्यूआरटी-पीसीआर द्वारा मापा गया था। 30 पीपीटी पर पाले गए झींगा को नियंत्रण के रूप में लिया गया। CA, Na+/K+-ATPase, PPO और BGBP के अभिव्यक्ति स्तर को अपरेगुलेटेड देखा गया और तीन



चित्र 5 - कम लवणता पर गिल्स सापेक्ष तनाव-जीन एमआरएनए स्तर। अलग-अलग अक्षरों वाले बार्स काफी भिन्न होते हैं, समान अक्षर कोई अंतर नहीं दर्शाते हैं (पी <0.05; तुकी का परीक्षण)।

सप्ताह के बीच इन जीनों के अभिव्यक्ति स्तर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था। जबकि पेरोक्सिनेक्टिन और हेमोसाइनिन के अभिव्यक्ति स्तर को डाउन-रेगुलेटेड पाया गया। हालांकि, पेरोक्सिनेक्टिन जीन ने सप्ताहों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं दर्शाया, तीसरे सप्ताह में हेमोसाइनिन की अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण थी। क्रस्टिन जीन को शुरुआती दो हफ्तों के लिए डाउन-रेगुलेटेड देखा गया और फिर अप-रेगुलेटेड पाया गया, जो सभी हफ्तों के बीच महत्वपूर्ण था। एसओडी जीन सभी सप्ताहों में काफी भिन्न था, जिसे पहले सप्ताह में डाउन-रेगुलेटेड था और फिर बाद में अप-रेगुलेटेड पाया गया।

सामाजिक विज्ञान एवं विकास

सामाजिक विज्ञान एवं विकास

झींगा पालन में जोखिम विश्लेषण और उनका प्रबंधन

तमिलनाडु में झींगा पालकों (संख्या-15) में उत्पादन जोखिम विश्लेषण और उनके प्रबंधन के लिए एक अध्ययन किया गया था। *एंटेरोसाइटोज़ून हेपेटोपेनेई (ईएचपी)* के कारण होने वाले हेपेटोपैंक्रिएटिक माइक्रोस्पोरिडिओसिस (एचपीएम) और व्हाइट स्पॉट सिंड्रोम वायरस (डब्ल्यूएसएसवी) के कारण होने वाले व्हाइट स्पॉट रोग जैसे प्रमुख रोगों के कारण होने वाली हानि, मूल्य के संदर्भ में 40-70% के बीच होती है। पालकों को 40% उपज हानि के तहत 2.95 लाख रुपये/हेक्टेयर और 70% उपज हानि के तहत 9.22 लाखर रुपये/हेक्टेयर की आर्थिक हानि हुई, जबकि नियंत्रण यानी अप्रभावित फार्मों में 5.42 लाख रुपये/हेक्टेयर का लाभ हुआ (चित्र 1)।

साथी किसानों के साथ डेटा के त्रिभुजन (ट्राइंगेल्यूलेश्न) से ज्ञात हुआ कि खराब बीज गुणवत्ता एक बड़ा जोखिम था जिसके कारण उपज में 30-60% की हानि हुई। एचपीएम रोग 45% तक उत्पादन हानि के साथ एक प्रमुख उत्पादन जोखिम था और क्षति को कम करने के लिए उन्नत फसल बेहतर विकल्प है। क्लस्टर में साथी झींगा पालकों को जागरूक करने से रोग के क्षैतिज प्रसार को रोका गया। कम लवणीय क्षेत्रों में, पालकों ने जोखिम प्रबंधन रणनीति के रूप में धान या डेयरी/मुर्गी पालन के साथ मिश्रित खेती को अपनाया और लगभग 27,000 रुपये/हेक्टेयर या 1,00,000रुपये/फार्म का शुद्ध लाभ अर्जित किया। यह देखा गया कि बिजली गुल होने की स्थिति में वातन के लिए जनरेटर को स्वचालित (ऑटो-स्टार्ट) करने के लिए फार्मों में स्मार्ट उपकरण संस्थापित किए गए थे।

झींगा फसल बीमा उत्पाद विकास

वर्ष 2020-21 (एमपीईडीए, 2022) के उत्पादन डेटा का उपयोग करके आर्थिक विश्लेषण किया गया और अनुमान लगाया गया कि झींगा फसल बीमा के लिए मौजूद व्यावसायिक क्षमता 4% प्रीमियम के साथ प्रति वर्ष 750 करोड़ रुपये थी। इसी प्रकार, सूक्ष्म ऋण आवश्यकता प्रति वर्ष 13,000 करोड़ रुपये अनुमानित की गई थी, जो



Fig. 1. Income loss in shrimp farming due to diseases (Lakh ₹/ha)

वर्तमान में अनौपचारिक ऋणदाताओं द्वारा उच्च ब्याज दरों पर प्रदान की जा रही है (तालिका 1)। एक विरोधाभासी स्थिति मौजूद थी जहां एक तरफ बैंकों और बीमा कंपनियों को लाभदायक व्यवसाय का नुकसान हो रहा था और दूसरी तरफ किसानों को संस्थागत ऋण और बीमा तक न्यूनतम पहुंच में कठिनाइयां थीं। बीमा और संस्थागत ऋण तक पहुंच की सुविधा से किसानों की आय बहुत तेजी से दोगुनी हो जाएगी। इस विषय में, भाकृअनुप-सीबा और सहायोगी बीमा ब्रोकरों ने संयुक्त रूप से एक झींगा फसल बीमा उत्पाद विकसित किया और इसे अक्टूबर 2022 में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा यूआईएन एन556आरपी0118वी03200506 के साथ भारतीय बीमा नियामक विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के पास दाखिल किया गया था।

प्रीमियम दर पर सरकार का समर्थन महत्वपूर्ण है, क्योंकि बीमा कंपनी द्वारा उद्त वास्तविक दरें 3.7% से शुरू होती हैं और फार्म के स्थान और आवश्यक बीमा कवर की अवधि के आधार पर 8.5% तक जाती हैं। पूरी फसल खराब हाने, अर्थात् 70% से ज्यादा फसल क्षति, की स्थिति में ग्राहक किसान को बचाव मूल्य, यदि कोई हो, में कटौती के बाद अपने निवेश के 80% तक मुआवजा मिल सकता है। किसानों के सामने आने वाली अन्य कठिनाइयाँ जैसे मूल्य जोखिम, धीमी वृद्धि दर और चल रही

क्र. सं.	राज्य	क्षेत्र हे. (ए)	उत्पादन मि.टन. (पी)	उत्पादकता कि.ग्रा/हे. (वाई)	प्रति हेक्टेयर उत्पादन लागत 230 रुपये प्रति कि.ग्रा. वन्नामेय	2% की दर से प्रीमियम बाजार खंड का मूल्य करोड़ रुपये में	4% की दर से प्रीमियम बाजार खंड का मूल्य करोड़ रुपये में	राज्य को इनपुट लागत पर वित्त के 70% पैमाने पर सूक्ष्म ऋण की आवश्यकता करोड़ रुप
सफेद झींगा (*पीनियस वन्नामेय*) – उत्पादन लागत ₹230/कि.ग्रा.								
1	आंध्र प्रदेश	71,921	6,34,672	8.82	20,29,651	291.95	583.90	10,218.22
2	तमिलनाडु	8,600	44,735	5.20	11,96,401	20.58	41.16	720.23
3	गुजरात	8,986	50,410	5.61	12,90,263	23.19	46.38	811.60
4	अन्य	8,600	44,735	5.20	11,96,401	20.58	41.16	720.23
5	कुल	1,08,526	8,15,745	7.52	17,28,815	375.24	750.49	13,133.49
टाइगर झींगा (*पीनियस मोनाडोन*) – उत्पादन लागत ₹250/कि.ग्रा.								
1	पश्चिम बंगाल	50,000	19,190	0.38	95,950	9.60	19.19	335.83
2	केरल	2,813.85	1,128.98	0.40	1,00,306	0.56	1.13	19.76
3	आंध्र प्रदेश	2,591	5,222	2.02	5,03,860	2.61	5.22	91.39
4	कर्नाटक	2,175	1,000	0.46	1,14,943	0.50	1.00	17.50
5	अन्य	616.15	1,075.02	1.74	4,36,184	0.54	1.08	18.81
	कुल	58,196	27,616	0.47	1,18,634	13.81	27.62	483.28

(आधार डेटा : एमपीईडीए, 2022; www.mpeda.gov.in)

तालिका 1 : भारत में बीमा प्रीमियम के आकलन और झींगा पालन के लिए छोटे ऋण का बाजार

मृत्यु दर के मुद्दों को वर्तमान उत्पाद में शामिल नहीं किया गया था।

एशियाई सीबास मछली पालन का अर्थशास्त्र

सीबास के पालन में नर्सरी, प्री-ग्रो-आउट और ग्रो-आउट चरण शामिल हैं। प्रति एकड़ 10,000 मछली पोनों के भंडारण घनत्व के साथ 50 से 60 दिनों के लिए नर्सरी पालन किया गया। एक वर्ष में नर्सरी पालन के तीन चक्रों का अभ्यास किया गया, जिसमें प्राकृतिक रूप से उपलब्ध जन्तुप्लवकों, विशेष रूप से एसिटेस इंडिकस और निकटवर्ती खारे जल की खाड़ी से पोने आकार की मछलियों का आहार शामिल था। क्षेत्र में फार्मूलेटेड फ़ीड के साथ बाहरी आहार की कोई प्रथा नहीं थी। प्रति चक्र प्रति एकड़ सकल आय 1.65 लाख रुपये का अनुमान लगाया गया था। मछली के बीज के लिए परिवहन शुल्क मछली के आकार, दूरी, उपयोग किए गए वाहन के प्रकार पर निर्भर करता है और 1,000 किलोमीटर के लिए मांग किया गया परिवहन शुल्क 10 से 14 रुपये प्रति बीज था।

सीबास की प्री-ग्रो आउट पालन मुख्य रूप से कृष्णा जिले के बंटुमिली, मुत्यालापल्ली और मट्टागुंटा गांवों में और उसके आसपास के क्षेत्रों में की जाती है। लगभग 3,000 से 4,000 एकड़ जमीन प्री-ग्रो-आउट पालन के अधीन थी। किसान प्रति वर्ष 3 फसलें लेते हैं, जिसमें प्रति फसल 1-3 इंच प्रति एकड़ 4,000 से 10,000 अंगुलिकाओं (फिंगरलिंग) का घनत्व होता है। किसानों ने 6.0 की अनुमानित एफसीआर के साथ आहार के रूप में छोटे झींगा/एसीटेस, छोटी मछलियाँ, किशोर तिलापिया आदि का उपयोग किया। आम तौर पर, प्रति दिन प्रति एकड़ 30 किलोग्राम जीवित मछली खिलाई जाती थी, जिसकी लागत 30 से 35 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दर्ज की गई उत्तरजीविता दर 85 से 90% से अधिक थी। 3 महीने में अंगुलिकाएं 100 ग्राम के आकार की हो गईं। किशोर मछली का विक्रय मूल्य 90 से 100 रुपये प्रति नग थी।

कृष्णा जिले में 2,500 से 3,000 एकड़ क्षेत्र में सीबास ग्रो-आउट पालन किया गया, जिसकी औसत पालन अवधि 18 महीने थी। औसत भंडारण घनत्व 2,000 नग प्रति एकड़ था। मीठे पानी के मत्स्य फार्मों में एक खरपतवार मछली तिलापिया का उपयोग 6.0 से 6.5 की एफसीआर के साथ बड़े पैमाने पर जीवित भोजन के रूप में किया जाता था। शुरुआत में तिलापिया को 50 किलोग्राम प्रति दिन प्रति एकड़ की दर से दिया गया और पालन की अवधि के अंत में धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 300 किलोग्राम प्रति दिन कर दिया गया। जीवित तिलापिया की कीमत 30 से 45 रुपये/कि.ग्रा. थी। कृष्णा जिले में 90% से अधिक किसानों ने 18 महीने की पालन अवधि के बाद 80% की औसत उत्तरजीविता दर के साथ 3-4 किलोग्राम वजन की फसल प्राप्त की। फार्म गेट विक्रय मूल्य 560 से 580 रुपये/कि.ग्रा. था। आमतौर पर फरवरी से मई के दौरान कीमतें ऊंची रही।

एशियाई सीबास के पिंजरा पालन का अर्थशास्त्र

कर्नाटक के उडुपी जिले के कुंडापुरा और बिंदूर क्षेत्र में सीबास का पिंजरा पालन करने वाले 213 किसानों से एकत्र किए गए प्राथमिक आंकड़ों के आधार पर एशियाई सीबास का पिंजरों में मत्स्य पालन का आर्थिक विश्लेषण किया गया। प्रति किलोग्राम वार्षिक निश्चित लागत 26.91 रुपये थी जिसमें पिंजरे की संरचना, सहायक उपकरण, मूल्यह्रास और पूंजी पर 12% ब्याज शामिल था। औसत परिचालन लागत 158.19 रुपये/कि.ग्रा. थी जिसमें चारा और बीज, श्रम तथा अन्य परिचालन व्यय शामिल थे, कार्यशील पूंजी पर ब्याज की गणना 8% की दर से की गई थी। प्रति पिंजरा औसत उत्पादन 1,283 किलोग्राम होने का अनुमान लगाया गया। प्रति किलोग्राम उत्पादन पर शुद्ध आय 214.90 रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। अनुमानित लाभ लागत अनुपात 2.1 के साथ उत्पादन की लागत 185 रुपये/कि.ग्रा. थी। आर्थिक मूल्यांकन से ज्ञात हुआ कि कर्नाटक के उडुपी जिले में सीबास का पिंजरा पालन लाभदायक था।

सीबास मछलियों के पिंजरा पालन की तकनीकी दक्षता

सीबास पिंजरा पालन की तकनीकी दक्षता का अनुमान लगाने के लिए नियोजित स्टोकेस्टिक फ्रंटियर मॉडल ने संकेत दिया कि मापदंडों और अक्षमता कार्यों के अधिकतम संभावना अनुमानों में अपेक्षित संकेत हैं और उनमें से कई सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण थे। परिणामों से ज्ञात हुआ कि पालित मछली के आकार (0.146), भंडारण घनत्व (0.132) और आहार (0.06) के अनुमानित गुणांक का पिंजरे में सीबास के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण थे। इससे संकेत मिलता है कि पालित मछली के आकार में 1% की वृद्धि के परिणामस्वरूप उत्पादन में 0.146% की वृद्धि होगी। किसानों के पालन अनुभव का गुणांक सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण था जिसका तात्पर्य यह था कि अनुभवी किसानों ने नए और अनुभवहीन किसानों की तुलना में इनपुट का कुशलतापूर्वक उपयोग किया। पिंजरे के स्वामित्व के गुणांकों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा और वे 1% पर सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण थे, जिससे ज्ञात हुआ कि पिंजरा पालन के मालिक तकनीकी रूप से अधिक कुशल थे। किसानों को दी जाने वाली विस्तार सेवाएँ सांख्यिकीय रूप से भी महत्वपूर्ण थीं और इनका सीबास पिंजरा पालन के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। जिन किसानों ने विस्तार अधिकारियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से ज्ञान प्राप्त किया, वे अधिक प्रभावशाली थे। विचरण से जुड़ा गामा पैरामीटर उच्च (0.73) था और 1% स्तर पर सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण था, जिससे यह स्पष्ट है कि त्रुटि के मामले में अधिकांश भिन्नता मुख्य रूप से तकनीकी अक्षमता प्रभावों के कारण है। सीबास पिंजरा पालन की औसत तकनीकी दक्षता 0.91 थी जो दर्शाती है कि किसान दिए गए इनपुट के साथ अधिकतम संभव उत्पादन का 91% उत्पादन करने में सक्षम थे।

वर्ष 2021-22 के दौरान भारतीय झींगा निर्यात का निष्पादन और निराकरण परिदृश्य

भारत ने वर्ष 2021-22 के दौरान 42,706 करोड़ रुपये (5.83 अरब अमेरिकी डॉलर) मूल्य का 7.28 लाख टन झींगा निर्यात किया। वर्ष 2020-21 की तुलना में झींगा के निर्यात में मात्रा में 23.4 प्रतिशत और अमेरिकी डॉलर मूल्य में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत से 47% झींगा आयातक संयुक्त राज्य अमेरिका था, उसके बाद चीन (17%), यूरोपीय संघ (12%), दक्षिण पूर्व एशिया (6%), और जापान (5%) का स्थान था। हालांकि वर्ष 2021-22 में निर्यात में वृद्धि हुई थी, रोग प्रकोप के कारण छोटे आकार के झींगा की फसल ने वैश्विक झींगा की कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत की कमी कर दी। बढ़ती वैश्विक मुद्रास्फीति, इक्वाडोर में अधिक उत्पादन के कारण वैश्विक झींगा आपूर्ति में वृद्धि और रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव से आयातक देशों में मांग कम हो गई।

सेगा (एसईएजीए) विश्लेषण का उपयोग करते हुए कृषि प्रणाली आरेख

तटीय घरेलू आजीविका कैसे जुटाई जाती है, यह समझने के लिए एसईएजीए विश्लेषण का उपयोग करते हुए पीआरए अभ्यास का उपयोग करके लाभार्थियों द्वारा एक कृषि प्रणाली आरेख तैयार किया गया था ताकि जलीय कृषि सहित एक गांव में प्रचलित आजीविका के तरीकों को समझा जा सके। आरेख ने घरों के भीतर और बाहर महिलाओं के माध्यम से संसाधनों के प्रवाह को दिखाया। तमिलनाडु के तिरुवल्लुर जिले के मिंजुर ब्लॉक में तटीय गांवों के लिए तैयार किए गए कृषि प्रणाली आरेख (चित्र 2) में मछली पकड़ने जैसे अपतटीय कार्यकलाप और वन्य झींगा संग्रह, नमक प्रसंस्करण, सूखी मछली बनाने, झींगा उत्पादन और प्रसंस्करण, केकड़ों की मोटाई बढ़ाना (पेन और बक्सों में), पशुपालन प्रबंधन (मुर्गा पालन और डेयरी), रसोई बागवानी और मछली विपणन जैसी तटवर्ती कार्यकलापों को दर्शाया गया है। एक अन्य गाँव में तटवर्ती कार्यकलापों में मत्स्य पालन, वन्य झींगा संग्रह, क्लैम संग्रह, केकड़ों की मोटाई बढ़ाना (ज्वार-पोषित तालाबों में), हापाओं में सीबास नर्सरी पालन और तालाबों में सीबास और केकड़े का पॉलीकल्चर पालन शामिल थे।

तटीय महिलाओं की विभिन्न प्रकार की आजीविकाओं में से, सबसे अधिक संख्या में महिलाओं ने मछली बिक्री, सूखी मछली बिक्री और वन्य झींगा संग्रह में भाग लिया। इसके बाद मछली की बिक्री, क्लैम संग्रह, बकरी पालन और झींगा फार्म और कृषि में श्रम शक्ति के रूप में अन्य आजीविकाएं शुरू हुईं। हाल के वर्षों में, अधिकांश तटीय महिलाओं ने नरेगा (राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) में भाग लिया, जिससे उन्हें 100 दिनों का ग्रामीण रोजगार मिला, जिसके बाद केकड़ों की मोटाई बढ़ाना (पेन और बक्से में), हापाओं में सीबास नर्सरी पालन, तालाबों में मिल्कफिश पालन और मत्स्य आहार बनाना शामिल था। मछली पकड़ने जैसी अपतटीय



चित्र 2 : एसईएजीए विश्लेषण का उपयोग करते हुए कृषि प्रणाली आरेख

गतिविधियों में पुरुषों का वर्चस्व था जबकि तटवर्ती गतिविधियों में महिलाओं का वर्चस्व था। विपणन में महिला और पुरुष दोनों शामिल थे। यह भी नोट किया गया कि महिलाओं को केकड़े बाड़ों के निर्माण, केकड़ों को पकड़ने, तालाब प्रबंधन और सीबास और केकड़े की पॉलीकल्चर, मत्स्य परिवहन, जलीय केकड़ों की खरीद और मोटे केकड़ों की बिक्री जैसे कार्यकलापों में पुरुषों द्वारा समर्थन दिया गया था।

झींगा नर्सरी प्रणालियों का तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन

सफल और लाभदायक झींगा पालन के लिए बीज की गुणवत्ता, रोग और बाजार मूल्य तीन महत्वपूर्ण बाधाएं हैं। ऑन-फार्म नर्सरी की शुरूआत, जिसमें झींगा पोस्ट-लार्वा को 25-35 दिनों के लिए पाला जाता है, जो ग्रो आउट पालन के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज की आपूर्ति करेगा, नर्सरी स्तर पर ही रोग होने पर अंकुश लगाएगा और ग्रो आउट में झींगा बीज के चरणबद्ध भंडारण में सहायता करेगा। यह बाजार की मांग के अनुरूप वर्ष भर पालन और उतराई की सुविधा प्रदान करेगा जो कि पालित झींगा के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित कर सकता है। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में किए गए एक खोजपूर्ण क्षेत्रीय अध्ययन (एन=33) से चार अलग-अलग नर्सरी मॉडल सामने आए। झींगा किसानों द्वारा मिट्टी के तालाब आधारित व्यापक मॉडल (एन1=9), मिट्टी के तालाब आधारित गहन मॉडल (एन2=11), एचडीपीई अस्तर लगे तालाब आधारित गहन मॉडल (एन3=6) और एचडीपीई टैंक आधारित गहन प्रणाली (एन4=7) का प्रयोग किया जा रहा है। मिट्टी के तालाबों में नर्सरी का आकार 800-1000 वर्ग मीटर था और एचडीपीई टैंक नर्सरी का घनत्व 600 (200^3) टन थी। नर्सरी की तैयारी के तरीके ज्यादातर समान थे लेकिन गहन प्रणालियों के मामले में संग्रहण घनत्व और उपयोग किए जाने वाले आहार के प्रकार भिन्न थे।

हैचरी में उत्पादित पीएल 8-12 (लगभग 0.02 ग्राम) आकार के स्वस्थ पोस्ट लार्वा को क्रमशः एन1, एन2, एन3 और एन4 प्रणालियों में क्रमशः 500/वर्ग मीटर, 800/वर्ग मीटर, 1000/वर्ग मीटर और 2000/वर्ग मीटर के विभिन्न घनत्वों में संग्रहीत किया गया था।

मिट्टी के तालाब वाली नर्सरी में औसत उत्तरजीविता दर 84% और एचडीपीई अस्तर वाले नर्सरी में 76% थी। झींगा पोस्ट-लार्वा को उनके शरीर के वजन का 8-10% आहार दिया गया। मिट्टी के तालाब प्रणालियों में 36% कच्चे प्रोटीन वाले झींगा आहार का उपयोग किया गया था, लेकिन एचडीपीई अस्तर और टैंक प्रणालियों में 42% कच्चे प्रोटीन वाले विशेष आहार का उपयोग किया गया था। आहार देने की संख्या प्रणाली के अनुसार अलग-अलग होती है, मिट्टी के तालाबों में 4 से 6 बार आहार देना और एचडीपीई प्रणालियों में प्रति दिन 6 से 8 बार आहार देना। मिट्टी के तालाबों में आहार रूपांतरण अनुपात (एफसीआर) 0.8 से 1.0 बताया गया, जबकि एचडीपीई प्रणालियों के मामले में यह 1.2 से 1.6 था। नर्सरी में पाले गए किशोरों का वजन किया गया (प्रति 100 ग्राम बीज की संख्या), गिना गया और प्लास्टिक के टबों का उपयोग करके वजन के आधार पर बड़े तालाबों में स्थानांतरित कर दिया गया। एन1, एन2, एन3 और एन4 प्रणालियों में प्रति बीज उत्पादन लागत क्रमशः 0.78, 0.72, 0.88 और 0.99 रुपये थी। विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि सभी चार प्रणालियाँ कुशल थीं और एक रुपये से भी कम लागत पर 25-30 दिनों में एक ग्राम आकार के झींगा बीज का उत्पादन किया। किसान उत्तरदाताओं ने यह महसूस किया कि एचडीपीई प्रणालियों की तुलना में मिट्टी के तालाब आधारित नर्सरी का प्रबंधन करना आसान था। पहले मॉडल में बताई गई सफलता दर 85% थी जबकि बाद वाले मॉडल में यह 70% थी।

नर्सरी पालन ने 95% उत्तरजीविता के साथ विकास के लिए स्वस्थ झींगा बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की और आकार में भिन्नता को काफी हद तक कम कर दिया। नर्सरी में लार्वा के बाद झींगा के बौनेपन से प्रति सप्ताह 2.5 से 3.0 ग्राम की सीमा में प्रतिपूरक वृद्धि दर प्राप्त हुई और फसल चक्र 30 दिनों तक कम हो गया। इसलिए, नर्सरी के बाद के पालन के 60 दिनों में झींगा विपणन योग्य आकार से 20 ग्राम से अधिक आकार का हो जाता है। इसलिए, नर्सरी पालन को अपनाने से पूरे वर्ष निरंतर पालन सुनिश्चित हुआ और प्रति वर्ष झींगा की तीन फसलों का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके अलावा, बीज को 25 से 30 दिनों तक नर्सरी में रखने से एक तिहाई ऊर्जा लागत की बचत हुई। नर्सरी ने सीधे संग्रहण के बाद एक महीने तक आवश्यकता से अधिक भोजन से बचने की सुविधा प्रदान की और झींगा तालाब के प्रदूषण को रोका गया। इसके अलावा, इससे तीस दिनों के लिए श्रम की आवश्यकता बच गई जो किसानों के लिए काफी बचत थी। कुल मिलाकर, इससे उत्पादन लागत में 25-30% की बचत हुई। नर्सरी पालन ने तालाब के पानी की गुणवत्ता, आहार प्रबंधन और खराब तालाब प्रबंधन के कारण जीव तनाव से संबंधित उत्पादन जोखिम को कम कर दिया। नर्सरी में पाले गए बीजों में रोगों का होना शायद ही कभी दर्ज किया गया और यहां तक कि दुर्लभ मामलों में यह विकसित पालन में 30-40 दिनों के बाद हुआ, उस समय तक झींगा 8-10 ग्राम के ब्रेक-ईवन आकार तक पहुंच गया था। इससे उत्पादन लागत में कमी के साथ 7.0 टन/हेक्टेयर की उच्च उत्पादकता प्राप्त हुई और इस प्रकार झींगा पालन की लाभप्रदता में वृद्धि हुई। इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि ऑन-फ़ार्म नर्सरी ने टिकाऊ और लाभदायक झींगा पालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

स्नातक छात्रों के जागरूकता स्तर पर सीबा के एक्सपोज़र विजिट की प्रभावशीलता

स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने खारा जलजीव पालन के बारे में व्यावहारिक रूप से देखने और सीखने के लिए भाकृअनुप-सीबा का दौरा किया। छात्रों को संस्थान की विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों से अवगत



चित्र 3. सीबा के एक्सपोज़र दौरे से पहले और बाद में छात्रों की जागरूकता का स्तर (एन= 1082)

कराया गया और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत के माध्यम से उन्हें अपनी जागरूकता में सुधार करने का अवसर मिला और वे अनुसंधान को अपने करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित हुए। हालाँकि वैज्ञानिक समुदाय कभी-कभी इन दौरों को उनके नियमित कामकाजी घंटों में व्यवधान के रूप में मानता है, वे इस बात से सहमत हैं कि ऐसे दौरों से छात्रों में जागरूकता पैदा करने और विभिन्न विषय क्षेत्रों में उनकी रुचि जगाने में मदद मिलती है। एक्सपोज़र विजिट की प्रभावशीलता का मूल्यांकन छात्रों के जागरूकता स्तर में वृद्धि के संदर्भ में किया गया था। एक शिक्षक द्वारा छात्रों के सामने रखे गए विषयों से संबंधित प्रश्नों को शामिल किया गया, जो प्रदर्शन से पहले और बाद में आयोजित किया गया था। वर्ष 2022 के दौरान सीबा में तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और पंजाब राज्यों से विभिन्न पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले 1,082 छात्रों का एक नमूना विश्लेषण में शामिल थे। परिणामों से ज्ञात हुआ है कि सीबा की हैचरी, फीड मिल, प्रयोगशालाओं और प्रायोगिक फार्मों में उनके एक्सपोजर विजिट के माध्यम से छात्रों के जागरूकता स्तर में 18-20% की वृद्धि हुई है (चित्र 3)। इसके अलावा, जागरूकता में वृद्धि उनके अध्ययन किए गए शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के अनुपात में थी।

पिंजरा जलजीव पालन निगरानी प्रणाली के विकास के लिए



चित्र 4 क. ममदानी नमूना परिणाम

मशीन लर्निंग आधारित डेटा एकत्रीकरण मॉडल

पिंजरा जलजीव पालन प्रणाली की निगरानी के लिए ममदानी और सुगेनो फ़ज़ी आधारित मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करते हुए डेटा एकत्रीकरण मॉडल विकसित किए गए और उनकी दक्षता के लिए मान्य किए गए। मॉडल में, पीएच, लवणता, घुलित ऑक्सीजन और तापमान जैसे इनपुट चरों और आउटपुट चर एकत्रीकरण क्षेत्र को परिभाषित करने के लिए ट्रैपेज़ॉइडल और त्रिकोणीय सदस्यता कार्यों का उपयोग किया गया था। कुल मिलाकर, इनपुट मानों को एकत्र करने के लिए एक कुशल ममदानी और सुगेनो फ़ज़ी मॉडल विकसित करने के लिए लॉजिकल और ऑपरेटर, ट्रंकेशन संबंध और डिफ्यूज़िफिकेशन के लिए सेंट्रियोड विधि के साथ 375 फ़ज़ी नियमों को नियोजित किया गया था। मॉडल को मैटलैब (एमएटीएलएबी) (चित्र 4क और 4ख) में कार्यान्वित किया गया था। पिंजरा जलजीव पालन प्रणालियों की निगरानी के लिए उपयुक्त मॉडल की पहचान करने के लिए दक्षता और निष्पादन समय के संदर्भ में विकसित मॉडलों को पिंजरे के जलीय कृषि डेटा के साथ मान्य किया गया था। परिणामों से ज्ञात हुआ है कि सुगेनो मॉडल ने ममदानी मॉडल [0.5-3.5] (तालिका 2) की तुलना में एकत्रीकरण मानों की पूरी श्रृंखला [1-4] पर प्रतिक्रिया दी। इससे यह भी ज्ञात हुआ कि ममदानी मॉडल का औसत निष्पादन समय 2.05 मिनट और सुगेनो मॉडल का 1.71 मिनट है। एकत्रीकरण मानों और निष्पादन समय की पूरी श्रृंखला के प्रदर्शन



चित्र 4 ख. सुगेनो नमूना परिणाम

और डेटा प्रसंस्करण दक्षता के आधार पर, सुगेनो मॉडल ने पिंजरा जलजीव पालन के लिए वायरलेस सेनर नेटवर्क आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉनिटरिंग सिस्टम के विकास के लिए बेहतर कार्य किया।

जलजीव पालन सूचना प्रणाली (एआईएस) का विकास

जलजीव पालन सूचना प्रणाली (एकाकल्चर इंफॉर्मेशन सिस्टम) (एआईएस), एक वेब आधारित एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर है जिसे जलजीव पालकों और उनकी कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी संग्रहीत करने और पुनः प्राप्त करने के लिए विकसित किया गया था। इस प्रणाली में तालाब पालन, पैन पालन और पिंजरा पालन का विवरण शामिल था। प्रणाली को PHP और MySQL का उपयोग करके विकसित किया गया था। डेटाबेस संरचना, तालाब, पैन और पिंजरा आधारित प्रथाओं की फार्म प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर, अर्थात् तालाब की तैयारी; पैन/पिंजरे का डिज़ाइन; पैन/पिंजरा पालन की तैयारी; पैन/पिंजरा प्रबंधन; लक्ष्य प्रजातियाँ और उसकी विशेषताएँ; स्टॉकिंग; आहार; रसायनों और दवाओं का उपयोग; रोग, निदान और स्वास्थ्य प्रबंधन पहलू; मत्स्य संग्रहण; उत्पादन; तालाब प्रणाली में बेहतर प्रबंधन प्रथाएं और जैव सुरक्षा उपाय; सामाजिक भागीदारी; मास मीडिया एक्सपोज़र; क्रेडिट अभिविन्यास; प्रशिक्षण कार्यक्रम; जानकारी मांगने का व्यवहार; उत्पादन की बाधाएं और अर्थशास्त्र जैसे विभिन्न मापदंडों के साथ बनाई गई थी। डेटाबेस प्रणाली में अलग-अलग तालिकाएँ थीं और प्रत्येक तालिका को पहचाने गए मापदंडों और उसके

जलजीव पालन तालाबों का स्थल	इनपुट (डेटाबेस)				संग्रह क्षेत्र मान	
	पीएच	घुलित ऑक्सी-जन	लवणता	तापमान	ममदानी	सुगेना
एस 1	7	8.5	20	30	3.5	4
एस 2	6.2	4.65	35.7	28	1.98	2.11
एस 3	8.2	1.67	36.5	33	0.747	1.17
एस 4	5.32	7.83	14.9	35	1.21	1.82
एस 5	5.52	13.37	10.62	31	2.5	3
एस 6	6.22	1	34.6	30	0.993	1.49
एस 7	8.73	10.5	25.4	29	2.81	3.06
एस 8	8.37	2.45	27.3	27	1.00	2.11
एस 9	4.93	4.64	25	27	1.73	2.04
एस 10	10.5	15.5	35.5	33	0.5	1

• ममदानी मॉडल [0.5-3.5] की तुलना में सुगेनो मॉडल संग्रह मान की पूरी श्रृंखला [1-4] पर प्रतिक्रिया करता है।

• औसत निष्पादन समय : ममदानी मॉडल (2.05 मिनट) और सुगेनो मॉडल (1.71 मिनट)।

तालिका 2 : ममदानी और सुगेनो मॉडलों के परिणाम



चित्र 5. जलजीव पालन सूचना प्रणाली का प्रविष्टि मॉड्यूल



चित्र 6. जलजीव पालन सूचना प्रणाली का खोज मॉड्यूल

संबंधित डेटा प्रकार के साथ परिभाषित किया गया था। प्रविष्टि मॉड्यूल ने व्यवस्थापक को संग्रहण के लिए कृषि प्रथाओं की जानकारी को उनकी संबंधित तालिकाओं में जोड़ने या हटाने की अनुमति दी (चित्र 5)। खोज मॉड्यूल का उपयोग कीवर्ड खोज के आधार पर जानकारी खोजने और पुनर्प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है (चित्र 6)। कीवर्ड को बूलियन लॉजिकल ऑपरेटर्स 'AND' या 'OR' के साथ जोड़ा जा सकता है। एआईएस को कृषि पद्धतियों की जानकारी के साथ परीक्षण करने की आवश्यकता है।

सतत आजीविका फ्रेमवर्क का उपयोग करते हुए मत्स्य अपशिष्ट से धन की प्रौद्योगिकी, सीबा-प्लैंकटन$^{प्लस}$ के आजीविका प्रभाव का आकलन करना

मत्स्य अपशिष्ट से विकसित एक प्लैंकटन बूस्टर, सीबा प्लैंकटन$^{प्लस}$ का परीक्षण किया गया है, जिसका बड़े पैमाने पर उत्पादन और जलजीव पालन में अनुप्रयोग के लिए व्यावसायीकरण किया गया है। इस तकनीक को अपनाने से उत्पाद के उत्पादन और विपणन में शामिल तटीय परिवारों को आजीविका सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता है। इसे अपनाने वालों के आजीविका परिदृश्य में सुधार का पता लगाने के लिए तमिलनाडु के चेन्नई में नंबिकई नगर और कासिमेडु में उत्पाद के उत्पादन में शामिल लोगों के एक समूह के साथ एक अध्ययन किया गया था। आजीविका प्रभाव मूल्यांकन के संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी) के सतत आजीविका ढांचे (एसएलएफ) को अपनाया गया (चित्र 7)। ढांचे में मानव, आर्थिक, प्राकृतिक, भौतिक और सामाजिक जैसे पांच परिसंपत्ति पूंजी घटक हैं। इन पूंजी घटकों का मूल्यांकन 29 संकेतकों का उपयोग करके किया गया था और संबंधित सूचकांकों की गणना 'पहले और बाद' दृष्टिकोण (तालिका 3) का उपयोग करके मॉडल के परिणाम दिखाने के लिए की गई थी। इसके बाद पूंजी सूचकांकों का उपयोग करके समान भार के साथ एक सतत आजीविका सूचकांक (एसएलआई) की गणना की गई (तालिका 3)। सूचकांकों के स्पाइडर वेब आरेख (चित्र 8) से ज्ञात हुआ है कि प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के बाद सामाजिक (45%), प्राकृतिक (42%) और मानव (25%) पूंजी में प्रगतिशील परिवर्तन हुए और ये परिवर्तन भौतिक (10%) और वित्तीय (5%) संपत्ति की तुलना में पर्याप्त थे। हालाँकि वित्तीय सूचकांक कम था, लेकिन इसका महत्वपूर्ण परिवर्तन वार्षिक आय में 1.5 गुना वृद्धि और वार्षिक व्यय और वित्तीय बचत में 1.07 गुना वृद्धि के कारण हुआ। परिणामों से ज्ञात हुआ कि इस तकनीक को अपनाने से लोगों की आजीविका परिदृश्य में मध्यम वृद्धि (26%) हुई है।

आय सृजन और जैव संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग के लिए इंटिग्रेटेड मल्टी-ट्रॉफिक एक्वाकल्चर (आईएमटीए) प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना

तटीय परिवारों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफ़ाइल

तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के दो तटीय गांवों करनकाडु (क) और रेगुनाथपुरम (ख) का इंटिग्रेटेड मल्टी-ट्रॉफिक एक्वाकल्चर (आईएमटीए) कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए चयन किया गया था। प्रत्येक गांव में 120 यादृच्छिक रूप से चुने गए नमूना परिवारों से एकत्र किए गए प्राथमिक डेटा के आधार पर ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफ़ाइल का अध्ययन किया गया था। आंकड़ों से ज्ञात हुआ है कि उनमें से अधिकांश एकल परिवार (क-



चित्र 7 : प्रस्तावित सतत आजीविका फ्रेमवर्क मॉडल (संशोधित डीएफआईडी, 1999)।



चित्र 8. मत्स्य अपशिष्ट से धन की प्रौद्योगिकी के लिए सतत आजीविका सूचकांक

सूचकांक	पहले	बाद में	अंतर	सूचकांक में परिवर्तन	व्याख्या/विवरण
मानव पूंजी सूचकांक	0.32	0.4	0.08 (↑25%)	मध्यम वृद्धि (++)	मत्स्य अपशिष्ट गतिविधियों में कार्य कौशल के विकास में 2.5 गुना वृद्धि; सरकारी कार्यालय/निजी/सार्वजनिक क्षेत्र की ओर से विस्तार सेवाओं में 1.34 गुना वृद्धि।
वित्तीय पूंजी सूचकांक	0.21	0.22	0.01 (↑5%)	अति-अल्प वृद्धि (+)	वार्षिक आय में 1.5 गुना वृद्धि तथा वार्षिक व्यय एवं वित्तीय बचत में 1.07 गुना वृद्धि
प्राकृतिक पूंजी सूचकांक	0.26	0.37	0.11 (↑42%)	मध्यम वृद्धि (+++)	पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र में स्वच्छता में 2.71 गुना वृद्धि
भौतिक पूंजी सूचकांक	0.2	0.22	0.02 (↑10%)	अति-अल्प वृद्धि (+)	मत्स्य अपशिष्ट संग्रहण इकाइयों की उपलब्धता में 2.36 गुना वृद्धि
सामाजिक पूंजी सूचकांक	0.2	0.29	0.09 (↑45%)	मध्यम वृद्धि (+++)	वैकल्पिक आजीविका और सरकार संगठन/सोसायटी/एनजीओ आदि से मान्यता के रूप में तटीय समुदायों की संतोषजनक धारणा में 2.46 गुना वृद्धि।
सतत आजीविका सूचकांक	0.238	0.3	0.062 (↑26%)	मध्यम वृद्धि (++)	मुख्य रूप से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र की सफाई के लिए जिम्मेदार; मत्स्य अपशिष्ट संग्रह इकाइयों की उपलब्धता और वैकल्पिक आजीविका के रूप में तटीय समुदायों की संतोषजनक धारणा।

तालिका 3 : पूंजी और सतत आजीविका सूचकांक

69%) और (ख-77%) के रूप में रहते थे, जिनके परिवार का औसत आकार 4-5 सदस्यों का था। उत्तरदाताओं में से अधिकांश, क और ख गांवों से क्रमशः 80% और 70%, उत्पादक आयु वर्ग (36-45 वर्ष) के अंतर्गत थे। क और ख गांवों में हाई स्कूल स्तर पर शैक्षिक उपलब्धि क्रमशः 50% और 60% देखी गई।

मछली पकड़ना और कृषि क्रमशः क और ख गांव के ग्रामीणों का प्राथमिक व्यवसाय था। गाँव-क में, लगभग 89% परिवार छोटे पैमाने के मछुआरे थे और 11% संबद्ध गतिविधियों में शामिल थे। मछली पकड़ने और मछली की बिक्री का उनकी आय में 90% योगदान था, जबकि 10% आय जाल मरम्मत, मछली पकड़ने के श्रम और मछली प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों के माध्यम से उत्पन्न होता था। हालाँकि, मछली पकड़ने में कमी के कारण बेरोजगारी बढ़ी जिसके परिणामस्वरूप 10% परिवारों का प्रवासन हुआ। इसी प्रकार गाँव-ख में, 75% लोग कृषि और संबद्ध गतिविधियों में लगे हुए थे और केवल 25% लोग संबद्ध व्यवसायों पर निर्भर थे। दोनों गांवों में उत्तरदाताओं के बीच मछली पालन के प्रति जागरूकता नगण्य थी। मत्स्य संसाधनों की कमी और कृषि रोजगार में मौसमी परिवर्तनशीलता के कारण आजीविका की तलाश में शहरी क्षेत्रों में प्रवासन दोनों गांवों में प्रचलित था। इसलिए, उपलब्ध प्राकृतिक जल संसाधनों का उपयोग करके वैकल्पिक आजीविका का विकास ग्रामीणों को रोजगार और आय प्रदान करने का एक विकल्प है।

इसके बाद, 14-16 सितंबर, 2022 के दौरान "आईएमटीए" पर एक कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गांव-ख से 62 लाभार्थियों और गांव-क से 87 लाभार्थियों ने भाग लिया। खारा जलजीव पालन प्रजातियों की पहचान, मृदा और जल का नमूना संग्रह, मछली अनुकूलन और भंडारण, आहार प्रबंधन, जल, मृदा और स्वास्थ्य निगरानी, नमूनाकरण और डेटा रिकॉर्डिंग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आईएमटीए मॉडल पर एक तीन दिवसीय (30.10.2022 से 01.11.2022) फोन-इन-प्रोग्राम आयोजित किया गया था। पिंजरा पालन (51), सीबास नर्सरी पालन (33), मिल्कफिश पालन (09) और समुद्री शैवाल खेती (38) विषयों पर 109 लाभार्थियों द्वारा उठाए गए लगभग 131 प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

चित्र-9 लाभार्थी परिवारों के लिए आईएमटीए पर कौशल विकास

सामाजिक विकास कार्यक्रम एवं प्रौद्योगिकी निरूपण

सामाजिक विकास कार्यक्रम एवं प्रौद्योगिकी निरूपण

अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) कार्यक्रम

अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के तहत, संस्थान ने तटीय राज्यों के विभिन्न स्थानों में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के कल्याण के लिए जागरूकता बैठक, किसान बैठक, व्यावहारिक प्रशिक्षण और निरूपणों का आयोजन किया। क्षेत्र की क्षमता, समुदाय की रुचि और तकनीकी सहायता की मांग के आधार पर, आईसीएआर-सीबा ने निरूपण के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए और सफल पालन के लिए उनका समर्थन किया। संस्थान ने आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में योजना के लिए लाभार्थियों की पहचान की थी।

कोट्टाइकाडु गांव, चेय्यूर तालुक, चेंगलपट् जिला, तमिलनाडु में मछुआ महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा खारा जलीय पिंजरों में एशियाई सीबास अंगुलिकाओं का पालन और नर्सरी पालन

एशियाई सीबास *लेट्स कैल्केरिफ़र* भारत में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण खाद्य मछली है और इसे खारे पानी के तालाबों/पिंजरों और खुले समुद्र में पाला जाता है। आईसीएआर-सीबा के मत्स्य पालन प्रभाग (एफसीडी) द्वारा बैकवाटर आधारित नर्सरी में सीबास अंगुलिकाओं के लिए सूत्रबद्ध आहार के साथ विकसित एक बेहतर वैज्ञानिक पालन विधि को अपनाया गया था। ग्रामीण तटीय मछुआरों के लिए अतिरिक्त आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए एससीएसपी योजना के तहत इस तकनीक को बढ़ावा दिया गया है। सीप संग्रह कार्यकलाप में शामिल तीन मछुआरा समूह, जिनमें से प्रत्येक में कोट्टाइकाडु गांव, चेय्यूर तालुक, चेंगलपट् जिला (तमिलनाडु) के 12 सदस्य शामिल थे, को मुत्तुक्कडु प्रायोगिक स्टेशन में एफसीडी की हैचरी में प्रशिक्षित किया गया था। कोट्टाइकाडु गांव के बैकवाटर में, मछुआ महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को शामिल करके 30 मीटर चौड़ाई और 60 मीटर लंबाई (जाल आकार 25 मि.मी.) की केकड़ा बाड़ लगाई गई थी। 2 मीटर लंबाई x 1.5 मीटर ऊंचाई x 1 मीटर चौड़ाई के हापा को केकड़े की बाड़ के अंदर स्थापित किया

चित्र 1 : खाड़ी में संस्थापित हापा

चित्र 2 : हापाओं के साथ बाड़ों का आंतरिक दृश्य

चित्र 3 : सीबास अंगुलिकाओं की ग्रेडिंग

चित्र 4 : बिक्री के लिए एक समान आकार की सीबास अंगुलिकाएं

चित्र 5 : कोट्टाइकाडु, तमिलनाडु के खुले खारे जल संसाधन में एशियाई सीबास पालन के लिए जीआई पिंजरे

चित्र 6 : पिंजरे से निकाली गई सीबास

चित्र 7 : एससीएसपी लाभार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण

चित्र 8 : एम. गुलियों के हैचरी में उत्पादित बीजों का विक्रय

गया था और 2.0-3.0 से.मी. लंबाई और 1.00-1.20 ग्राम वजन के सीबास अंगुलिकाओं को 300 अंगुलिकांए प्रति हापा की दर से संग्रहण किया गया था। मछलियों को सूत्रबद्ध नर्सरी पालन आहार के साथ दिन में दो/तीन बार *एड लिबिटम* खिलाया गया। सीबास अंगुलिकाओं का साप्ताहिक आधार पर श्रेणीकरण (ग्रेडिंग) किया गया और 48 दिनों के पालन के बाद, मछलियों ने 10.52 से.मी. लंबाई और 13.50 ग्राम वजन का विपणन योग्य आकार प्राप्त कर लिया। सीबास अंगुलिकाओं (10,500 नग) का पहला बैच बेचा गया और ₹ 4,20,000 रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ। डॉ. एल. मुरुगन, माननीय केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री, भारत सरकार ने 31 मई, 2022 को आईसीएआर-सीबा, चेन्नई में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन के दौरान स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पन्न राजस्व का वितरण किया। सीबास अंगुलिकाओं का दूसरा बैच (3,800 नग) बेचा गया और इन स्वयं सहायता समूहों द्वारा ₹ 1,58,000 रुपये का राजस्व उत्पन्न किया गया है। इसके अलावा, खारा जलीय पिंजरा पालन (2 पिंजरे) के माध्यम से इन स्वयं सहायता समूहों ने 700-1,200 ग्राम के विभिन्न प्रकारों में 596 किलोग्राम कृषि-उत्पादित सीबास बेचकर 2,21,350 रुपये अर्जित किए हैं। इन स्वयं सहायता समूहों को कुल 3,79,350 रुपये वितरित किए गए हैं।

खारा जलीय कैटफ़िश, *मिस्टस गुलियो* की बीज उत्पादन तकनीक को सफलतापूर्वक अपनाना

संस्थान की अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के तहत संस्थान के काकद्वीप अनुसंधान केंद्र (केआरसी) ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के गांव बुद्धपुर के अनुसूचित जाति (एससी) लाभार्थियों के बीच वैकल्पिक आजीविका के रूप में *मिस्टस गुलियो* के बीज उत्पादन का सफलतापूर्वक निरूपण किया। इस संबंध में 21 मई, 2022

को एक पारस्परिक चर्चा बैठक आयोजित की गई और 06 से 08 जुलाई, 2022 तक 'नोना टेंगरा, *मिस्टस गुलियो*के बीज उत्पादन' पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। महिला लाभार्थियों ने जुलाई-अगस्त, 2022 के बीच लगभग 20,000 *एम. गुलियो*पोनों का उत्पादन किया और सितंबर, 2022 के दौरान पोनों को स्थानीय मछली उत्पादकों को 01 रुपये की दर पर बेचा गया।

पश्चिम बंगाल के सुंदरबन के अनुसूचित जाति समुदाय में मिस्टस गुलियो और मोनोसेक्स तिलापिया के दो स्तरीय कृषि मॉडल का सफल निरूपण

आईसीएआर-सीबा के काकद्वीप अनुसंधान केंद्र (केआरसी) ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बुद्धपुर गांव के अनुसूचित जाति समुदाय के लिए वैकल्पिक आजीविका जलजीव पालन कार्यक्रम के रूप में दो स्तरीय कृषि मॉडल का सफलतापूर्वक निरूपण किया। समूह को जाल पिंजरे, मछली के बीज, आहार आदि जैसे सभी कृषि आदानों के साथ सहायता प्रदान की गई। मत्स्य पालन की इस नवीन पद्धति में, दस परिवारों के घर के पीछे के तालाब में तिलापिया और खारे जल की कैटफ़िश, *मिस्टस गुलियो* का पालन किया गया। पालन के दौरान, सभी संग्रहण पूर्व तालाब प्रबंधन, जैसे ब्लीचिंग, चूना और तालाबों में उर्वरीकरण आदि कार्य किए गए। साथ ही 3 x 2 x 1 मीटर का जाल पिंजरा तैयार कर तालाब के एक कोने में स्थापित किया गया। तालाब में (1 नग प्रति वर्ग मीटर की दर से) एस्टुरीन मोनो-सेक्स तिलापिया और खारे जल की कैटफ़िश, *मिस्टस गुलियो* को पिंजरे में (10 नग प्रति वर्ग मीटर की दर से) संग्रहण किया गया था। छह महीने के पालन के अंत में प्रत्येक घर के पीछे के तालाब (क्षेत्रफल : 250 वर्ग मीटर) से कुल लगभग तीस किलोग्राम तिलापिया और चार किलोग्राम *एम. गुलियो* प्राप्त की गई। पालन ने पोषण सुरक्षा प्रदान की है और प्रत्येक परिवार के लिए 6,100 रुपये का राजस्व उत्पन्न किया है।

*एम. गुलियो*प्रजनन के ऑफ सीजन के दौरान सजावटी मछलियों के बीज उत्पादन में अनुसूचित जाति की महिलाओं की वैकल्पिक आजीविका

संस्थान की अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के तहत, संस्थान के काकद्वीप अनुसंधान केंद्र (केआरसी) ने *एम. गुलियो* प्रजनन के ऑफ-सीजन के दौरान सजावटी मछलियों (ऑरेंज क्रोमाइड, *इट्रोप्लस मैक्यूलैटस* और गोल्ड फिश, *कैरासियस ऑरेटस*) के बीज उत्पादन शुरू किया है। ऑरेंज क्रोमाइड अप्रैल से अक्टूबर तक प्रजनन करती है और गोल्ड फिश पूरे वर्ष प्रजनन करती है। इसलिए, *एम. गुलियो*बीज उत्पादन का मौसम न होने के दौरान दोनों प्रजातियों के बीज उत्पादन को अपनाया गया था। 2,000 से अधिक ऑरेंज क्रोमाइड पोनों (30-40 मि.मी.) का उत्पादन किया गया और 7 रुपये की दर पर बेचा गया; तथा 1,000 नग गोल्डन फिश के बीज का उत्पादन किया गया और स्थानीय सजावटी मछली व्यापारियों को 5 रुपये की दर से बेचा गया।

तमिलनाडु के चेंगलपट् जिले के पट्टीपुलम में एक नवीन झींगा पालन तकनीक का उपयोग करके आय सृजन और आजीविका सहायता

चित्र 9 : एससीएसपी लाभार्थियों द्वारा मछली व्यापारियों को सजावटी मछली ऑरेंज क्रोमाइड की बिक्री

चित्र 10 : आईसीएआर-सीबा के निदेशक की उपस्थिति में एससीएसपी लाभार्थियों द्वारा बुद्धपुर के मछली व्यापारियों को सजावटी मछली की बिक्री



चित्र 11 : पालन के विभिन्न दिनों में झींगा की औसत वृद्धि

एससीएसपी के तहत 15 लोगों वाले 5 परिवारों को आजीविका सहायता और आय सृजन प्रदान करने के लिए पट्टीपुलम गांव के तालाब में कोपेफ्लॉक (लाइव फ़ीड) तकनीक का प्रसार करने के लिए एक प्रक्षेत्र निरूपण किया गया था। एमईएस, आईसीएआर-सीबा में 21 दिनों की अवधि के लिए नर्सरी चरण में एफआरपी टैंकों में कोपोपॉड का घनत्व 1,000 नग/लीटर से ऊपर पहुंचने पर *पी. वन्नामेय* के पोस्ट लार्वा (पीएल12) को 10,000 नग/टन की दर से संग्रहण किया गया था। जब औसत वृद्धि के साथ किशोरों का आकार 0.312 से 0.552 ग्राम और उत्तरजीविता की सीमा 94 से 100% तक पहुंच जाती है, तो एससीएसपी लाभार्थियों को इसकी आपूर्ति की जाती है। नर्सरी में पाले गए *पी. वन्नामेय* को मिट्टी के तालाब में रखा गया था, एक बार 6,000 वर्ग

चित्र 12 : 21 दिनों के कोपफ्लॉक आधारित नर्सरी चरण के बाद पी. वन्नामेय की उतराई और उसके बाद मिट्टी के तालाब में 75 दिनों के कोपफ्लॉक आधारित ग्रो आउट पालन की उतराई

मीटर के तालाब में कोपोपॉड का घनत्व 500 नग प्रति घन मीटर से ऊपर पहुंच गया और 75 दिनों की वृद्धि अवधि के लिए झींगा को 40 नग प्रति घन मीटर के घनत्व पर पाला गया था। 1.42 की एफसीआर के साथ कुल 4.2 टन *पी. वन्नामेय* का बायोमास प्राप्त किया गया और झींगा का औसत वजन 21.1 ग्राम तक पहुंच गया और इसे 300 रुपये प्रति कि.ग्रा. की दर से बेचा गया। 7 टन/हेक्टेयर उत्पादन के साथ झींगा की औसत उत्तरजीविता 85% थी। इस नवीन तकनीक का उपयोग करके कुल 12.5 लाख रुपये की आय उत्पन्न की गई, जिससे 5 परिवारों को आजीविका सहायता और आय सृजन प्रदान किया गया।

एससीएसपी के तहत मराक्कनम में वासभूमि (होमस्टेड) खेती मॉडल

वासभूमि पालन के मॉडल अत्यधिक मान्य हैं जहां किसान अंतर्स्थलीय कृषि क्षेत्रों या उन क्षेत्रों में झींगा या मछलियों का पालन करना चाहते हैं जहां तटीय जल निकाय प्रदूषित हैं या जल संसाधनों की उपलब्धता काफी दूर है। एससीएसपी समुदायों के लाभ के लिए मरक्कनम, चेल्लम थेरू में आयोजित होमस्टेड फार्मिंग परीक्षण के दौरान, नर्सरी में पाले गए पीनियस वन्नामेय झींगा को 15 टन पानी की क्षमता वाले 20 टन के एचडीपीई के 2 टैंकों में 5,000 नग प्रति टैंक की दर से संग्रहीत किया गया था। पालन परीक्षण के दौरान लवणता 15-20 पीपीटी थी। परीक्षण के दौरान औसत जल गुणवत्ता पैरामीटर 4,700 पीपीएम कठोरता, 170 पीपीएम क्षारीयता, 0.25 पीपीएम कुल अमोनिया नाइट्रोजन (टीएएन), 0.3 पीपीएम NO_2-N और 0.7 पीपीएम PO_4-P थे। 56 दिनों के पालन के बाद 92% उत्तरजीविता और प्रति टैंक 37-41 किलोग्राम उत्पादन के साथ झींगा का औसत वजन 10 ग्राम प्राप्त हुआ। दो महीने के पालन परीक्षण में किसानों को ₹16,700 की आय हुई। यह कृषि मॉडल पारंपरिक या छोटे पैमाने के कृषक समुदायों को गहन खेती तक न्यूनतम पहुंच प्रदान करने में मदद कर सकता है।

चित्र 13. लाभार्थियों के साथ पी. वन्नामेय की उतराई

तमिलनाडु में अनुसूचित तटीय समुदाय के बीच सामुदायिक मछली पालन को कृषि आधारित खेती के साथ एकीकरण

पुलिकट झील से निकलने वाली खारे पानी की नहरें और खाड़ियाँ खारे जल में हस्तक्षेप के लिए खारा जलीय संसाधनों का एक समृद्ध स्रोत हैं। थोनिरेवु गांव, कोट्टईकुप्पम पंचायत, पुलिकट और कट्र कॉलोनी (न्यू) मिंजुर, तिरुवल्लूर जिला, तमिलनाडु के 30 अनुसूचित जाति के परिवारों जिन्हें संस्थान के एससीएसपी घटक के तहत अपनाया गया था, उनके बीच मुर्गीपालन जैसी कृषि आधारित खेती के साथ एकीकरण करके एक्वाकल्चर टेक्नोलॉजीज अर्थात पेन में केकड़ा पालन का निरूपण किया गया।

खारे पानी की जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों जैसे पेन में केकड़ा पालन और मछली खाद्य इकाई को बच्चों और युवा पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र और टेरेस गार्डेन जैसे सामुदायिक और सामाजिक विकास के साथ एकीकृत किया गया था। केकड़ों के पालन के लिए पेन डिजाइन किए गए और लाभार्थियों को कृषि सहायक उपकरण वितरित किए गए। लाभार्थियों द्वारा अपनाए गए व्यवसाय को उनकी आजीविका के लिए उद्यम के व्यवहार्य साधन के रूप में देखा गया। तटीय अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के बीच सामाजिक-आर्थिक स्थिति, पोषण स्थिति, कौशल विकास, निर्णय लेने की भूमिका और गरिमा में सुधार हुआ। वित्तीय और विपणन संबंध बनाए गए। बड़े पैमाने पर मीडिया कार्यक्रम शुरू किए गए और हस्तक्षेपों को दैनिक समाचार पत्रों और टेलीविजन में प्रचारित किया गया। बैंक खाते खोले गए और लाभ बचाकर समूहों के बीच साझा किया गया और खेती में भी पुनर्निवेश किया गया। इन हस्तक्षेपों ने उन्हें एक वैकल्पिक आजीविका दी है, एक नया व्यवसाय सीखने के लिए, एससीएसपी पहल के तहत इन लाभार्थियों के जीवन स्तर और सामाजिक-आर्थिक सुधार हेतु अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

केकड़ा पालन और उतराई

थोनिरेवु गांव कोट्टईकुप्पम पंचायत, पुलिकट और कट्र गांव, मिंजुर तालुक, तिरुवल्लूर जिला, तमिलनाडु में केकड़ों के 2 पेन (10 x 15 फीट) और 10 केकड़ा बक्सों में दो परीक्षण

किए गए। 640-660 ग्राम की आकार श्रेणी में 50 और 30 किलोग्राम जलीय केकड़ों को 1नग/वर्ग मीटर के घनत्व पर रखे गए थे। उन्हें प्रतिदिन दो बार शारीरिक वजन के 10% की दर से ट्रैश फिश का आहार दिया गया। 30 दिनों की पालन अवधि के बाद 2 परीक्षणों से थोनिरेवु में कुल 45 किलोग्राम सख्त केकड़े और कट्र गांव से 30 किलोग्राम सख्त केकड़े पेन से प्राप्त किए गए और कीचड़ केकड़ों की बिक्री से क्रमशः ₹45,000 और 25,000 की राशि उत्पन्न हुई। यह लाभ राशि लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की गई और लाभार्थियों के बीच साझा की गई और केकड़ा पालन गतिविधि में पुनः निवेश किया गया।

मतवाड गांव, नवसारी में अनुसूचित जाति समुदायों के लिए झींगा पालन का निरूपण

आईसीएआर-सीबा के नवसारी गुजरात अनुसंधान केंद्र ने अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत मई से सितंबर, 2022 के दौरान नवसारी और वेजलपोर के मतवाड गांव में अनुसूचित जाति समुदायों के लिए आजीविका विकल्प के रूप में व्हाइटलेग झींगा *पी. वन्नामेय* की खेती का निरूपण किया। नवसारी वाल्मिकी समाज मत्स्य उद्योग एक स्वयं सहायता समूह है जिसमें वेजलपोर के कहारवाड़ क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जाति के 12 सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने झींगा पालन को आजीविका गतिविधि के रूप में अपनाया है और एक स्वयं सहायता समूह का गठन किया है। एसएचजी को शुरुआत में झींगा पालन के विभिन्न पहलुओं पर बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। आजीविका कार्यक्रम के तहत, तालाब की तैयारी, जल उपचार और निषेचन के पूरा होने के बाद जून के महीने में 1.6 लाख *पी. वन्नामेय* पीएल को 1 एकड़ के दो तालाबों (एसडी 20 संख्या/एम2) में संग्रहीत किया गया था। झींगा को 87 दिनों की अवधि तक पालन गया और अगस्त एवं सितंबर के महीनों के दौरान उतराई की गई। अंतिम फसल से कुल 1,992.5 किलोग्राम झींगा का उत्पादन हुआ, शरीर का

चित्र 14. पुलिकट में स्थापित केकड़ा पालन इकाइयां और केकडों की उतराई के साथ स्वयं सेवी समूह

चित्र 15. नवसारी, गुजरात में एससीएसपी योजना के तहत निरूपण तालाब से झींगों की उतराई

चित्र 16. एससीएसपी योजना के तहत झींगा पालन की बिक्री से उत्पन्न आय प्राप्त करने वाले लाभार्थी

औसत वजन 16.6 ग्राम और उत्तरजीविता दर 75% थी। अनुसूचित जाति एसएचजी झींगा पालन गतिविधि के माध्यम से ₹300/किग्रा की औसत फार्म कीमत के साथ ₹5.97 लाख की आय उत्पन्न किया है। 6 अक्टूबर 2022 को, झींगों की बिक्री से प्राप्त राजस्व को सौंपने के लिए नवसारी में एनजीआरसी कार्यालय में एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया और एसएचजी समूह के सदस्यों को ₹5,97,753 की राशि का चेक सौंपा गया।

तमिलनाडु के चेंगलपट् जिले के कोलाथुर गांव के खारे जलीय क्षेत्रों में *अगारोफाइटन टेनुइस्टिपिटाटम* की खेती और निरूपण

अगारोफाइटन टेनुइस्टिपिटाटम तमिलनाडु के पूर्वी तटीय क्षेत्र में प्रमुख स्वदेशी खारा जलीय समुद्री शैवाल प्रजाति है। चेंगलपट् जिले की सभी तटीय नदीय प्रणाली जैसे मुत्तुकाडु लैगून, महाबलीपुरम बैकवाटर, कलपक्कम बैकवाटर, पलार बैकवाटर, ओडियुर बैकवाटर और आलमपराई किला बैकवाटर क्षेत्र के सर्वेक्षण के दौरान, यह देखा गया कि यह प्रजाति प्राकृतिक रूप से बढ़ रही है। पानी की गुणवत्ता, गहराई, जल प्रवाह, पोषक तत्वों की उपलब्धता और पारदर्शिता के आधार पर खुली जल प्रणाली (बकिंघम नहर, कोलाथुर गांव) में समुद्री शैवाल की खेती के लिए 5 सदस्यों वाले एक अनुसूचित जाति स्वयं सहायता समूह का चयन किया गया था। जैसा कि दिखाया गया है, यह जल निकाय अक्षांश 12°14'7.71" उत्तर और देशांतर 79°58'16.94" पूर्व पर स्थित है।

50 मीटर × 50 मीटर का एक क्षेत्र 25 मिमी पॉलीप्रोपाइलीन (3 प्लाई) जाल से घिरा हुआ था और यूकेलिप्टस के खंभों से बांध हुआ था। जाल का आकार इतना बड़ा था कि रुकावट के बिना पानी का आदान-प्रदान सुनिश्चित हो सके। *अगारोफाइटन टेनुइस्टिपिटाटम* के पौधे कम ज्वार के दौरान उथले खारे पानी वाले क्षेत्र से एकत्र किए गए थे। एपिफाइट्स और लगे हुए जीवों को हटाने के लिए ताजा समुद्री शैवाल के पौधों को अच्छी तरह से साफ किया गया था। प्रारंभिक बीजारोपण सामग्री को कम ज्वार पर 1 मीटर की न्यूनतम पानी की गहराई में दो अलग-अलग आकारों, 2 x 2 x 2 मीटर और 4 x 4 x 2 मीटर के 20 हापाओं में रखा गया था। 100 ग्राम/वर्ग मीटर वजन वाले *अगारोफाइटन टेनुइस्टिपिटाटम* के अंकुर नेट बैग के निचले भाग में समान रूप से वितरित किया गया है। यह देखा गया कि पालन की शुरुआत में लवणता लगभग 17.80±1.21 पीपीटी है और पालन के अंत में बढ़कर 21±0.45 हो गई है। पालन के प्रारंभिक दिन की तुलना में पालन के अंतिम दिन में पोषक तत्वों की मात्रा कम देखी गई। विशिष्ट वृद्धि दर के लिए समुद्री शैवाल का वजन का विश्लेषण किया गया और परिणाम से पता चला कि 30 दिनों की अवधि के बाद हापाओं में एसजीआर 2.892±0.16% डी-1 पाया गया, समुद्री शैवाल प्रारंभिक स्टॉक मात्रा से औसतन चार गुना

जलीय गुणवत्ता	पालन के प्रारम्भिक दिन	पालन का अंतिम दिन
जलीय तापमान (°C)	30.01±0.48	29.98±0.55
लवणता	17.80±1.21	21.00±0.45
घुलित आक्सीजन (mg L^{-1})	8.97±0.25	8.63±0.77
पीएच	8.15±0.24	8.02±0.03
गदलापन (NTU)	27.07±0.57	8.20±2.03
NO_2-N (mg L^{-1})	0.028±0.012	0.020±0.002
NO_3-N (mg L^{-1})	0.107±0.082	0.053±0.006
NH_4-N (mg L^{-1})	0.132±0.047	0.045±0.021
PO_4-P (mg L^{-1})	0.197±0.009	0.091±0.010

तालिका 1. अध्ययन क्षेत्र में जलीय गुणवत्ता पैरामीटर।

चित्र 17. चेंगलपट् जिले के कोलाथुर में समुद्री शैवाल की हापाओं में खेती

पाया गया, अप-स्केलिंग और लाभार्थियों के लाभ के लिए समुद्री शैवाल के विपणन का समर्थन किया गया है।

थोनिरेवु गांव, पुलिकट, तमिलनाडु में एफआरपी-एचडीपीई हाइब्रिड पिंजरे में रेड स्नैपर पालन

स्नैपर पालन को थोनिरेवु गांव के अनुसूचित जाति लाभार्थियों द्वारा वैकल्पिक रोजगार और अतिरिक्त आजीविका आय सृजन गतिविधि के रूप में अपनाया गया था। कुल 12 अनुसूचित जाति के लाभार्थियों का चयन किया गया। 6 मीटर व्यास वाले दो एफआरपी-एचडीपीई हाइब्रिड पिंजरे बनाए गए और तट से 200 मीटर की दूरी पर थोनिरेवु गांव में खारे पानी की खाड़ी में स्थापित किए गए। प्रत्येक पिंजरे में 60-100 ग्राम आकार की लगभग 450 संख्या में स्नैपर की उन्नत अंगुलिकाएं रखे गए थे। मछलियों को 40% प्रोटीन सामग्री वाले वाणिज्यिक पेलेट फ़ीड दिन में दो बार खिलाया जा रहा था। लाभार्थियों को शुरू में संस्थान के मछली पालन विशेषज्ञों द्वारा रेड स्नैपर के पिंजरे में पालन के बारे में आवश्यक वैज्ञानिक जानकारी के साथ प्रशिक्षित किया गया था। शुरुआत में गतिविधि को बढ़ावा देने और पहली निरूपण फसल में लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए सीबा द्वारा पिंजरे, स्नैपर की अंगुलिकाएं और चारा दिया गया था। परियोजना टीम की देखरेख में लाभार्थियों द्वारा मासिक विकास निगरानी की जा रही है।

पर्यावरण-आधारित जलीय कृषि के लिए झींगों की बायोफ्लॉक आधारित ग्रो-आउट पालन

झींगा पालन समुदाय के कल्याण के लिए संस्थान द्वारा किसान-अनुकूल प्रौद्योगिकियाँ विकसित की गईं। मुत्तुकाडु में पर्यावरण आधारित झींगा जलीय कृषि के लिए लगभग 5 लाभार्थी अनुसूचित जाति परिवारों का चयन किया गया था। संस्थान के कोवलम प्रायोगिक स्टेशन की नर्सरी इकाइयों में बायोफ्लॉक नर्सरी में पालित *पीनियस*

चित्र: 18. हापाओं में खेती और अगारोफाइटन टेनुइस्टिपिटाटम का संग्रह

चित्र 19. मछली पालन के लिए थोनिरेवु गांव में खारे पानी की खाड़ी में स्थापित किए गए एफआरपी-एचडीपीई हाइब्रिड पिंजरे।

वन्नामेय (0.7-1 ग्राम) को मुत्तुकाडु में ग्रो-आउट तालाबों में 40 नग प्रति वर्ग मीटर की दर से संग्रहीत किया गया था। 3 महीने के ग्रो-आउट पालन के अंत में *पी. वन्नामेय* से 8 टन प्रति हेक्टेयर तक की उत्पादकता के साथ औसत शारीरिक वजन 25 ग्राम प्राप्त किया गया। उतराई से प्राप्त 40 काउन्ट आकार के झींगों को ₹350 प्रति किलोग्राम की दर से बेचा गया और उत्पन्न आय लाभार्थियों के बीच वितरित की गई।

चित्र 20. एससीएसपी योजना के तहत मुत्तुकाडु में उपमहानिदेशक (मत्स्य पालन), आईसीएआर और निदेशक सीबा की उपस्थिति में झींगों की उतराई।

जागरूकता बैठकें एवं प्रशिक्षण

चित्र 21. 29 अप्रैल 2022 को आईसीएआर-सीबा के मुत्तुकाडु प्रायोगिक स्टेशन पर कोपेफ्लॉक आधारित झींगा खेती के प्रदर्शन पर एक फसल-सह-क्षेत्र दिवस

चित्र 22. एससीएसपी योजना के तहत 23.07.2022 को तमिलनाडु के तिरुवल्लुर जिले के पुलिकट, थोनिरेवु गांव में 'गैर-पारंपरिक एक्वाकल्चर सिस्टम' पर राष्ट्रीय अभियान।

चित्र 23. 26.09.2022 को 'खारे पानी में होमस्टेड मिक्सोट्रोफिक पालन प्रणाली' पर जागरूकता कार्यक्रम

चित्र 24. 14 जून 2022 को कोवलम प्रायोगिक स्टेशन पर 'बायोफ्लॉक आधारित उच्च घनत्व नर्सरी और ग्रो-आउट खेती' पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला

चित्र 25. 30 सितंबर 2022 को तमिलनाडु में तिरुवल्लुर जिले के पुलिकट क्षेत्र में अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए कृषि आधारित प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकृत 'खारे पानी की जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों के माध्यम से तटीय समूहों के बीच आजीविका का विविधीकरण'।

चित्र 26. आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में एससीएसपी योजना के तहत 12.08.2022 को तमिलनाडु के चेंगलपट् जिले के पट्टीपुलम गांव में 'हर घर तिरंगा' अभियान।

अनुसूचित जनजाति घटक (एसटीसी)

अनुसूचित जनजाति घटक (एसटीसी) के तहत, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आयोजित निरूपणों (170 लाभार्थी), प्रशिक्षण (130 लाभार्थी); और जागरूकता शिविरों (835 लाभार्थियों) ने जनजातीय समुदायों के लिए आजीविका उत्थान और आय सृजन ₹0.3 लाख से ₹11.39 लाख तक किया। जनजातीय लाभार्थी अपनी आजीविका सहायता के लिए निरूपणों/ प्रौद्योगिकियों को जारी रख रहे हैं। दक्षिण गुजरात में सीबा के एसटीसी हस्तक्षेपों में भागीदारी के माध्यम से जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में प्रगतिशील परिवर्तनों का पता लगाने के लिए एक प्रभाव विश्लेषण किया गया था।

कृषि आधारित मॉडल के साथ एकीकृत सामुदायिक मछली पालन, कट्र और कुलथुमेदु जनजातीय गाँव, पुलिकैट, तमिलनाडु

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में पुलिकैट झील राज्य का सबसे समृद्ध खारा जल संसाधन है। तटीय जनजातीय समुदायों के आजीविका विकास के लिए इस संसाधन का उपयोग करने के लिए, आईसीएआर-सीबा ने तिरुवल्लुर जिले के लक्ष्मीपुरम जनजातीय नगर (12 परिवार), कट्र गांव, मिंजूर ब्लॉक और कुलथुमेदु गांव (20 परिवार), पुलिकैट, तमिलनाडु से 32 जनजातीय परिवारों को गोद लिया है। तालाबों और पेन (बाड़ों) में मिल्कफिश पालन के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण के बाद निरूपण इकाइयाँ स्थापित की गईं; हापाओं में सीबास नर्सरी पालन; पिंजरों में सीबास पालन; इन जनजातीय लाभार्थियों की आय के स्तर को बढ़ाने के लिए पेन, ज्वार आधारित तालाब और बक्सों में केकड़ा पालन को मुर्गीपालन, टैरेस आधारित सब्जी बागवानी के साथ एकीकृत किया गया है। ज्वार आधारित तालाब (40 x 60 फीट) और तीन पेन (10 x 15 फीट) में 640-660 ग्राम आकार के पानी के केकड़े संग्रहीत किए गए थे। केकड़ों को शारीरिक वजन के 5% से 10% की दर से दिन में दो बार मोलस्कैन मांस या ट्रैश फिश खिलाया जाता था। निरूपण के दौरान पानी की लवणता 10 से 34 पीपीटी

चित्र 27 – तमिलनाडु, पुलिकैट के कट्र में पेन में केकड़ा पालन

चित्र 28 - तमिलनाडु, पुलिकैट के कट्टर में कुक्कुट एवं बत्तख पालन के लाभार्थी

चित्र 29 - तमिलनाडु, पुलिकैट के कट्टर में सीबास मछलियों का हापाओं में नर्ससी पालन और तैरते पिंजरों में प्री-ग्रो आउट पालन

चित्र 30 - तमिलनाडु, पुलिकैट के कुलथुमेडु में कीचड़ केकड़ों का हार्वेस्ट मेला

चित्र 31 - तमिलनाडु, पुलिकैट के कट्टर में लाभार्थियों को लाभ बंटवारे की राशि का सौंपना

और तापमान 23-30°C के बीच था। संग्रहण के 30 दिनों के बाद, तालाब में स्थापित पेन एवं बक्सों से कुल 73.3 किलोग्राम और 70 किलोग्राम सख्त केकड़े निकाले गए। केकड़ा पालन, सीबास अंगुलिकाओं, मुर्गी पालन और अंडों की बिक्री से उन्हें ₹1,40,000 की आय हुई और इसे अपने बैंक खाते में जमा किया और समूह के सदस्यों के बीच साझा किया गया। आकलन से पता चलता है कि ये प्रौद्योगिकियां उनकी आजीविका में सुधार के लिए तकनीकी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य हैं। इससे मछुआरों के बीच खारे पानी के संसाधनों के मूल्य और उनके संरक्षण और टिकाऊ उपयोग की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा हुई है। लीन सीजन के दौरान उनके पास वैकल्पिक आजीविका का अवसर था। निकटवर्ती केकड़ा बाज़ारों के साथ विपणन संबंध बनाए गए हैं।

तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के कोवलम में कीचड़ केकड़ों के पालन का अग्रपंक्ति निरूपण

तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के कोवलम प्रायोगिक स्टेशन (केईएस) में बारह जनजातीय किसानों के लिए बक्सों और तालाब में कीचड़ केकड़ों के पालन की सम्भावना दर्शाने के लिए अग्रपंक्ति निरूपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दो सौ कीचड़ केकड़ों (वजन 123-213 ग्राम) को तैरते बक्सों और तालाब में रखे गए थे। 104 दिनों के पालन के बाद, केकड़ों ने 57% उत्तरजीविता दर के साथ 350-1,047 ग्राम वजन प्राप्त किया। केकड़ों की खेती से, उन्हें ₹38,000 की आय हुई और समूह के सदस्यों के बीच साझा की गई। इससे जनजातीय लोगों में खारे पानी के संसाधनों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा हुई है।

विश्रामपुर, पालघर, महाराष्ट्र के जनजातीय समुदायों के लिए वैकल्पिक आजीविका विकास के रूप में खाड़ी में स्थापित कम परिमाण वाले पिंजरों में सीबास और पर्लस्पॉट का पालन

